फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 328 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 30 जून , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com




**Failure Is Gradual and Then Sudden!** Like businesses, many other human endeavours can go wrong following this gradually-then-suddenly trajectory.

**Universe Has a Background 'Hum'**

**Diona: Watering Hole To Cool** Large-scale motion of everything in the universe



*जैन्टू पैनग्विन विश्व की सबसे ज्यादा तेज गति से तैरने वाली चिड़िया है। हाल ही में जर्नल ''फिज़िक्स ऑफ फ्लूइड्स'' में छपे एक शोध में जैन्टू पैनग्विन की इस क्षमता का पता चला है और वैज्ञानिकों का कहना है कि इस जानकारी से अत्याधुनिक अक्वैटिक वाहनों के विकास में मदद मिल सकती है। चाइनीज़ अकैडमी ऑफ साईन्सेज़ तथा किंग मोंगकूट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलोजी लदक्राबांग के वैज्ञानिकों ने जैन्टू पैनग्विन की रफ्तार में निहित भौतिक विज्ञान को स्पष्ट किया। जैन्टू पैनग्विन को प्रकृति की इंजीनियरिंग का करिश्मा भी कहा जाता है। फ्लिपर्स की तरह दिखने वाले इनके पंखों की तुलना हवाई जहाज के पंखों से की जाती है जिन्होंने पानी के अंदर के जीवन के साथ अनुकूलन कर लिया है। आसमान में उड़ने वाले पक्षियों के बड़े व लम्बे पंखों के विपरीत जैन्टू पैनग्विन के पंख छोटे व चपटे होते हैं, जिन पर शल्क नुमा छोटे-छोटे पंख होते हैं। इस यूनीक डिज़ाइन के कारण पानी के अंदर इनकी तैरने की कुशलता इतनी उच्च स्तर की होती है। पानी के अंदर पैनग्विन की निपुणता उसके पंखों की बनवाट पर निर्भर है। घने एवं छोटे आकार के परों की वजह से पैनग्विन की त्वचा व पानी के बीच हवा की परत बन जाती है जिससे घर्षण और विक्षोम कम हो जाता है। बिना किसी बाधा के हिलने वाले पंखों के कारण पैनग्विन को पानी दूर धकेलने में तथा जमीन पर संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। शोध के सहलेखक प्रासर्ट प्रापामॉन्थन ने कहा, हमारी रिसर्च टीम हमेशा से उन जीवों के बारे में जिज्ञासू थी जो मानव के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। उन्होंने एक ''हायड्रोडायनैमिक'' मॉडल बनाकर पैनग्विन के अक्वैटिक करतबों का अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि, शोध के नतीजों से नए अत्याधुनिक जलीय वाहन बनाने में मदद मिल सकती है।*

# गहलोत के पैर में चोट लगना, असावधानी की निशानी या सावधानी से उठाया गया कदम?

## जानकार सूत्रों का कहना है कि, दिल्ली ने मु.मंत्री से साफ कह दिया है कि, ''पावर शेयर'' करने का समय आ गया है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। राजस्थान कांग्रेस में निरंतर जारी विवाद में एक नया ट्विस्ट आया है: मुख्यमंत्री अशोक गहलोत फिलहाल ''आउट ऑफ एक्शन'' हो गए हैं।

राजस्थान को लेकर मीटिंग 3 जुलाई को होनी है, ऐसे में अधिक संभावना यही है कि, मीटिंग के लिए अशोक गहलोत दिल्ली नहीं आ पाएंगे। उनको चोट लगी है तथा पैर की उँगली टूटने के कारण एक पैर में प्लास्टर है साथ ही दूसरा पैर भी आहत है। डॉक्टर ने उन्हें पैर नहीं हिलाने और कम्पलीट रैस्ट की सलाह दी है।

जानकार सूत्रों का कहना है कि, दिल्ली ने अशोक गहलोत से साफ कह दिया है कि ''पावर शेयर'' करने का समय आ गया है।

लेकिन, एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, अशोक गहलोत के साथ मुख्य मुद्दा अहम् का है, क्योंकि वे सचिन पायलट की माँगों के आगे झुकना नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- पर क्या हर बार की तरह इस बार भी गहलोत येन-केन-प्रकारेण, दिल्ली जाना टाल जायेंगे?
- इस बार यह मुश्किल लगता है, क्योंकि, इस ''पावर शेयरिंग'' के नारे के तहत, छत्तीसगढ़ के मु.मंत्री बघेल को भी कड़वाहट पीकर, टी.एस. सिंहदेव को उप मु.मंत्री के पद पर की गई नियुक्ति स्वीकार करनी पड़ी। नियुक्ति की खबर कांग्रेसाध्यक्ष ने दिल्ली से प्रसारित करवायी।
- पर, छत्तीसगढ़ के मामले में एक बात शुरू से फर्क है। छत्तीसगढ़ में मु.मंत्री बघेल व उनको चुनौती देने वाले सिंहदेव के संबंध कभी इतने कटु नहीं हुए थे, जैसे गहलोत के पायलट से हैं तथा पायलट के लिए मु.मंत्री ने कई बार बहुत भद्दे शब्द इस्तेमाल किये हैं। अतः गहलोत के लिये अब कड़वा घूंट पीना इतना आसान नहीं है।
- दूसरी उल्लेखनीय बात यह भी है कि, छत्तीसगढ़ के मु.मंत्री को कड़वा घूंट इसलिये भी स्वीकार करना पड़ा, क्योंकि अब उनकी यह धमकी काम नहीं आई कि, विधायक बगावत कर देंगे। चूंकि चुनाव सिर पर हैं और टिकट बांटना अन्ततोगत्वा कांग्रेसाध्यक्ष की जिम्मेवारी होती है और कांग्रेसाध्यक्ष द्वारा की गई नियुक्ति का विरोध कर, और बगावत कर कोई भी विधायक अपने टिकट पाने की संभावना को पूर्ण जोखिम में नहीं डालना चाहेगा।

## मुख्य सचिव का कार्यकाल बढ़ा

जयपुर, 29 जून (का.सं.)। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डी.ओ.पी.टी.) ने मुख्य सचिव उषा शर्मा का कार्यकाल छह माह के लिये आगे बढ़ा दिया गया है।

शर्मा का रिटायरमेंट 30 जून को होना था, लेकिन अब 31 दिसंबर तक कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। उन्हें 31 जनवरी 2022 को मुख्य सचिव पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वे करीब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- ज्ञातव्य है कि, ऊषा शर्मा 30 जून को रिटायर होने वाली थीं।




# सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिये मीडिया ''इन्फ्लुएन्सर्स'' को ठेका देगी सरकार

## केन्द्रीय सरकार के आई.टी. विभाग ने यह ठेका देने के लिये निविदा जारी की है

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले अपने डिजिटल मीडिया प्रचार को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आई.टी. मंत्रालय ने स्वतंत्र एजेन्सी को नियुक्त करने की प्रक्रिया को शुरु कर दिया है। यह एजेन्सी विभिन्न मंत्रालयों की उपलब्धियों का प्रचार करने के लिये सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों की सेवाएं लेगी।

मंत्रालय ऐसी एजेन्सी को नियुक्ति के लिये टेंडर जारी कर चुका है जो सरकार तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के बीच सेतु का कार्य करेंगी।

केन्द्र सरकार की ''माय गव'' परियोजना डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन का एक हिस्सा है। मंत्रालय की यह शुरुआत इस परियोजना की पहुंच को बढ़ाने पर केंद्रित है। यह परियोजना 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में सक्रिय है तथा फेसबुक, यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम, कू, बोलो इंडिया तथा मित्रों जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद है।

जैसा कि सरकार को समझ आ गया लगता है, पारम्परिक मीडिया (टेलीविज़न चैनल्स तथा समाचार पत्र) असंगत होने जा रहे हैं। बड़े तौर पर इसका कारण गत नौ सालों में ''गोदी मीडिया'' कहे जाने वाले मीडिया का विश्वसनीयता खो देना है। विशेष रूप से टेलीविज़न मीडिया की विश्वसनीयता को चोट पहुंचने से सरकार प्रत्यक्षतः स्वतंत्र हास्य कलाकारों, भजन गायकों, ब्लॉगर्स, नर्तकों तथा ऐसे इन्फ्लुएंसर्स को जोड़ना चाहती है जिनके यू-ट्यूब पर पर्याप्त फॉलोअर्स हैं। गत महीनों में केन्द्रीय मंत्रियों सहित भाजपा के नेता अमित भंडाना और रणवीर इलाहबादी जैसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- ये ''इन्फ्लुएन्सर्स'' फेसबुक, यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम, कू, बोलो इंडिया व मित्रों प्लेटफॉर्म्स पर सरकार की उपलब्धियां पेश करेंगे।
- सरकार का मानना है, परम्परागत मैसेज प्रसार के साधन, टी.वी. व समाचार पत्रों की विश्वसनीयता कम हो गयी है और इन प्लेटफॉर्म पर दिये गये विज्ञापनों का ज्यादा असर नहीं हो रहा है। यह विशेषकर, टी.वी. पर लागू होता है, विशेषज्ञों के अनुसार।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावना?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां अपने आवास पर देर रात गृह मंत्री अमित शाह और भाषणा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ लंबी उच्च स्तरीय बैठक की। इसके केन्द्रीय मंत्रिमण्डल और भाजपा संगठन में फेरबदल और उन राज्यों में बदलाव किये जाने संबंधी अनुमानों को बल मिला जहाँ इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

ऐसे भी अनुमान लगाएं जा रहे हैं कि भाजपा केरल में राह बनाने के लिये जितनी उत्सुक है, उसे देखते हुए मलयालम फिल्मों के सुपर स्टार सुरेश गोपी को मंत्री पद मिल सकता है।

जुलाई के तीसरे सप्ताह में संभावित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- दिल्ली के राजनैतिक हलकों में केन्द्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की चर्चा इसलिए जोरों पर है, क्योंकि, प्र.मंत्री मोदी ने गुरुवार को गृह मंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से लम्बी चर्चा की थी।

# राज्यपाल ने जेल भेजे गये मंत्री को मंत्रिमण्डल से बर्खास्त किया

## राज्य के मु.मंत्री ने कहा कि, मंत्री पद से बर्खास्त करने का कोई अधिकार नहीं है राज्यपाल को

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। चेन्नई में केन्द्र और राज्य का झगड़ा बढ़ता ही जा रहा है क्योंकि तमिलनाडू के राज्यपाल आर.एन. रवि ने राज्य के मंत्री सैंथिल बालाजी को बर्खास्त कर दिया है जो कि मनी लॉंडरिंग के केस में न्यायिक हिरासत में हैं। मंत्री को 14 जून को ई.डी. ने हिरासत में लिया था। गिरफ्तारी के थोड़ी देर में ही उनके सीने में दर्द होने लगा और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया वहां डॉक्टर्स ने उनकी सर्जरी की सलाह दी। वे तब से ही अस्पताल में हैं पर अदालत ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी है।

राज्यपाल लगातार इसी बात पर जोर दे रहे थे कि मंत्री को हटाया जाए लेकिन मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने ऐसा करने से मना कर दिया और उन्हें बिना विभाग का मंत्री बनाए रखा। गुरूवार राज्यपाल ने राजभवन से एक बयान जारी कर मंत्री को बर्खास्त करने की घोषणा कर दी। इस तरह का निर्णय लम्बे समय बाद लिया गया है।

बयान में कहा गया है कि मंत्री थिरू वी. सैंथिल बालाजी पर भ्रष्टाचार के कई मामलों में अपराधिक कार्यवाही चल रही है, जिनमें नौकरी के बदले पैसे लेने और मनी लॉंडरिंग के आरोप हैं।

''मंत्री के रूप में अपने पद का दुरूपयोग करते हुए वे जांच को प्रभावित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- तमिलनाडू के मु.मंत्री ने इस बर्खास्तगी के मुद्दे को गैर कानूनी बताते हुए हाई कोर्ट की शरण में जाने का निर्णय लिया।
- राज्यपाल ने अपने बर्खास्तगी के आदेश के पक्ष में तर्क दिया कि, ई.डी. ने मंत्री को नौकरी देने के एवज में रिश्वत लेने के भ्रष्टाचार के मामले में हिरासत में लेने का प्रयास किया था, क्योंकि गवर्नर के अनुसार पद पर रहते हुए, मंत्री जांच को प्रभावित कर सकते थे।
- मु.मंत्री ने उन्हें बिना विभाग का मंत्री बना दिया, क्योंकि, मंत्री महोदय ने अस्पताल में भर्ती होकर हार्ट की बाइपास सर्जरी की सिफारिश करा ली थी डॉक्टरों से।
- कुछ ऐसा ही मामला पड़ोसी राज्य केरल में हुआ था, जब राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने केरल के राज्य वित्त मंत्री को बर्खास्त कर दिया था, पर, उन्हें फिर अपना निर्णय वापस लेना पड़ा था।

## ''अजमेर 92'' फिल्म पर रोक के लिए याचिका दायर

जयपुर, 29 जून (का.सं.)। अजमेर में स्कूल और कॉलेज जाने वाली दर्जनों लड़कियों के साथ हुए दुष्कर्म को लेकर बनाई गई फिल्म ''अजमेर 92'' के प्रदर्शन पर रोक लगाने को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई है।

- राजस्थान हाई कोर्ट में अंजुमन मोइनिया ख्वाजा साहब दरगाह शरीफ की ओर से याचिका दायर की गई और 14 जुलाई को सिनेमाघरों व ओ.टी.टी. पर हो रहे फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की गई है।

अंजुमन मोइनिया, फखरिया चिश्तिया खुद्दाम ख्वाजा साहब, दरगाह शरीफ की ओर से दायर इस याचिका पर हाई कोर्ट आगामी दिनों में सुनवाई करेगा।

याचिका में अधिवक्ता अजय सिंह ने कहा है कि, फिल्म के ट्रेलर में घटना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी की ''ज़िद'' व प्र.मंत्री की चुप्पी का क्या कारण है?

## जब राहुल के कारों के कारवां को मणिपुर के सबसे अशांत क्षेत्र में जाने से रोका गया और भाजपा के गृह मंत्री के अलावा कोई और नेता मणिपुर नहीं जा रहा, तो कई सवाल उठना स्वाभाविक ही है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। विगत 3 मई से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर के लोगों तक पहुंचने की राहुल गांधी की इच्छा तब पूरी हुई जब उन्हें सर्वाधिक प्रभावित जिलों में से एक चूड़चंदपुर जाने के लिए हैलीकॉप्टर लेना पड़ा। क्योंकि उनका सड़क से जा रहा कारवां राज्य पुलिस ने कथित सुरक्षा कारणों से रोक दिया।

राहुल गांधी की यात्रा सत्तारूढ़ भाजपा के एकदम विपरीत है जिसके गृह मंत्री अमित शाह, जो 29 मई की तीन दिवसीय यात्रा के लिए मणिपुर गए थे, के अलावा साम्प्रदायिक आग में झुलस रहे इस राज्य में कोई नहीं गया। व्यर्थ बातों के लिए सोशल मीडिया पर आने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर की त्रासदी पर पूरी चुप्पी साध रखी है, जबकि वहां डबल इंजन सरकार है।

मणिपुर 3 मई से जल रहा है। राज्य के राजधानी इम्फाल घाटी के आसपास रहने वाले मैती और पहाड़ों में रहने मैती और पहाड़ों में रहने वाले कुकी समुदायों के बीच चल रहे टकराव में 110 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

पहले कांग्रेस ने मांग की थी कि हिंसा प्रभावित मणिपुर में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को जाने दिया जाय जो स्थिति का अध्ययन कर और लोगों से बातचीत कर इस उत्तर पूर्वी राज्य में चल रही समस्या का समाधान खोजें।

समस्याग्रस्त मणिपुर से कम से कम तीन राजनैतिक प्रतिनिधिमंडल, दो भाजपा और एक राज्य कांग्रेस से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने में असफल रहे हैं हालांकि वे कुछ दिनों से राजधानी में डेरा डाले हुए हैं।

आज पहले राहुल गांधी के कारवां को चूड़चन्द्रपुर जाते समय पुलिस ने रोका जो राज्य में सर्वाधिक हिंसा ग्रसित इलाकों में है। कांग्रेस नेता राज्य की दो दिवसीय यात्रा पर है।

पुलिस ने कहा कि राहुल गांधी का कारवां इम्फाल से 20 किलोमीटर पहले बिष्णुपुर में सुरक्षा कारणों से रोका गया। कांग्रेस नेता वापस इम्फाल गए और वहां से हैलीकॉप्टर से जाएंगे।

अधिकारियों ने कहा कि यह कदम इसलिए उठाया गया क्योंकि राहुल गांधी जिस रास्ते पर यात्रा कर रहे थे उस पर बहुत सी महिला प्रदर्शनकारी थीं।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति का डर है इसलिए हमने कारवां को बिष्णुपुर में रोकने की प्रार्थना की।

लेकिन कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि, महिलाएं राहुल गांधी को रोकने के कारण पुलिस के विरोध में प्रदर्शन कर रही थीं और वे चाहती थीं कि राहुल चड़चंदपुर तथा उनके गांव का दौरा करे।

एक प्रदर्शनकारी महिला ने पूछा, ''वे मणिपुर आए हैं देखने के लिए कि लोगों पर क्या बीत रही है। वे यहां राजनीति करने नहीं आए हैं। उनका रास्ता क्यों रोका जा रहा है।''

मई में दंगे शुरू होने के बाद राज्य में करीब 300 राहत शिविरों में लगभग 50,000 लोग रह रहे हैं। मणिपुर में दंगे तब आरंभ हुए, जब अनुसूचित जनजाति की मांग पर मेइती समुदाय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- प्रदेश की सरकार ने कहा कि, अगर राहुल को सड़क मार्ग से अपने काफिले के साथ जाने की अनुमति दे दी जाती तो, इससे एक ''प्रिसिडैंस' (उदाहरण) स्थापित हो जाता, जो शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये ठीक नहीं होता।
- कांग्रेस के अनुसार प्रदर्शनकारी महिलाएं इसलिये उत्तेजित थीं कि, राहुल अशांत क्षेत्र के लोगों से केवल बात करने आ रहे थे, अतः उन्हें रोकना अनुचित था।
- भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा का आरोप था कि, राहुल गैर जिम्मेदाराना तरीके से केवल राजनीति करने आये थे, अतः उन्हें रोकना जरूरी था। इस तर्क से वे प्र.मंत्री मोदी की चुप्पी को जिम्मेवार निर्णय मानते हैं। पात्रा के अनुसार दंगा पीड़ितों को ठण्डे छांटे देना ज्यादा जरूरी है राजनीति करना नहीं।

## विपक्ष का अगला महासम्मेलन बेंगलुरू में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। गुरुवार को नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के प्रमुख शरद पवार ने घोषणा की कि विपक्ष की आगामी बैठक 13 व 14 जुलाई को बैंगलुरु में होगी। एन.सी.पी. प्रमुख ने जोर देकर यह भी कहा कि पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेचैन हो गए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- पहले चर्चा थी कि, पटना के बाद अगली बैठक शिमला में होगी पर खराब मौसम के कारण शिमला को कैंसिल कर दिया गया, फिर जयपुर का नाम भी जोरों पर चला, अंततः बेंगलुरू में 13 व 14 जुलाई को बैठक होना तय हुआ है।

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# संविधान लागू हुये 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं फिर भी राज्य और ''हम लोग'' उसकी अवज्ञा कर रहे हैं।

स्वतंत्रता की लडाई से हम लोगों को जो वरदान (अधिकार) मिला वह अनमोल था। उसने 'हम लोगों' को उनकी रूचि के अनुसार संविधान बनाने का अधिकार दिया जो उनके Ethos Je Aspiration के अनुरूप हो। देश के लोगों के प्रतिनिधि संविधान का ड्राफ्ट बनायेंगे। भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न राष्ट्र बनायेंगे। इस हेतु विधानसभा का सत्र बुलाया गया। इसका रोल Constituent व Legislative असेम्बली का था।

विषय की गम्भीरता के अनुसार ही असेम्बली के प्रेसीडेण्ट ने एक एडवाईजरी कमेटी बनाई और रेफरेन्स के टर्म घोषित किये। कमेटी ने सुझाव दिया कि विधान Federal होगा तथा केन्द्र मजबूत होगा। बाद में संविधान बनाने के लिए एक ड्राफ्ट कमेटी बनाई गई। ड्राफ्ट कमेटी ने भारत के संविधान का ड्राफ्ट बनाया। एक एक शब्द पर बहस हुई थी। ड्राफ्ट कमेटी ने जो संविधान का ड्राफ्ट तैयार किया उसमें 315 अनुच्छेद व 8 अनुसूचियां थीं। ड्राफ्ट पर क्लॉज वाईज बहस भी हुई थी और अंतिम रूप से यह संविधान बना उसमें 395 अनुच्छेद 8 सूचियां थीं। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया। प्रारूपण समिति ने सभापति डा. अम्बेडकर ने 25/26 नवमबर 1949 को निम्नलिखित सावधानी के शब्द कहे थे और लगभग यही विचार संविधान सभा के अध्यक्ष डा. राजेन्द्र प्रसाद ने कहे थे। वे इस प्रकार थे:–

''मैं महसूस करता हूँ कि संविधान चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि वे लोग जिन्हें संविधान को अमल में लाने का काम सौपा जाये, खराब निकले तो निश्चित रूप से संविधान खराब सिद्ध होगा, किन्तु दूसरी ओर संविधान कितना ही खराब क्यों न हो वे लोग जिन्हें संविधान को अमल में लाने का काम सौपा जाये अच्छे हों तो संविधान अच्छा सिद्ध होगा''।

संविधान को देश हित में तथा लोगों के सुनहरे सपने पूरे करने के उद्देश्य से कई बार संशोधन करना पडा है। संशोधन में 125 के लगभग संविधान संशोधन विधेयक पारित हो चुके हैं।

हम लोंगों ने नीति निदेशक तत्वों को सही रूप से आज तक नहीं समझा। देश ने तरक्की की, किन्तु कई विषयों को संविधान को, संविधान निर्माताओं की भावना के अनुरूप क्रियान्वित नहीं किया। हमारा आचरण सुधार वादी न होकर Retrogate (पश्चगामी कदम) रहा है।

इस लेख में उदाहरण के तौर पर यह लिखने का प्रयास किया है कि प्रतिगामी कदम के कारण हम उन्नति में पीछ रह गये। हम लोगों के सपने पूरे नहीं हुये। काश, यदि हम संविधान की अक्षर अक्षर पालना करते तो देश बहुत ऊँचाईयों तक पहुंच चुका होता। हम लोगा दुनियां के बॉस होते। इस लेख में केवल कुछ मामलों का उल्लेख है:–

शिक्षा : अनुच्छेद 45 में यह व्यवस्था दिनांक 26.1.1950 को इस प्रकार थी, **The State shall endeavour to provide, within a period of ten year from the commencement of this Constitution, for free and compulsory education for all children until they complete the age of foursteen years.**

अनुच्छेद 45 Constitution 97 Amendment Act 2011 से लागू हुआ। पुराने अनुच्छेद 45 को संशोधन एक्ट के द्वारा दो भागों में बांट दिया गया। अनुच्छेद 45 व अनुच्छेद 21ए वे इस प्रकार हैं:–

अनुच्छेद 21ए : शिक्षा का अधिकार – राज्य 6 वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले सभी बालकों के लिये निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का ऐसी रीति में, जो राज्य विधि द्वारा, अवधारित करे, उपबन्ध करेगा।

अनुच्छेद 45 : राज्य सभी बालकों के लिये छः वर्ष की आयु पूरी करने तक, प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखरेख (Care) और शिक्षा देने के लिये उपबन्ध करने का प्रयास करेगा।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि संविधान के लागू होने के समय अनुच्छेद 45 के अनुसार यह व्यवस्था थी कि राज्य संविधान लागू होने से 10 वर्ष की अवधि में सभी बालकों को निःशुल्क व अनिवार्य एजूकेशन उनकी आयु 14 वर्ष तक पूरी होने तक प्रदान करेगा। उसके स्थान पर अनुच्छेद 45 में नई व्यवस्था के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा का उपबंध उन बालकों को देगा जिन्होंने आयु 6 वर्ष पूरी कर ली है। अनुच्छेद 21ए के अनुसार राज्य 6 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु वाले सभी बालकों के लिये निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा देने का ऐसी रीति में राज्य विधि द्वारा अवधारित कर उपबन्ध करेगा।

**संविधान सभा ने अनुच्छेद 44 को संविधान का एक भाग बनाया है और देश ने इसे अंगीकृत किया है अतः किसी भी नागरिक को यह कहने का अधिकार नहीं है कि वह समान नागरिक संहिता का विरोध करता है। उनके धर्म के विरूद्ध है। राज्य को संविधान के अनुच्छेद 44 से हटाने का अधिकार नहीं है।**

उपरोक्त व्याख्या के अनुसार Free व Compulsory शिक्षा अनुच्छेद 45 के अनुसार 14 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा संविधान लागू होने के 10 वर्ष की अवधि में पूरी हो जानी थी, किन्तु देश की इस पीढी को शिक्षित नहीं बनाया गया। 26.01.1960 तक कोई भी बालक/बालिका अशिक्षित नहीं रहते और बिना पढे–लिखे अनेक सांसद व विधायक कानून नहीं बनाते।

उपरोक्त वर्तमान व्यवस्था के अनुसार 6 वर्ष से कम के बालक/बालिकाओं शिक्षा का मूल अधिकार ही नहीं है। शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के अनुसार 6 वर्ष के बच्चों के लिये पर्याप्त स्कूल नहीं है। प्राइवेट स्कूल में Compulsory शिक्षा उन विद्यार्थियों की दी जाती है जो आर्थिक रूप अथवा अन्य प्रकार से कमजोर हैं। राज्य को अपने स्कूल में जो खर्चा आता है, वह प्राइवेट स्कूलों को देना होता है। शिक्षा का मौलिक अधिकार 6 से 14 वर्ष के बालकों को है। अनुच्छेद 45 में 6 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिये प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखरेख का दायित्व राज्य सरकार का है, किन्तु इस हेतु उवित व्यवस्था नहीं है। इस प्रकार राज्य संविधान की अवज्ञा कर रहा है। सरकार Free व Compulsory Education व Care का सही अर्थ नहीं समझ रही है। अनुच्छेद 13 of ICESCR] अनुच्छेद 26(2) UDHR घोषणा करता है कि Education shall be directed to the full development of human personality. Every one has the right to education, education shall be free at least in the elementary and fundamental stage. Elementary education shall be compulsory. Technical and Professional education shall generally be available and higher education shall be equally accessible to all on the basis of merit.

समान सिविल संहिता – इसे लागू करने का दायित्व राज्य का है। संविधान सभा ने अनुच्छेद 44 को संविधान का एक भाग बनाया है और देश ने इसे अंगीकृत किया है अत: किसी भी नागरिक को यह कहने का अधिकार नहीं है कि वह समान नागरिक संहिता का विरोध करता है। उनके धर्म के विरूद्ध है। राज्य को संविधान के अनुच्छेद 44 से हटाने का अधिकार नहीं है। संविधान का यह अभिन्न अंग है, इस कारण संशोधन भी नहीं किया जा सकता।

शराबबंदी: अनुच्छेद 47 में शराबबंदी की बात की है। हमारा देश कल्याणकारी राज्य है। शराब की आय से कल्याणकारी राज्य का संचालन नहीं हो सकता यह अनैतिक है। चूंकि शराब पीना सब पापों की जड़ है। अनुच्छेद 47 को संविधान सभा ने नीति निदेशक तत्वों के चेप्टर में जगह दी थी। राजस्थान में शराबबंदी कानून लागू था अर्थात् नीति निदेशक तत्व लागू किये थे। राजस्थान में शराबबंदी का कानून लाया गया था यह जन स्वास्थ्य के हेतु अच्छा कदम था, शराब की बिक्री को पुन: वापिस लाना, पश्चगामी कृत्य है। गांधीजी शराब के विरोधी थे।

अनुच्छेद 120: संसद में प्रयोग की जाने वाली भाषा – भाग 17 में किसी बात के होते हुये भी, किन्तु अनुच्छेद 348 के उपबन्धो के अधीन रहते हुये संसद में कार्य हिन्दी में या अंग्रेजी में किया जावेगा जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबन्ध तब तक इस संविधान के प्रारम्भ से 15 वर्ष की समाप्ति के पश्चात यह अनुच्छेद ऐसे प्रभावी होगा मानो 'या अंग्रेजी में' शब्दों को उसमें लोप कर दिया है।

इस प्रकार संविधान के लागू होने से 15 वर्ष बाद केवल हिन्दी ही संसद की भाषा होनी थी किन्तु प्रेक्टिस में अभी भी अंग्रेजी का अधिक व्यवहार होता है। संविधान कहता है जो हिन्दी नहीं जानता उसे संसद में अपनी मात्र भाषा में बोलने का अधिकार है।

अनुच्छेद 334: संविधान के लागू होने के पश्चात 10 वर्ष के बाद (क) लोकसभा में और राज्यों की विधान सभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षण प्रभावी नहीं रहेगा। अंग्रेजी में इसे इस प्रकार लिखा है **Shall cease to have effect on the expiration of 10 years from the commencement of this Constitution.** 10 वर्ष की यह अवधि Sunset Laws के अनुरूप थी, 10 वर्ष के बाद आरक्षण स्वतः ही समाप्त हुआ है। राज्य ने अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों का जो आरक्षण लोकसभा/विधानसभा के लिये थे उसे Constitutional Amendment द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष बाद बदल दिया गया है। 10 वर्ष पश्चात 80 वर्ष कर दिया गया है। जबकि अनुच्छेद 334 जो शब्दावली प्रयोग में लायी गई है उसका अर्थ Automatic समाप्ति है। इस व्याख्या के आधार पर एक रिट याचिका राजस्थान हाईकोर्ट में पेश की गई थी, उसे सुप्रीम कोर्ट को ट्रान्सफर कर दिया गया है क्योंकि वहां कई रिट् याचिकायें वर्षों से पेन्डिंग हैं। स्पष्ट है राज्य ने इस दृष्टि से नहीं सोचा और न्यायालय का निर्णय भी अभी तक नहीं आया। वोटों के लालच में सभी राजनैतिक पार्टियां इन केसों के जल्दी निर्णय में रूचि नहीं रखतीं।

वस्तुत: 25.1.1960 के बाद आरक्षण स्वत: ही समाप्त हो गया था। इसका कारण यही है कि राज्य व हम लोगों ने कानून को सही रूप से नहीं समझा।

संविधान का भाग IX व भाग IXA : ये The Constitutional (Seventy Third Amendment) Act 1992 से संविधान का भाग बने। इसके अनुसार दिनांक 23.4.1993 से पंचायतें व नगरपालिकायें कॉरपोरेट बॉडी न रहकर क्रमश: अनुच्छेद 243(डी) व 243(ई) के तहत भाग IX व भाग IXA के तहत् गठित स्वायत्त शासन की संस्थायें मानी गईं और नगरपालिका के अधिनियम अनुच्छेद 243 ZF की पालना नहीं की। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 रिपील हो गया। नगरपालिका Institution of self government नहीं है। जबकि नगरपालिका अधिनियम भाग IXA के अनुसार संशोधित किया जाना था, अथवा नया कानून बनाना था जो नहीं हुआ। इस प्रकार नगरपालिका अधिनियम 2009 अर्थहीन व प्रभाव शून्य हो चुका है और इसका गठन तथा इसके द्वारा लगाया गया टैक्स अधिकार शून्य व अवैध है। इसका अर्थ है राजस्थान राज्य संविधान के अनुरूप शासन नहीं कर रहा है और संविधान की अवज्ञा हो रही है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# फर्जी दस्तावेज के आधार पर जालोर हाउसिंग बोर्ड की भूमि हड़पी

**जालोर, (कासं)।** जालोर पुलिस थाना में जालोर हाउसिंग बोर्ड के लिए आवंटित भूमि पर गलत तरीके से एनओसी के झूठे तथ्य के आधार पर खातेदारों द्वारा भूमि के बेचान करने पर आमदा होने तथा उक्त भूमि को हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने को लेकर मामला दर्ज हुआ है।

**■ भूमि को हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने को लेकर मामला दर्ज हुआ**

प्रकरण के अनुसार दीपक बिस्सा आवासीय अभियंता खण्ड प्रथम सेक्टर ग्यारह चौपासनी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर ने जालोर कोतवाली में रिपोर्ट पेश कर बताया कि राजस्थान आवासन मण्डल की आवासीय योजना ग्राम जालोर बी पटवार हल्का लेटा में खसरा नम्बर 5272 रकवा 1.33 हैक्टर, खसरा नम्बर 5273 कुल रकबा 6.27 हैक्टर की भूमि आयी हुई है जो कि पूर्व में मेथी देवी पत्नी रतना माली के नाम से आयी हुई थी। जिसको आवासन मंडल ने 14 अगस्त 2013 के जरिये अवार्ड जारी किया गया तथा अवार्ड जारी करने के बाद इस आराजी पर कब्जा फर्द बना कर कब्जा वर्ष 3 मई 2016 में राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा ले लिया गया। तब से लगातार कब्जा राजस्थान आवासन मण्डल का है एवं इस भूमि का नियोजन किया जा चुका है। इसके बाद मेवी देवी के अवार्ड राशि का चैक जारी किया गया तथा मेथी देवी की अवार्ड गति न्यायालय में जमा है। जिसका भूमि अवाप्ति अधिनियम के तहत सिविल कोर्ट जालोर में 2015 में प्रकरण सीजेएम कोर्ट जालोर में विचाराधीन है तथा मेथी देवी के वारिमान को इस बात की जानकारी है कि यह आवासन मण्डल की अवाप्तशुदा आराजी है तथा इसका सिविल कोर्ट में प्रकरण मेथी देवी के वारिसान जशोदा पुत्री अम्बालाल, भवानी सुंदेशा पुत्र अम्बालाल, राजेन्द्र कुमार पुर अम्बालाल, सुमटी पत्नि अम्बालाल, हेमलता पुत्री अम्बालाल ने सिविल प्रकरण में अपना जवाब भी पेश किया है। जिसमें भी स्वीकार किया है कि भूमि अवाप्त है। इसके बाद आज रोज हमको यह ज्ञात हुआ कि उक्त आराजी पर मेथी देवी के वारिसान साफ सफाई जेसीबी आदि लगाकर काम करवा रहे हैं तो मौके पर पहुंचे तथा वहां कार्य कर रहे मजदूरों से पूछा तो उन्होंने बताया कि राजेन्द्र कुमार व कन्हैयालाल की जमीन है तथा वे यहां सफाई करवा रहे हैं तथा प्लोटिंग करेंगे और एक मजदूर मनीष पुत्र मोहनलाल माली निवासी जालोर ने कन्हैयालाल के मोबाईल नम्बर दिये। तब उनसे बात की तो उसने कहा कि हमने आवासन मण्डल जयपुर से उक्त आराजी की एनओसी ले ली है। उस एनओसी के आधार पर हम काम करवा रहे है। अब इस आराजी पर आवासन मण्डल का हक नहीं है। जब हमने एनओसी की कॉपी दिखाने को कहा तो उसने एनओसी की कॉपी नहीं उपलब्ध करवायी।

उक्त आराजी राजस्थान आवासन मण्डल की अवाप्तशुदा आराजी है जो सरकारी आराजी है। जिसकी जानकारी मेथी देवी के वारिसान को है तथा जिस एन ओ सी बारे में ये बात कर रहे है। उसकी पुष्टी के लिए राजस्थान आवासन मण्डल मुख्यालय जयपुर से भी संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त खसरों को लेकर किसी प्रकार की कोई एनओसी विभाग द्वारा जारी नहीं की गयी है। यदि है तो वह फर्जी है। इस प्रकार हमारे विभाग से इस आराजी को लेकर किसी प्रकार की कोई एन ओ नी जारी नहीं की गयी है। यह सरकारी भूमि है। इस पर जबरन फर्जी एनओसी की झूठी प्रबंचना के आधार पर अर्थात कूटरचित दस्तावेज के आधार पर साफ सफाई करवा दी। पुलिस ने कुटरचित दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी पूर्वक हाउसिंग बोर्ड की भूमि पर कब्जा जाने का प्रयास करने का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।



**जालोर हाउसिंग बोर्ड के लिए अवाप्त भूमि हड़पने की नियत से साफ-सफाई की गई।**

# प्लॉट पर कब्जा करने की नियत से दबंगों ने दलित महिला के साथ मारपीट की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद थाना क्षेत्र के मोड़ का निंबाहेड़ा कस्बे में गुरुवार सुबह दलित महिला के साथ मारपीट कर कब्जा करने की नियत से ईंटों के टुकड़े डाल दिए। परिवार ने विरोध किया तो दबंग व्यक्ति बाइक पर आए और धमकियां देने लगे।

दलित बस्तियों से बाईपास निकला तो भूमाफिया सक्रिय हो गए। भूमाफिया ब्यावर-भीलवाड़ा मुख्य मार्ग पर बसे मोड़ का निंबाहेड़ा कस्बे में से नेशनल हाईवे गुजरने के बाद कस्बे की दलित बस्तियों से बाईपास रोड निकल गया, जिसके चलते जमीनों की कीमतें आसमान छूने लगी। इसी दौरान दलित बस्तियों पर खाली पड़े प्लाटों पर कब्जा करने की नियत से माफिया सक्रिय हो गए एवं प्रशासनिक मिलीभगत से पट्टे बनाकर अन्य लोगों को लगातार परेशान कर रहे हैं। जिसके चलते आमजन में दहशत का माहौल है।

मोड़ का निंबाहेड़ा निवासी सुगना कालबेलिया पति राजू कालबेलिया ने आसींद थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि उनके प्लॉट के सामने कमलेश पिता शांतिलाल राव एवं मुकेश पिता शांतिलाल राव ने हमारे ही परिवार के लोगों से प्लॉट खरीदा था। जिसकी चारदीवारी करवा दी लेकिन अब हमारी निजी जमीन के पास पत्थर वह ईंटो के टुकड़े डाल दिए और प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

**■ परिवार ने थाने की शरण ली तो जान से मारने की धमकियां दी गई**

आज सुबह दोनों भाई कमलेश राव वह उनका भाई मुकेश राव आया और फरियादी के साथ मारपीट करने लगे व जान से मारने की धमकी देकर चले गए। फरियादी के प्लॉट के सामने कमलेश राव ने जबरन गेट खोल खोल दिया। वहीं प्लॉट में लगे बरगद के पेड़ को भी उखाड़ दिया। बच्चों को जान से मारने की धमकी मिलने पर पीड़ित ने थानाधिकारी से परिवार की सुरक्षा एवं आरोपियों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई।



**मोड़ का निंबाहेड़ा कस्बे का पीड़ित परिवार।**

# एक ए.एस.आई. व एक कांस्टेबल के भरोसे पावटा पुलिस चौकी

**पावटा, (निसं)।** पावटा कस्बे सहित दर्जनों ढाणियों और राजमार्ग का कुछ हिस्सा पावटा चौकी के अंतर्गत आता है। लेकिन पावटा चौकी पर नियुक्त एक एएसआई व एक कांस्टेबल होने के कारण कार्य व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। पावटा कस्बे में दर्जनों बैंक, व्यापारिक संस्थान एवं शिक्षण केंद्र होने के कारण कस्बा प्रमुख व्यापार का केंद्र है। राजमार्ग व कस्बे में अक्सर दुर्घटना व आपराधिक वारदातें हो जाती हैं। पावटा पुलिस चौकी पर एक एसआई, एक हेड कांस्टेबल, पांच कांस्टेबल सहित सात पुलिस कर्मियों की पोस्ट स्वीकृत है। जिनमें इस समय कुल दो पुलिसकर्मियों के भरोसे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था है। जिससे आमजन में असुरक्षा बढ़ रही है तो अपराधियों में पुलिस का खौफ घट रहा है।

शहर में कानून व्यवस्था बनाने के लिए प्रागपुरा थाने के अलावा नवोदय स्कूल व पालिका के पास एक चौकी पर दो पुलिसकर्मियों के चलते पावटा चौकी पर अधिकतर ताले लटके मिलते है। चौकी में कोई पुलिसकर्मी नहीं दिखता। क्षेत्र में जब भी कोई वारदात होती है तो सबसे पहले लोग इसी चौकी पर आते हैं। ताला लगा रहने से प्रागपुरा थाने में जाकर रिपोर्ट देनी पढ़ती है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार ने बताया कि स्टाफ कमी की समस्या का शीघ्र समाधान कर चौकियों पर स्टाफ नियुक्त किया जायेगा।




**पावटा कस्बे में पुलिस चौकी पर लटका ताला।**

## राशिफल शुक्रवार 30 जून, 2023



**पंडित अनिल शर्मा**

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, विशाखा नक्षत्र सांय 4:10 तक, साध्य योग रात्रि 1:31 तक, बव करण दिन 2:00 तक, चन्द्रमा आज दिन 10:20 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–तुला, मंगल–कर्क, बुध–मिथुन, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

राजयोग सांय 4:10 से रात्रि 1:17 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग सांय 4:10 से सूर्योदय तक है। आज मंगल मघा सिंह में रात्रि 2:16 से प्रवेश करेगा। आज हरिसावर सांय 4:10 से रात्रि 9:54 तक है। महापात योग रात्रि 9:23 से रात्रि 3:48 तक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:23 तक, लाभ–अमृत 7:23 से 10:48 तक, शुभ 12:30 से 2:13 तक, चर 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:40, सूर्यास्त 7:21

### मेष



अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### वृष



मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मिथुन



परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### कर्क



घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### कन्या



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक कार्यों के कारण मन खिन्न और तनाव हो सकता है।

### तुला



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति ठीक रहेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक



घर/परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### धनु



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेंगे। दिन के मध्यान्ह अनावश्यक धन खर्च होगा।

### मकर



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### कुंभ



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मीन



अपनी कार्य योजना को दिन के मध्यान्ह तक सीमित रखें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

# महापौर-उपमहापौर और पार्षदों समेत 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## हैरिटेज नगर निगम जयपुर के अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा ने माणक चौक थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई

- वर्मा का आरोप है कि महापौर मुनेश गुर्जर, उनके पति सुशील गुर्जर, उपमहापौर असलम फारूकी व एक दर्जन पार्षदों ने उन्हें बंधक बनाया, जाति सूचक अपशब्द कहे और टैंडर की फाइल पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करवाने की कोशिश की
- वहीं दूसरी ओर महापौर मुनेश गुर्जर का कहना है कि राजेन्द्र वर्मा ने जो भी आरोप लगाए हैं, सभी बेबुनियाद हैं। मैंने या फिर किसी भी दूसरे पार्षद ने इस तरह के शब्दों का उपयोग नहीं किया था। बल्कि, एडिशनल कमिश्नर ने ही हमें डराया-धमकाया था। वर्मा सिर्फ अपनी गलती छुपाने के लिए पार्षदों को बिना बात बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। हैरिटेज नगर निगम जयपुर की महापौर मुनेश गुर्जर, उनके पति सुशील गुर्जर, उपमहापौर असलम फारूकी और करीब एक दर्जन पार्षदों के खिलाफ अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा ने माणक चौक थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई है। राजेन्द्र वर्मा ने अपनी शिकायत में इन सभी लोगों पर उन्हें बंधक बनाने, जाति सूचक व अपशब्द कहने और नगर निगम की टैंडर पत्रावली पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

माणक चौक थाने में हैरिटेज नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा ने एफ.आई.आर. दर्ज कराई है कि, गत 16 जून को वह अपने चैंबर में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके पास मैसेज आया कि मेयर मुनेश गुर्जर बुला रही हैं। इस पर उन्होंने अपने कार्मिक को कहा कि मेयर मैडम को मैसेज कर दें कि कुछ जरूरी फाइल हैं, उन्हें निपटाकर 15 मिनट में आ रहा हूं। करीब 5 मिनट बाद कुछ पार्षद और उनके साथ आए बाहरी लोग जबरदस्ती मेरे चैंबर में घुस आए। उन्होंने मुझसे कहा कि, टैंडर की फाइल (बीट पत्रावली) पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए? वे लोग मुझे जबरन चैंबर से उठा कर मेयर मुनेश गुर्जर के कमरे में ले गए। वहां पर महापौर पार्षदों और बाहरी लोगों के सामने ही मुझे अपशब्द कहते हुए बोलीं कि, तुमने बीट की पत्रावली पर साइन क्यों नहीं किए? उन्होंने 30 मई की प्रोसिडिंग पर मुझसे जबरदस्ती हस्ताक्षर करवाने चाहे। उन्होंने गालीगलौच व जातिसूचक शब्दों में धमकाते हुए कहा कि, जब तक इस फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करोगे, यहां से बाहर नहीं जा सकते। कुछ पार्षदों व असमाजिक तत्वों ने कमरे के गेट के आगे टेबल लगाकर रास्ता बंद कर दिया।

इस पर मैंने मेयर मैडम को बताया कि 30 मई को मैं आकस्मिक अवकाश पर था, इस कारण मैं इस पत्रावली पर हस्ताक्षर नहीं कर सकता। मेरे कई बार समझाने के बावजूद मेयर लगातार टैंडर फाइल पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाती रही। शाम को महापौर के ऑफिस में कैबिनेट मंत्री महेश जोशी भी आए, मैंने उन्हें भी अपना पक्ष बता दिया था। मंत्री के जाने के बाद मेयर के पति सुशील गुर्जर ने भी मुझे जातिसूचक शब्दों में अपशब्द कहते हुए फाइल पर साइन करने के लिए धमकाया। देर शाम को जब मैंने मौका देखकर महापौर के ऑफिस से बाहर निकलकर अपने घर जाने की कोशिश की तो पार्षद उमरदराज, अंजलि ब्रह्मभट, आयशा सिद्धीकी, राबिया गुडएज, सुनिता मावर और बाकी पार्षदों ने मुझे घेर लिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीचबचाव कर रात 9 बजे मुझे घर के लिए रवाना किया। इस घटना का वीडियो मोहम्मद अख्तर, पार्षद पति कमाल खान, अरविंद मेठी, बसंत असवाल, नीरज अग्रवाल और राबिया गुडऐज के मोबाइल फोन में कैद है। यही वीडियो फुटेज हैरिटेज नगर निगम के सी.सी.टी.वी. कैमरों में भी दर्ज है।

पुलिस ने बताया कि राजेन्द्र वर्मा ने इन तमाम लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, बंधक बनाने, धमकाने, जबरन फाइलों पर साइन कराने के लिए बदसलूकी और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया है। वर्मा की शिकायत पर माणक चौक थाना पुलिस ने हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर, उप-महापौर अस्लम फारुखी, पार्षद उमर दराज, नीरज अग्रवाल, शफीक. कुरैशी, सुनिता मावर, राबिया गुडएज, अंजलि ब्रह्मभाट, पार्षद पति मोहम्मद अस्तर, आयशा सिद्दीकी, फरीद कुरैशी, फूलचंद, पार्षद के रिश्तेदार शाकिर, महापौर के पति सुशील गुर्जर और बसन्त असवाल के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए माणक चौक सहायक पुलिस आयुक्त (ए.सी.पी.) हेमंत जाखड़ इसकी जांच कर रहे हैं। अतिरिक्त आयुक्त ने खुद के साथ हुई घटना से जुड़े कुछ वीडियो फुटेज भी पुलिस को दिए हैं। हैरिटेज नगर निगम के कार्यालय में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे के फुटेज भी उपलब्ध कराए गए है। ए.सी.पी. जाखड़ ने इस सिलसिले में राजेन्द्र वर्मा के बयान ले लिए हैं। अब पुलिस महापौर मुनेश गुर्जर, उनके पति सुशील गुर्जर समेत एक दर्जन से अधिक पार्षदों को पूछताछ के लिए बुला सकती है। वहीं दूसरी ओर इस पूरे मामले के बीच महापौर मुनेश गुर्जर ने अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि वर्मा ने जो भी आरोप लगाए हैं, सभी बेबुनियाद हैं। मैंने या फिर किसी भी दूसरे पार्षद ने इस तरह के शब्दों का उपयोग नहीं किया था। बल्कि, एडिशनल कमिश्नर ने ही हमें डराया-धमकाया था। जिस वीडियो का हवाला देकर शिकायत दर्ज करवाई गई है, उस वीडियो में भी वर्मा हंसते हुए नजर आ रहे हैं। वर्मा सिर्फ अपनी गलती छुपाने के लिए पार्षदों को बिना बात बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। सत्य की नाव डगमग हो सकती है.. हिल सकती है.. लेकिन, डूब नहीं सकती।

ज्ञात रहे कि जयपुर नगर निगम हैरिटेज में पिछले दिनों एडिशनल कमिश्नर राजेंद्र वर्मा के निलंबन की मांग को लेकर महापौर मुनेश गुर्जर पार्षदों के साथ धरना दे रही थीं। जिसमें अस्थाई सफाई कर्मचारियों की फाइल पर साइन करने की मांग को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने मेयर-पार्षदों से मिलकर इस धरने को खत्म करवाया था। लेकिन, अब एडिशनल कमिश्नर राजेंद्र वर्मा ने इस मामले पर मुकदमा दर्ज कराया है।

# आयुक्त से विवाद पर ग्रेटर मेयर डॉ. सौम्या व 3 पार्षद निलंबित किये थे, फिर हैरिटेज में सरकार चुप क्यों?

## जबकि हैरिटेज निगम के अति. आयुक्त राजेन्द्र वर्मा ने भी सरकार को बाकायदा लिखित शिकायत भेजी थी

- ज्ञात रहे कि जून-2021 में तत्कालीन ग्रेटर निगम कमिश्नर यज्ञमित्र सिंह देव के साथ विवाद पर महापौर डॉ. सौम्या और तीन पार्षद अजय सिंह, पारस जैन और शंकर शर्मा हुए थे निलंबित
- अब हैरिटेज निगम के अति. आयुक्त राजेन्द्र वर्मा ने भी महापौर-उपमहापौर व पार्षदों समेत 15 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है, लेकिन विवाद के 10 दिन बाद भी सरकार कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधे बैठी है।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । गहलोत सरकार ने जून-2021 में जयपुर ग्रेटर के तत्कालीन आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के साथ विवाद के बाद महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और तीन पार्षदों अजय सिंह, पारस जैन और शंकर शर्मा को निलंबित किया। यहां तक कि उनके खिलाफ न्यायिक जांच तक बैठा दी थी। दो साल बाद अब ऐसा ही मामला जयपुर हैरिटेज निगम में महापौर मुनेश गुर्जर और अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा के बीच हुआ है। लेकिन अब कांग्रेस सरकार महापौर-उपमहापौर और पार्षदों के खिलाफ इसलिए कार्रवाई नहीं कर रही है, क्योंकि वे कांग्रेस पार्टी के है। ऐसी चर्चाएं राजनैतिक गलियारों में इन दिनों छायी हुई है। इन चर्चाओं का प्रमुख कारण यह है कि शुक्रवार शाम को हैरिटेज निगम के अति. आयुक्त राजेन्द्र वर्मा ने महापौर मुनेश गुर्जर, उनके पति सुशील गुर्जर, उपमहापौर असलम फारूकी और करीब एक दर्जन पार्षदों के खिलाफ राजकार्य में बाधा, बंधक बनाने, जातिसूचक अपशब्द कहने और जबदरस्ती टैंडर की फाइलों पर हस्ताक्षर करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए माणक चौक थाने में मुकदमा तक दर्ज करवा दिया है।

मजेदार बात यह है कि जून-2021 में जब जयपुर ग्रेटर निगम के तत्कालीन आयुक्त यज्ञ मित्र सिंह देव ने महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और पार्षद पारस जैन, अजय सिंह चौहान और शंकर शर्मा पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए सरकार को शिकायती पत्र भेजा था। जिस पर नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने आनन-फानन में कार्रवाई करते हुए मेयर डॉ. सौम्या व तीनों पार्षदों को निलंबित कर दिया था। साथ ही इन चारों लोगों के खिलाफ न्यायिक जांच भी शुरू करवा दी थी। जिसे चुनौती देते हुए डॉ. सौम्या गुर्जर व पार्षदों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और पुनः अपनी कुर्सी हासिल की।

ग्रेटर निगम के उस घटनाक्रम के ठीक 2 वर्ष बाद अब ऐसा ही मामला कांग्रेस के सत्ताधारी जयपुर हैरिटेज निगम में सामने आया है, लेकिन यहां कांग्रेस पार्टी की महापौर-उपमहापौर और पार्षदों को निलंबित करने के बजाय यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और राज्य सरकार ने पूरी तरह से चुप्पी साध ली। जबकि राजेन्द्र वर्मा ने भी घटनाक्रम के तुरंत बाद राज्य सरकार को शिकायती पत्र लिख दिया था। यहां तक कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद ने भी राजेन्द्र वर्मा के साथ अभद्रता मामले को लेकर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को शिकायती पत्र भेजा था, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों से अभद्रता के मामले को गंभीरता से लेने, इस घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच करवाने और अधिकारियों को सुरक्षा देने की मांग थी। इसके बावजूद राज्य सरकार ने इस मामले में कार्रवाई करने की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

बताया जा रहा है कि नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा की ओर से मेयर-डिप्टी मेयर सहित पार्षदों के खिलाफ केस दर्ज कराने के बाद अब मेयर मुनेश गुर्जर ने भी कानूनी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इस मामले में अब मेयर भी केस दर्ज करवा सकती है, इसे लेकर कानूनी राय लेना शुरू कर दिया है।

मेयर मुनेश गुर्जर का कहना है कि मामले को देख रहे है, किस-किस के नाम से एफआईआर दर्ज करवाई गई है, इसे लेकर वकीलों से राय लेकर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

डिप्टी मेयर असलम फारूखी का कहना है कि पुलिस जांच में दूध का दूध और पानी का पानी..सब साफ हो जाएगा। कौन झूठा है, यह समाने आ जाएगी, जब कोई आदमी 5 दिन बाद केस दर्ज करवाता है, गलत इरादा है। हमारे पास भी वीडियो है, सब जांच हो जाएगी। राजेन्द्र वर्मा के तमाम आरोप झूठे है। हमने सरकार को लिखकर दे दिया है, इस मामले की राज्य सरकार जांच करवा रही है।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



तीये की बैठक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पिता जी

श्री बृजकिशोर जी शर्मा

(एम.सी.एफ. रिटायर्ड रेलवे सेवा) का देहान्त मंगलवार, 27 जून, 2023 को हो गया है, जिनकी तीये की बैठक शुक्रवार, 30 जून, 2023 को सायं 4 से 5 बजे तक 'मीनू गार्डन' पार्क व्यू कॉलोनी, एन.बी.सी. स्टॉफ क्वाटर्स के पीछे, हसनपुरा, खातीपुरा रोड़, जयपुर में रखी गई है।

शोकाकुल परिवार

आशा शर्मा (पत्नी)
सचिन शर्मा-जया शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
मनीष जी-पूजा (बेटी-जंवाई), पूनम (पुत्री)
डिम्पी, कविशा (पौत्री), कंगना, काव्या (नातीन)

मोहनलालजी, राधेश्यामजी,
नवल किशोरजी (भाई), अनिलजी,
विजय, दीपक, राजू, शुभम (भतीजे)
एवं समस्त शोकाकुल परिवारजन

सम्पर्क : 9829234826, 9829426056, 9829220975, 9828148241



तीये की बैठक



हमारे प्रिय श्री अशोक लहरी पुत्र स्व. श्री राज्य ज्योतिषि श्री बद्रीनारायण शर्मा (लहरी) का देहावसान दिनांक 28.6.2023 को हो गया है। तीये की बैठक आज दिनांक 30.6.2023 को सायं 5 से 6 बजे तक खण्डाका मैरिज गार्डन, पीतल फैक्ट्री जयपुर पर होगी।

शोकाकुल : गिर्राज बिहारी, डॉ कैलाश बिहारी, श्याम बिहारी, गिरधर बिहारी, मुकुट बिहारी (चाचा), कृष्ण बिहारी-कान्ता (भाई-भाभी), उमा-कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत), मधु-अजय (बहन-बहनोई), निशान्त-इन्द्रा (भतीजा-बहू), करण शर्मा (भान्जा) एवं समस्त रायसर परिवार मो. 9413488288, 9983323199, 9829264308


# मुख्यमंत्री का पैर फ्रेक्चर

**जयपुर**, (का.प्र.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पैर में फ्रैक्चर होने के बाद उन्हें पट्टा बांधा गया है। उनके पैर में चोट लगने के बाद इलाज के लिए सवाई मानसिंह हॉस्पिटल लाया गया है। दरअसल कमरे में जाते समय पैर में कोई नुकीली चीज चुभने के बाद मुख्यमंत्री का पैर मुड़ गया था, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए एसएमएस हॉस्पिटल लाया गया।

- कमरे में जाते समय नुकीली चीज चुभने से मुड़ा था पैर

चोट लगने पर उन्हें एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज करवाया गया। मुख्यमंत्री के साथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पीएचईडी मंत्री महेश जोशी समेत अन्य नेता भी एसएमएस अस्पताल पहुंचे हैं।

एसएमएस इमरजेंसी में पहुंचने पर सबसे पहले उनकी एक्सरे, ईसीजी समेत अन्य रूटीन जांचें की गई हैं। बताया जा रहा है कि पैर के नाखून में चोट आई है, जो किसी नुकीली चीज के चुभने से लगी। इस दौरान मुख्यमंत्री का पैर भी मुड़ गया, जिससे उनको चलने में भी तकलीफ हो रही थी।

इलाज के बाद सीएम ने ट्वीट कर बताया कि गुरुवार को एक बैठक के बाद आवास पर अपने कक्ष में जाते समय पैर फिसलने से दोनों पैर के अंगूठों में चोट आई है। गहलोत ने लिखा कि एसएमएस अस्पताल में प्रारम्भिक इलाज के बाद आवास पर आ गया हूं। फ्रेक्चर होने के कारण डॉक्टरों की सलाह पर कुछ दिन आवास से ही कार्य जारी रखूंगा।



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पैर में फ्रैक्चर होने के बाद गुरूवार को उन्हें इलाज के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल लाया गया।

## राघव शर्मा ने सादगी से मनाया अपना जन्मदिन

**जयपुर**। भाजपा जयपुर शहर के जुझारू, युवा सोच के साथ आगे बढ़ने वाले जिला अध्यक्ष राघव शर्मा ने राजा पार्क की स्थित भाटिया भवन में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सादगी से अपना जन्मदिन मनाया। जिला अध्यक्ष के जन्मदिन का कार्यक्रम सुबह से ही प्रारंभ होकर देर रात तक चला। सुबह 6 बजे अध्यक्ष ने गौशाला पहुंच गायों को चारा और गुड़ खिलाकर प्रारंभ किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर मंदिर, गोविंददेवजी के दर्शन कर बालाश्रम और वृद्धआश्रम में सेवा दी।

## कोई नया संक्रमित नहीं मिला

**जयपुर**। प्रदेश में गुरूवार को भी लगातार दूसरे दिन किसी भी जिले में कोई भी नया करोना संक्रमित नहीं मिला है। इससे पहले बुधवार को भी कोई नया रोगी नहीं पाया गया था।

## 'सही और सटीक आंकड़े ही हैं सतत विकास का आधार'

- 17वें सांख्यिकी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जयपुर**, (कासं)। महान सांख्यिकीविद् प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 130वीं जयंती के मौके पर आयोजित 17वें सांख्यिकी दिवस के मौके पर जयपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्याधर नगर स्थित आरवाईएमपी भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) के स्वतंत्र निदेशक सीताराम अग्रवाल ने की।

सांख्यिकी अधिकारियों को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने कहा कि सही एवं सटीक आंकडे ही देश-प्रदेश के सतत विकास का आधार है। राजस्थान सरकार का आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग इस दिशा में बेहतरीन काम कर रहा है यही कारण है कि विभाग द्वारा तैयार किये गए आंकड़ो की बुनियाद पर ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की जनता एवं उद्योगपतियों के लिए एक से बढ़कर एक योजनाएं लागू की हैं।

उन्होंने महंगाई राहत कैंप की सफलता में सांख्यिकी विभाग के अधिकरियों, कर्मचारियों के साथ-साथ राजीव गांधी युवा मित्रों की भूमिका को भी बेहद अहम बताया और कहा कि महंगाई राहत कैंपों में अधिकांश परिवारों ने राजस्थान सरकार की 10 बड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। महंगाई राहत कैंप के सफल एवं सुचारू संचालन कर्मचारियों एवं अधिकारियों की मेहनत एवं समर्पण का परिणाम है।

# हम सब एक साथ चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी : डोटासरा

- 'बीजेपी के नेता आपस में एक-दूसरे को निपटाने में लगे, इनको जनता की नहीं, कुर्सियों की चिंता'

**जयपुर**, (का.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा है कि राहुल गांधी जैसा नेता ही देश के मुद्दे के लिए चार हजार किलोमीटर यात्रा निकाल सकता है। यह मोदी नहीं कर सकते, ये कायर लोग हैं। ये झूठ बोल सकते हैं, बेईमानी कर सकते हैं, गुमराह कर सकते हैं, भाई को भाई से लड़ा सकते हैं, संविधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर सकते हैं, लेकिन ये कांग्रेस की आइडियोलॉजी का मुकाबला नहीं कर सकते।

पीसीसी में मीडिया से बात करते हुए डोटासरा ने कहा कि इनका नकाब उतर चुका है। कभी कोई बीजेपी नेता किसी का माइक खींच रहा है, कोई किसी पर तंज कस रहा है। बीजेपी के नेता आपस में एक दूसरे को निपटाने में लगे हैं। इनको जनता की नहीं, कुर्सियों की चिंता है। राजस्थान की जनता सब देख रही है। हमारी सरकार में इस बार अच्छे काम और फैसले हुए हैं इससे जनता खुश है।

डोटासरा ने कहा कि हमारे यहां कोई झगड़ा नहीं है। हम सब एक हैं। दिल्ली में खड़गे के साथ बैठकर सब बातें हो गईं। वेणुगोपालजी का बयान आया कि सब साथ में है तो उसके बाद में कोई बात बची नहीं है। हम सब एक हैं और चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, हम चुनाव जीतेंगे। सरकार ने अच्छा काम किया है। कर्नाटक में जिस तरीके से हम चुनाव जीते, हिमाचल में हम जीते, उसी तरह राजस्थान जीतेंगे।

# दिव्यांगजनों के उत्पादों की ब्रांडिंग कर उनके हुनर को प्रोत्साहन दिया जाए : राज्यपाल



राजधानी जयपुर के जवाहर कला केंद्र में दिव्य कला मेला का शुभारंभ गुरूवार को राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया। इस मौके पर केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और जयपुर सांसद रामचरण बोहरा भी मौजूद रहे।

**जयपुर**। राजस्थान की राजधानी जयपुर के जवाहर कला केंद्र में दिव्य कला मेला का आज आगाज हुआ। मेले का शुभारंभ राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा की गरिमामयी उपस्थिति में किया। इस सात दिवसीय दिव्य कला मेला का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल मिश्र ने कहा कि दिव्यांगजन को उद्यमी और शिल्पकार के रूप में विकसित करने का यह एक बेहतर अवसर है। इस तरह के मेलों और प्रदर्शनियों में दिव्यांगजनों को स्टॉल निःशुल्क आवंटित किये जाते हैं ताकि अपनी प्रतिभा को बड़े शहर और बड़े मंच में प्रदर्शित कर सके।

इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि हम दिव्यांगजन को मूल्यवान मानव संसाधन मानते हैं और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय विकास कार्यसूची (एजेंडा) में दिव्यांगजनों के मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं। उनका आदर्श वाक्य है सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास। हमारी सरकार समठा तथा सर्वमुखी विकास की दिशा में कार्य कर रही है ताकि दिव्यांगजन भी इस विकास की धारा में समान रूप से जुड़ सकें। इस अवसर पर सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि देश के संपूर्ण विकास में समाज के सभी वर्गों का योगदान आवश्यक है और हम सभी मिलजुल कर दिव्यांगजन और समाज के कमजोर तबके के विकास के लिए काम करते हुए देश को एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में ला सकते हैं।

संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार ने बताया कि कि भारत के लगभग 20 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर/कलाकार और उद्यिमयों के उत्पाद मेले में देखने को मिलेंगे। साथ ही मेले में देश भर के स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद लिया जा सकता है।


खोया-पाया

मेरे आवास फ्लैट संख्या-31/50/10, वरुण पथ मानसरोवर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- कल्पना छिपा धर्मपत्नी योगेश कुमार छिपा। मो.- 9694474278

आम सूचना दिनांक 28.06.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री रमेश नेहरा पुत्र श्री तुलसा राम, निवासी- 52/3, छावनी मोहल्ला, वार्ड नंबर 10, दौसा (राजस्थान) द्वारा श्री सतीश चन्द्र छाबड़ा पुत्र श्री रामस्वरूप छाबड़ा, निवासी- 201, मकान नंबर 246, गुरूनानकपुरा, राजापार्क, जयपुर (राजस्थान) से उसके स्वामित्व व अधिपत्य की सम्पत्ति फ्लैट नंबर 201, सैकिण्ड फ्लौर, स्थित प्लाट नंबर 246, गुरूनानकपुरा, राजापार्क, आदर्श नगर, जयपुर (राजस्थान), जिसका कुल क्षेत्रफल 1301.56 वर्गफीट है को खरीद करने हेतु एच.डी.एफ.सी. लि. से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति को बंधक रखना चाहता है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद/ बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
(रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट मो.नं. 9829256466

कार्यालय तहसीलदार-आमेर

क्रमांक/भू.अ./2023/1376 (जयपुर) दि. 28.6.2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम आमेर के खसरा नम्बर 6788 रकबा 0.30 हेक्टेअर व अन्य भूमि में दर्ज मृतक भौरिया पुत्र रामनाथ जाति माली की विरासत का नामान्तकरण पंजीकृत गोदनामा जो उप पंजीयक आमेर के कार्यालय में क्रम सं. 2005000374 दि. 19.9.2005 पर प्रार्थी रूपनारायण पुत्र मोहनलाल सैनी निवासी-आमेर के हक में पंजीकृत है, के आधार पर खोला जाना है। जो इस कार्यालय में विचाराधीन है, जिस पर किसी को कोई आपत्ति हो तो नोटिस प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति पेश करें। समयावधि के पश्चात प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। सूचित रहें।

तहसीलदार भू.अ. आमेर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि जे.डी.ए की विधाधर नगर योजना सेक्टर नम्बर 2 में प्लाट निम्बर 2/76 का मूल आंवटन पत्र नम्बर एफ-3(2/76/JDA/CRO/VDN/87 जो कि बसन्त लाल पुत्र श्री तेजुमल के नाम से है, वो खो गया है। जिसकी पुलिस रिपोर्ट LR no. 1850953/2023 दिनांक 27.6.2023 को दर्ज करा दी गयी है उक्त सम्पति के लिये श्री अशोक कुमार टांक पुत्र श्री बनवारी लाल ने SBI में ऋण हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई एतराज या आपत्ति हो तो आज से 7 दिवस के अन्दर संम्पर्क करें। मूल आंवटन पत्र मिलने पर सूचित करे।

भोली देवी, (मो.) 9929095642

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि. जयपुर
5 वीं व 6 ठीं मंजिल नेहरू सहकार भवन
22 गोदाम सर्किल जयपुर
Phone : 0141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com

क्रमांक-73/23 आम सूचना दिनांक-28.6.2023

आवासन संघ की आवासीय योजना सहयोग अपार्टमेंट विद्याधर नगर, जयपुर का फ्लेट संख्या-टी-2-22- एएफएफ, श्री सुमेरमल भुतोड़िया को आवंटित किया गया था। श्री सुमेरमल भुतोड़िया के द्वारा उनकी पुत्र वधु श्रीमती साधना भुतोड़िया के पक्ष में किये गये वसीयतनामे की प्रति एवं श्री सुमेरमल तथा उनकी पत्नि श्रीमती निर्मला भुतोड़िया के मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त फ्लेट अपने नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त फ्लेट पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त फ्लेट संख्या-टी-2-22-एएफएफ, श्रीमती साधना भुतोड़िया के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।

ज्योति गुप्ता, प्रबंध निदेशक

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि. जयपुर
5 वीं व 6 ठीं मंजिल नेहरू सहकार भवन
22 गोदाम सर्किल जयपुर
Phone : 0141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com

क्रमांक-74/23 आम सूचना दिनांक-28.6.2023

आवासन संघ की आवासीय योजना सहयोग अपार्टमेंट विद्याधर नगर, जयपुर का फ्लेट संख्या-टी-2-51-एजीएफ, श्रीमती रायकंवरी भुतोड़िया को आवंटित किया गया था। श्रीमती रायकंवरी भुतोड़िया के द्वारा उनके पुत्र श्री राजेन्द्र भुतोड़िया के पक्ष में किये गये वसीयतनामे की प्रति एवं श्रीमती रायकंवरी भुतोड़िया एवं उनके पति श्री भंवर लाल भुतोड़िया के मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त फ्लेट अपने नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त फ्लेट पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त फ्लेट संख्या-टी-2-51- एजीएफ, श्री राजेन्द्र भुतोड़िया के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।

ज्योति गुप्ता, प्रबंध निदेशक

NAME CHANGE

I have changed my name from Girish Kumar Agarwal to Girish Agarwal. Im known me Girish Agarwal S/o Rajesh Agarwal R/o Plot No. 36 Century Homes, Patrakar Colony, Near SBI Bank, Mansarovar, Jaipur 302020

I RAJWATI BHAWARIA, spouse of BABU LAL BHAWARIA resident of Vill/Post- Govindpura, Via-Palsana, Dist.-Sikar(Raj) have changed my Name from RAJWATI BHAWARIA to RAJWATI KUMARI vide Affidavit no. 2114 dated 27/06/2023 before amer court, Jaipur

I Naveen Kumar S/O bhanwar lal Mali R/O 6 Shri Ram kallawada shyosinghpura near Radha Krishna Mandir vatika sanganer have changed my name From NAVEEN KUMAR To NAVEEN SAINI .in future called me NAVEEN SAINI for all purposes

मैं प्रीती फौजदार पुत्री श्री सुखवीर सिंह निवासी 44 आर के पुरम कॉलोनी खातीपुरा जयपुर यह सूचित करती हूं कि विवाहोपरांत मेरा नाम परिवर्तित कर प्रीती फौजदार से प्रीती चौधरी धर्मपत्नी दयाल सिंह चौधरी कर दिया है। तथा भविष्य में मुझे प्रीती चौधरी के नाम से ही जाना जावे।

# विराटनगर को जिला बनाने या जयपुर जिले में यथावत रखने की मांग

## व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों के समर्थन में बाजार बंद रहे

**पावटा,** (निसं)। कोटपूतली में विराटनगर को शामिल करने के विरोध में व विराटनगर को जिला बनाने या जयपुर जिले में यथावत रखने को लेकर गुरुवार को विभिन्न व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों के समर्थन से विराटनगर कस्बे को बंद रखा गया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विराटनगर को जिला बनाने या जयपुर जिले में ही रखने की मांग करते हुए आक्रोशित होकर विराटनगर थाने का घेराव कर बीलवाडी थाने में गिरफ्तारियां दी। राजस्थान में 19 नए जिले बनाए जाने के बाद विराटनगर को कोटपूतली जिले में शामिल किये जाने से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण विराटनगर उपखंड कार्यालय के सामने 71 दिन से धरना व विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

वहीं जिला बनाओ संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा जयपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर उन्हें समस्या से अवगत करवाया गया। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने व कोटपुतली जिले में शामिल नहीं रखने के सकारात्मक आश्वासन देने के बाद 71 दिन से चल रहे धरने को समाप्त किया गया था। लेकिन आश्वासन के बाद भी मुख्यमंत्री द्वारा अभी तक कोई भी निर्णय नहीं लेने व मांगों पर ध्यान नहीं देने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ धोखा किया है। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने फिर से आंदोलन का बिगुल बजा दिया है।



विभिन्न व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों ने प्रदर्शन किया।

- विशाल आमसभा का आयोजन कर जताया विरोध
- आक्रोशित जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर गिरफ्तारियां दी

भाजपा नेता जगन चौधरी, पवन शर्मा, बी एल जाट, हरी प्रसाद बल्लीवाल ने बताया कि गुरुवार को संपूर्ण विराटनगर तहसील क्षेत्र विरोध स्वरूप संपूर्ण बंद रहा। वहीं जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा विराटनगर को जिला बनाने या जयपुर जिले में यथावत करने की मांग को लेकर विराटनगर मैन मार्केट बद्री जी गुरुजी की दुकानों के सामने आगे की रणनीति बनाने पर चर्चा करते हुए विशाल आमसभा का आयोजन किया।

इस मौके पर भाजपा नेता जगन चौधरी, पवन शर्मा, बी एल जाट, हरी प्रसाद बल्लीवाल, सरदारमल यादव, शिवदान फागना, महेश हलसर, महेंद्र शर्मा, गौरव यादव, अनिल शर्मा, जगदीश यादव, भोमराज चेची, सत्यनारायण सैनी, गिरिराज सैनी, नंदकिशोर छिपा, रतन सैनी, दिनेश सोनी सहित बडी संया मे जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# ट्रक-टैंकर की भिड़ंत में दो ड्राइवर जिंदा जले

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में गुरुवार शाम भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घटना शाम करीब 4.30 बजे की है। जोधपुर में टैंकर और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। पलभर बाद ही दोनों गाड़ियों में आग लग गई। टैंकर और ट्रक के ड्राइवर जिंदा जल गए।

जोधपुर के देचू स्थित क्षेत्रवा इलाके के बावकास चौराहे पर पेट्रोल से भरे टैंकर और सोनामुखी (सूखी पत्तियां) से भरे एक ट्रक में भीषण टक्कर हुई। इसके बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ड्राइवरों को निकलने का मौका नहीं मिला। देखते ही देखते दोनों गाड़ियां आग का गोला बन गई। जोधपुर से पेट्रोल लेकर जैसलमेर के लिए टैंकर निकला था। फलोदी से सोनामुखी की पत्तियां लेकर जोधपुर की तरफ ट्रक जा रहा था। रास्ते में दोनों की टक्कर हो गई। देचू थाना के एएसआई पुख सिंह राजपुरोहित का कहना है कि सोनामुखी से भरे ट्रक के ड्राइवर का जला हुआ शव शाम 6 बजे निकाल लिया गया। दूसरे टैंकर में पेट्रोल होने के कारण लगातार विस्फोट हो रहे हैं। देर शाम तक आग लगी हुई थी। फायर ब्रिगेड आग बुझाने की कोशिश कर रही थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि टैंकर का ड्राइवर जिंदा जल गया है। बाकी आग बुझने के बाद स्थिति साफ हो पाएगी। दोनों ड्राइवरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

- जोधपुर से पेट्रोल लेकर जैसलमेर के लिए टैंकर निकला था
- फलोदी से सोनामुखी की पत्तियां लेकर जोधपुर की तरफ ट्रक जा रहा था

# बस और बाइक की भिड़ंत में दो लोगों की मौत

## हादसे के बाद बस और बाइक में आग लग गई

**अनूपगढ़,** (निसं)। बस और बाइक की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद बस और बाइक में आग लग गई। मामला क्षेत्र के गांव 6 पी के पास हर प्रभ आसरा आश्रम के सामने का है। जहां बस ने एक बाइक को चपेट में ले लिया। हादसा दोपहर में हुआ। बस में सवार गंगाराम ने बताया कि यह बस खाजूवाला से हनुमानगढ़ की ओर जा रही थी।

इस दौरान तेज रफ्तार बस ने गांव 6 पी के पास सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल को बस ने अपनी चपेट मिले लिया। बाइक पर दो लोग सवार थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कंडक्टर और ड्राइवर मौके से फरार हो गए। इस दौरान बाइक और बस के टायर में आपस में रगड़ होने के कारण चिंगारी निकली। इस दौरान बाइक क्षतिग्रस्त होने से पेट्रोल का रिसाव हो रहा था। जिसकी वजह से आग लग गई। इस दौरान देखते ही देखते बाइक और बस आग की चपेट में आ गई। इस दौरान मौके मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिस पर 15 मिनट बाद अनूपगढ़ से दमकल मौके पर पहुंची और डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात को सुचारू कराया और दोनों शवों को राजकीय अस्पताल की मोर्च्यूरी में रखवाया। पुलिस के अनुसार फिलाहल दोनों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसे के दौरान बस में करीब 30 से 40 यात्री सवार थे। वहां मौजूद गांव वालों ने उन्हें बाहर निकाला। मौके पर मौजूद रतन लाल ने बताया कि बाइक पर सवार दो व्यक्ति जिनकी मौत हो गई, वे बस के अगले टायर में बुरी तरह से फंस गए थे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल और थानाधिकारी फूलचंद शर्मा जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही मामले की सूचना बीएसएफ को दी।

सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड, बीएसएफ के पानी के टैंकर और निजी पानी के टैंकरों से आग को बुझाने का प्रयास किया गया। लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया कि शवों को राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया गया है और शिनाख्त के प्रयास किए। आग पर काबू पा लिया गया है और यातायात व्यवस्था सुचारु करने का प्रयास किया।

# जोधपुर में हुई बारिश, मिली राहत

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश में मानसूनी बादलों से बारिश का दौर आरंभ हो रखा है। पश्चिमी राजस्थान में मानसून छाने के बावजूद अब तक जमकर बारिश नहीं हुई है। दो दिन से शहर और आसपास छुटपुट बारिश होकर रह जाती है।

गुरूवार को शहर में सुबह से ही धूप खिलने के साथ उमस सता रही थी। दोपहर बाद अचानक से काली घटाएं घिरने शुरू हुई। शाम तक बारिश होने लगे और सडकों पर पानी भी बहने लगा। बादलों की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगी। मगर कुछ देर बूंदाबांदी होकर रह गई। इससे उमस बनी रहीं। शहरवासी मायूस हो गए। आज सुबह दस बजे 31 डिग्री तापमान में गर्मी से राहत नहीं मिली। इधर मौसम विभाग की माने तो बारिश की संभावना बनी हुई है। बुधवार रात में जोधपुर में हल्की बारिश हुई थी वहीं शहर के आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई। गुरूवार को दिन निकलने के साथ 9 बजे तक तेज धूप ने गर्मी बढ़ा दी। जोधपुर में आज न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा तो वही अधिकतम तापमान 36 डिग्री बताया जा रहा है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी व उड़ीसा पोस्ट पर विकसित हुआ कम दबाव के क्षेत्र का रास्ता अब छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश की तरफ हो गया है। यह कम दबाव का क्षेत्र अब मध्यप्रदेश से होते हुए उत्तरी राजस्थान की तरफ बढ़ेगा। इस कम दबाव के क्षेत्र से जोधपुर की तरफ भी बादलों की आवाजाही शुरू हुई। जिले के कुछ हिस्सों में बारिश भी हुई। इसके असर से 48 घंटों में बारिश की संभावना बनी रहेगी। गुरूवार की शाम को हल्की बारिश होने से कुछ राहत मिली, मगर उमस बरकरार रहीं। फिलहाल आसमां में काली घटाएं छाई हुई है।

# कोटा बैराज का एक गेट खोला

**कोटा,** (निसं)। शहर में गुरुवार को दिन भर सुहावना हो गया। इसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पूरे दिन आकाश पर बादलों का कब्जा रहा। गुरुवार का अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया। उधर कोटा बैराज का शाम को एक गेट खोलकर 3700 क्यूसेक पानी की निकासी शुरू कर दी गई है। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता भारत रत्न गौड़ ने बताया कि जवाहर सागर बांध के पन बिजलीघर में विद्युत उत्पादन शुरू कर पानी की निकासी की जा रही है। इसके चलते कोटा बैराज का एक गेट खोला गया है।

# बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भरतपुर में नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया

## नड्डा ने बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद किया और दिशा निर्देश दिए

**भरतपुर,** (निसं)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने काली बगीची स्थित भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर सभा आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने बीजेपी नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान भरतपुर से ही जैसलमेर के कार्यालय का उद्घाटन व बाड़मेर कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास किया। इस दौरान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया सहित बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। भरतपुर में कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद नड्डा ने बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद किया और दिशा निर्देश दिए।





कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजस्थान के प्रभारी अरूण सिंह, पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजेन्द्र राठौड़ आदि मौजूद रहे।

नड्डा ने कहा कि अब तक पूरे देश में भाजपा के 500 से ज्यादा कार्यालय बन चुके हैं। जिसमें से 15 कार्यालय भाजपा के राजस्थान में बन चुके हैं। बीजेपी कार्यालयों का निर्माण कर रही है, यह हमारे लिए बहुत ख़ुशी की बात है। कार्यालय के निर्माण की बात ऐसे ही एकाएक नहीं हुई है। 2014 में जब पीएम मोदी ने अपना पद संभाला, उस समय हमारा कार्यालय नई दिल्ली में होता था। जब पीएम मोदी कार्यालय में आये तो उन्होंने कहा कि क्या हम अभी भी सरकारी भवनों में ही अपना कार्यालय चलाएंगे। हमें सोचना चाहिए कि हमारा अपना कार्यालय हो, कुछ दिनों बाद अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष बने, उन्होंने योजना बनाई, हमने तय किया कि प्रत्येक जिले में बीजेपी का अपना कार्यालय होगा। उस समय 800 से अधिक कार्यालय बनाने का निर्णय लिया गया। आज 500 से ज्यादा जिला कार्यालय और प्रदेश कार्यालय बनकर तैयार हो चुके हैं। 116 कार्यालय निर्माणाधीन हैं। 122 कार्यालय की जमीन मिल गई है। अब काम शुरू होना है।

नड्डा ने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि किसी समय में बीजेपी के पास कार्यालय के किराये के पैसे नहीं थे। पार्टी को बनाने में लोगों ने चार-चार पीढ़ियां खपा दी। किसी से दरी मांग कर लाते थे, पंखा लगाने के लिए डोनेशन लेकर आते थे, कमरे का किराए देने की स्थिति भी नहीं होती थी। उसके लिए भी कोई न कोई दाता ढूंढना पड़ता था। इन विपरीत परिस्थितियों में विचारधारा को आगे बढ़ाया।

नड्डा ने कहा कि आज बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी और विचारयुक्त पार्टी है। हमने एक नया राजनीति का आयाम शुरू किया। नड्डा ने कहा कि सभी पार्टियां परिवारों की पार्टी बन गई हैं। बीजेपी अकेली ऐसी पार्टी है जहां पार्टी ही परिवार है। उन्होंने कहाकि बिहार में हमारी लड़ाई आरजेडी से है, लालू यादव, तेजस्वी यादव परिवार की पार्टी, बंगाल में हम टीएमसी से लड़ रहे हैं। ममता बनर्जी और उनका भतीजा अभिषेक वह भी परिवार की पार्टी, बीजू जनता दल नवीन पटनायक की पार्टी ये सभी परिवार की पार्टियां हैं। अब तो कांग्रेस भी मां, बेटे, बेटी की पार्टी बन गई है। बाकी सभी की छुट्टी। बीजेपी अकेली ऐसी पार्टी है जिसमें पीएम मोदी ने वंशवाद को चैलेंज करके, रिपोर्टकार्ड की राजनीति को खड़ा किया और जनता के लिए काम करने के लिए जुटे। बीजेपी में पार्टी ही परिवार है और सभी को साथ लेकर चलती है।

उन्होंने कहाकि जल जीवन मिशन में सबसे ज्यादा पैसा राजस्थान को दिया गया। यह दुख के साथ बताना पड़ता है, सबसे खराब परफॉर्मेंस राजस्थान की है। राजस्थान का 32 में से 29वां नंबर है। इसलिए में चाहूंगा कि इन आंकड़ों को ध्यान में रखो। पीएम जब इतना कुछ राजस्थान के लिए कर रहे हैं। यह प्रदेश भ्रष्टाचार में आगे है। यह प्रदेश रेप में नंबर 1 पर खड़ा है। महिला उत्पीड़न हो रहा है। आने वाले यहां भी कमल खिलना चाहिए।

इस कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय महासचिव व राजस्थान के प्रभारी अरूण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केन्द्रिय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रदेश संगठन मंत्री चन्द्रशेखर, प्रदेश उपाध्यक्ष व भरतपुर संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, कुवंर दीपराज सिंह, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री महेन्द्र सिंह जाटव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजेन्द्र राठौड़, सांसद रंजीता कोली आदि मौजूद रहे।

# कम्प्रेशर फटने से एक मजदूर की मौत, तीन घायल

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के डाबला रोड स्थित मानसी विहार कॉलोनी में गुरूवार को वी.के.एस. ट्रेडिंग नामक कम्पनी की फैक्ट्री में गैस चैम्बर फट जाने से चार मजदूर घायल हो गये। गैस चौम्बर फटने से लोहे की मोटी चद्दर मजदूरों पर गिर गई। जिससे फैक्ट्री में काम कर रहे चार मजदूर घायल हो गये। जिन्हें तुरन्त राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से दो की हालत गंभीर हो जाने पर उन्हें जयपुर रैफर कर दिया गया। जिनमें से एक मजदूर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

- कस्बे के डाबला रोड स्थित मानसी विहार कॉलोनी की घटना

सूचना पर पहुंचे एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा व तहसीलदार अभिषेक सिंह एवं पुलिस जाप्ते ने मामले की जानकारी ली। वहीं राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुँचकर मजदूरों के हाल चाल भी जाने। उल्लेखनीय है कि डाबला रोड़ पर मानसी विहार कॉलोनी में स्थित उक्त छोटी फैक्ट्री है। जिसमें बिजली के पंखों व कूलर के कंसील बॉक्स बनाकर छोटे बॉक्सों पर एयर प्रेशर मशीनों से गैस चौम्बर में काला रंग किया जाता है। उक्त चौम्बर की दीवार एक धमाके के साथ फट गई। घटना कैसे हुई पुलिस इस बात की जांच कर रही है।

घटना में रोहिताश (18) पुत्र शिम्भुदयाल बंजारा निवासी ग्राम पुरूषोत्तमपुरा (कोटपूतली), संदीप (18) पुत्र मक्खन लाल गुर्जर निवासी बासदयाल, बानसूर, सोनू (18) पुत्र बंशीराम सैनी निवासी कोटपूतली व रामेश्वर (37) पुत्र तोताराम सैनी निवासी नारायणपुर, अलवर घायल हो गये। इनमें से रोहिताश बंजारा व रामेश्वर सैनी को जयपुर रैफर किया गया था। जिसमें से रामेश्वर सैनी की मृत्यु हो गई।

# निजी आवास में पेशकार ले रहा था रिश्वत, एसीबी ने दबोचा

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर में एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने कार्रवाई के तहत एक पेशकार को निजी आवास में 20000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। यह कार्रवाई बीकानेर जिले के लूणकरणसर तहसील में की गई। जानकारी के मुताबिक लूणकरणसर एसडीएम के पेशकार किशन सिंह को रिश्वत लेते हुए सीआई गुरमेल सिंह ने पकड़ा। बताया गया है कि किशन सिंह ने लीलाधर उर्फ भरत पारीक से सीआरपीसी धारा 122 की कार्रवाई रोकने के लिये पचास हजार रूपये मांगे थे। जिसके बाद आज उसके आवास आरसीपी कॉलोनी में बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। बाद में पूछताछ के लिये पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

# कलेक्शन एजेंट से साढ़े आठ लाख की लूट

**अजमेर,** (कासं)। जिले के मदनगंज किशनगढ़ थाना क्षेत्र में बाइक सवार चार बदमाशों द्वारा एक कलेक्शन एजेंट से साढ़े आठ लाख रुपए लूट का मामला सामने आया है। बदमाश एजेंट के हाथ से नोटों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। वारदात उस समय हुई जब कलेक्शन एजेंट बैग में यह राशि भर कर सरवाडी गेट क्षेत्र से हाउसिंग बोर्ड की तरफ जा रहा था। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा पीड़ित से मामले की जानकारी लेकर सभी थाना क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया।

शहर थाना अधिकारी जय सुल्तान सिंह ने बताया कि वारदात बीती रात मझेला रोड पर हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि स्पाइस मनी कंपनी के प्रतिनिधि नवीन गोयल बाइक पर 8 लाख 38 हजार की राशि बैग में भरकर सरवाड़ी गेट से हाउसिंग बोर्ड की तरफ जा रहा था। इसी दौरान मझेला रोड पर ईदगाह के नजदीक दो अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर आए 4 बदमाशों ने उनकी बाइक को रुकवाया और उससे रुपयों से भरा बैग छीनने कोशिश की।

- बाइक पर आए चार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम
- सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची
- पीड़ित से जानकारी लेकर सभी थाना क्षेत्रों में अलर्ट जारी

इसी कोशिश के दौरान छीना झपटी भी हुई जिसमें बदमाशों ने पीडित् को काफी दूर तक घसीटा भी। इस छीना झपटी में एक बदमाश का जूता भी मौके पर छूट गया। देर रात में पीड़ित ने शिकायत दी थी। हालांकि रात को ही पुलिस को लूट की सूचना मिली थी मगर पीड़ित के शिकायत दर्ज कराने थाने नहीं पहुंचने पर पुलिस कई घंटों तक परिवादी की तलाश करती रही। पीड़ित नवीन गोयल के मिलने के बाद सभी थाना क्षेत्रों में नाकाबंदी करवा बदमाशों का सुराग लगाने की कोशिश की गई।

पुलिस के अनुसार मामले में जांच आरंभ कर दी गई है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मामले की जानकारी मिलने पर डीएसटी टीम भी मौके पहुंची और सुराग जुटाने का प्रयास किया। पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में अलग अलग टीमें गठित कर जगह जगह दबिश दे रही है।

# काछोला के पूर्व सरपंच पर अधेड़ से कुकर्म करने का आरोप

## पूर्व सरपंच ने पीड़ित सख्स का वीडियो बनाकर एक साल तक किया ब्लैकमेल

**माण्डलगढ़,** (निसं)। माण्डलगढ़ में काछोला पंचायत के पूर्व सरपंच प्रहलाद नट ने हैवानियत की हदें पार कर एक अधेड़ शख्स के साथ एक साल से कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित सख्स का पोर्न वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोपी पूर्व सरपंच ने पीड़ित शख्स को ब्लैकमेल कर 10 हजार रुपए भी वसूल कर लिए। इस मामले को लेकर पीड़ित शख्स ने काछोला थाने में प्रहलाद नट के खिलाफ केस दर्ज कराया है। डीएसपी के निर्देश पर मामले की जाँच माण्डलगढ़ थाना प्रभारी को सौंपी गई हैं।

काछोला थाना पुलिस के अनुसार क्षेत्र के एक अधेड़ पीड़ित सख्स द्वारा दी गई शिकायत में बताया की काछोला पँचायत के आरोपी पूर्व सरपंच प्रहलाद नट ने उसे चाय पीने के बहाने घर बुलाया। चाय में नशीला पदार्थ होने से वह अचेत हो गया था। इस दौरान आरोपी ने पीड़ित शख्स के साथ कुकर्म किया और वीडियो बना लिया। आरोपी नट पीड़ित को वीडियो वाइरल करने की धमकी दे कर पिछले एक साल से कुकर्म करता आ रहा हैं।

उक्त कृत्य से परेशान होकर पीड़ित सख्स ने आरोपी के घर आने से मना किया और मोबाइल का वीडियो डिलीट करने की गुहार लगाई तो पूर्व सरपँच प्रहलाद नट ने पीड़ित सख्स से वीडियो डिलीट करने की एवज में 50 हजार रुपए माँगे, नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे दी। पीड़ित ने कहीं से 10 हजार रुपए उधार लाकर आरोपी प्रहलाद नट को दे दिए और शेष 40 हजार रुपए नहीं देने पर आरोपी ने पीड़ित सख्स का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित सख्स सोशल मीडिया में अपना वाइरल वीडियो देख घबरा गया और आत्महत्या करने प्रयास किया। इस बीच पीड़ित सख्स के परिजनों को आप बीती बताई।



आरोपी पूर्व सरपंच प्रहलाद नट

- 40 हजार रुपये नहीं दिए तो वीडियो वायरल कर दिया, मामला दर्ज

पीड़ित सख्स ने बताया कि आरोपी प्रहलाद नट सरपंच पद पर था, तब अपना रौब दिखाकर कई महिलाओं व युवकों को अपनी हवस का शिकार बनाता आया है और वीडियो बना कर वाइरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता है। आरोपी ने अपने मोबाइल फोन में कई पोर्न फिल्में अपलोड कर रखी हैं।

काछोला थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी पूर्व सरपंच प्रहलाद नट निवासी काछोला के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच माण्डलगढ़ थानाधिकारी मनोज जाट को सौंपी गई है। गौरतलब है कि काछोला ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर रहे प्रहलाद नट पर ग्राम विकास अधिकारी के साथ मारपीट, फर्जी पट्टा प्रकरण, राष्ट्रीय ध्वज का अपमान सहित कई गम्भीर प्रकरण विचाराधीन चल रहे है। वहीं प्रहलाद नट के आचरण को लेकर पँचायत के वार्ड पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव लाकर सरपँच पद से हटाया गया था।

# सड़कों पर दरिया बनकर बहा बारिश का पानी, बच्चों ने की छपाक-छई

## प्रदेश में मानसून आने के बाद गुरूवार को जयपुर में हुई झमाझम बारिश





गुरूवार को जयपुर में दिनभर झमाझम बारिश हुई, अजमेर पुलिया के पास बच्चे बारिश के पानी में खेलते रहे। वहीं परकोटे में गोवर्धन नाथ मंदिर का छज्जा टूटकर गिरा।

-कार्यालय संवाददाता-

- हवामहल के नजदीक गोवर्धन नाथ मंदिर का छज्जा गिरा, बड़ा हादसा टला
- टूटी सड़कों में फिसलकर गिरे कई दुपहिया वाहन चालक, आमेर में भी ई-रिक्शा पलटा

**जयपुर**। राजस्थान में मानसून की एंट्री के बाद गुरूवार को राजधानी जयपुर में दिनभर झमाझम बारिश हुई। बारिश का पानी सड़कों पर दरिया बनकर बहता दिखा। जयपुर-अजमेर पुलिया के पास सड़क पर पानी भर गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे छपाक-छई करते नजर आए। उधर बारिश का मौसम शुरू होने के बाद जयपुर शहर के परकोटा क्षेत्र में जर्जर इमारतों ने मुश्किल बढ़ा दी है, अब यहां हादसों का खतरा बढ़ गया है। गुरूवार को मानसून की पहली बरसात ने ही चारदीवारी में अपना असर दिखाना शुरू किया। विश्व प्रसिद्ध इमारत हवा महल के नजदीक देवस्थान के अधीन आने वाले गोवर्धन नाथ मंदिर का छज्जा गिर गया, गनीमत रही कि उस वक्त वहां से कोई गुजर नहीं रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

दरअसल गुरूवार अलसुबह से ही शहर के आसमां पर काले बादलों ने डेरा डाल रखा था। तेज गर्मी और उसम के बाद रिमझिम बारिश की बूंदों ने शहर को भिगोया तो मौसम खुशनुमा बन गया। दिनभर थम-थमकर कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश होती रही। इस कारण शहर के निचले इलाकों, कच्ची बस्तियों और सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया। अजमेर-दिल्ली बाईपास के नीचे बने हुए बरसाती नालों की सफाई नहीं होने के कारण पानी सड़कों पर भर गया, इस कारण दुपहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। सिरसी रोड पांच्यावाला पर 200 फीट पुलिया के पास सड़क पर भरे हुए पानी में कई दुपहिया वाहन चालक गिर गए, जिन्हें आसपास के लोगों ने उठाया।

इसी प्रकार रामगढ़ मोड से जलमहल में गिरने वाले नाला गुरुवार को ओवरफ्लो हो गया। इससे सड़क पर करीब 10 ट्रॉली कचरा इकट्ठा हो गया। इससे एक ओर का रास्ता बंद हो गया। जगह कम होने और पानी का बहाव तेज होने की वजह से ई-रिक्शा पलट गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। उधर मौसम विभाग ने शुक्रवार को अजमेर, भीलवाड़ा और बूंदी में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया गया है। इसके अलावा अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक, बाड़मेर, बीकानेर, चूरु, हनुमानगढ़, जालोर, जोधपुर, नागौर, पाली और श्रीगंगानगर जिले में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

# लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रही युवती की हत्या

**जयपुर** (कासं)। लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने वाली एक युवती की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका के पिता और भाई उसे असम, दिल्ली और जयपुर में तलाश करते रहे लेकिन बेटी के बारे में पता नहीं चल सका। जब पता चला तब तक उसकी हत्या कर दी गई थी। उसके पिता ने अब जयपुर के चित्रकूट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रेमी और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि सिताई कूच बिहार निवासी कान्दुरा बर्मन ने उनकी बेटी प्रेमिला की हत्या का मामला दर्ज करवाया है। बिहार पुलिस की ओर से काटी गई जीरो नंबर एफआईआर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। 22 अप्रैल को चित्रकूट इलाके में हैगिंग का केस आया था। प्रेमिला नाम की महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला था। पुलिस प्रथदृष्टया जांच में सुसाइड होना सामने आया था। पुलिस ने मौका-मुआयना कर शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया था। हत्या की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मृतका प्रमिला के भाई विधन बर्मन का कहना है कि आरोपी परमेश्वर बर्मन ने बहन की हत्या की है। उसने ही बहन को अपने साथ झूठे वादे कर रखा और असम से भगा ले गया। बच्चों से भी नहीं मिलने दिया। उसके बाद उसे कभी दिल्ली तो कभी जयपुर में रखा और फिर जयपुर में उसकी हत्या कर दी। हत्या कर मामले को सुसाइड का रूप देने की कोशिश की, फिर लाश को वहीं छोड़कर फरार हो गया। उसे मारकर फंदे से लटका दिया गया था।

## सहपाठी निकला ब्लैकमेलर बदमाश

**जयपुर** । राजधानी की मालपुरा थाना पुलिस ने नर्सिंग छात्रा को सोशल मीडिया पर अश्लील मैसेज भेजकर ब्लैकमेल करने के मामले में सहपाठी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़िता पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। वह उसे सोशल मीडिया पर अश्लील और गंदे मैसेज भेजकर परेशान कर रहा था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोज कुमार भरतपुर के गोपालगढ़ का रहने वाला है। वह मानसरोवर में रहकर पढ़ाई कर रहा है। इस संबंध में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें बताया था कि वह बीएससी नर्सिंग कर रही है और चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत है। वह अपने फोन पर इस्टाग्राम चलाती है। इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति उसे अलग-अलग फेंक आईडी से मैसेज कर रहा है। पूछने पर उसने बताया कि वह जूनियर है और उसको अच्छे से जानता है। इस पर युवती ने उसे मैसेज करने से मना कर दिया और उसे ब्लॉक कर दिया। इसके बाद आरोपी अन्य लडकी के नाम से फेक आईडी बनाकर उसको अश्लील और गंदे मैसेज भेजकर परेशान कर रहा था। इसके चलते उसकी पढ़ाई बाधित हो रही थी। पुलिस ने कॉल डिटेल निकलवाकर आरोपी मनोज यदुवंशी को दबोच लिया।

## सार-समाचार

### पड़ौसी ने युवती से बदसलूकी की

**जयपुर** (कासं)। खोहनागोरियान इलाके में पडौसी युवक द्वारा एक युवती से बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। गाली-गलौज कर हमला करने पर गेट बंद कर युवती ने अपनी जान बचाई। गेट पीटते हुए धमकी दी कि बाहर निकले तो टांगें तोड़ दूंगा। खोह नागोरियान थाने में पीड़िता ने पडौसी युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा निवासी 25 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह राजस्थान यूनिवसिर्टी से गोल्ड मेडलिस्ट है। आरोप है कि 23 जून की शाम को वह अपने फ्लैट में डांस प्रेक्टिस कर रही थी। शाम करीब पौने 7 बजे फर्स्ट फ्लोर पर रहने वाला मोहित पमवारिया नाम का युवक हंगामा करने लगा। डांस प्रैक्टिस बंद करने को लेकर धमकाने लगा। सोसाइटी ऑफिस में जाकर परेशानी बताने की कहने पर गुस्से में हो गया। गाली-गलौच कर आरोपी पडौसी ने युवती से बदसलूकी की। उसे और उसके भाई को मारने के लिए हमला कर दिया। भाई-बहन ने फ्लैट का गेट बंद कर अपनी जान बचाई। आरोप है कि उसके बाद भी आरोपी गेट को बार-बार पीटता रहा। गाली-गलौच कर धमकी देता रहा कि बाहर निकले तो टांगें तोड़ दूंगा। परिजनों के आने पर दोबारा धमकी देना शुरू कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

### पांच मंजिला इमारत में 7 फ्लैट सील

**जयपुर** । जेडीए प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को अलसुबह जोन 5 में रानी सती नगर में 5 मंजिला इमारत को सील कर दिया, वहीं जोन 9 में रामेश्वरधाम में अवैध अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलाया। जेडीए मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-5 में रानी सती नगर गैर अनुमोदित आवासीय योजना में 200 वर्गगज में बिना अनुमति बनाई जा रही बेसमेंट सहित 5 मंजिला अवैध बिल्डिंग-फ्लेट्स को सील किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवैध निर्माण की जानकारी मिलेन पर पिछले साल नवम्बर में नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के लिए पाबंद किया गया, लेकिन जवाब संतोष जनक नहीं रहा। अब बेसमेंट सहित 5 मंजिला वृहद अवैध बिल्डिंग में 7 फ्लैटस के प्रवेश द्वारों पर ईंटों की दीवारें चुनवाकर पुख़्ता सीलिंग की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि जोन-09 में अनुमोदित आवासीय योजना रामेश्वरधाम फेज-प्रथम में 200 फिट सेक्टर रोड सीमा में अवैध बाउंड्रीवाल बनाकर किए गए अतिक्रमण का ध्वस्तीकरण कर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

### शिल्पा शेट्टी करेंगी 70 लोगों का सम्मान

**जयपुर** । अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के साथ समाज में मूल्यवान स्थान बना चुके 70 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। मौका होगा 30 जून को जयपुर मैरियट में आयोजित होने जा रहे इंडो इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड का। शो की भव्यता को बढ़ाते हुए शहर में ट्रॉफी लॉन्च कार्यक्रम का सोडाला स्थित पाइंट हाउस में आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हुकुम सिंह कुंपावत सहित आयोजक रिंकु सिंह गुर्जर और अंबालिका शास्त्री ने ट्रॉफी लॉन्च की। इस दौरान इंडो इंटरनेशनल अचीवर्स अवॉर्ड की ब्रांड एम्बेसेडर एस्ट्रोलॉजर सुरभि गुप्ता, क्लब के ओनर आशीष शर्मा, राज खान, डॉ.अरविन्द और पूजा अग्रवाल, विकास जैन, नरेश अठावाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान हुए लाइव म्यूजिक गाला का शहर के कई जाने माने इन्फ्लुएंसर्स, डिजाइनर्स, मॉडल्स और एंटरप्रिन्योर ने आनंद उठाया। इस दौरान रिंकू सिंह गुर्जर ने बताया कि देशभर से चुने गए 40 से ज्यादा केटेगरी में 70 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सेलिब्रिटी गेस्ट और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा कार्यक्रम में चार चांद लगाने के साथ ही सभी अचीवर्स को ट्रॉफी देते हुए सम्मानित करेंगी। ये सभी 70 अचीवर्स का विभिन्न कैटेगरीज, जैसे फैशन,एजुकेशन, बिजनेस, आर्ट एंड कल्चर, मेडिकल,ज्वेलरी, ब्लॉगर, एफ एंड बी, डिफेन्स जैसी कैटेगरीज में चयन किया गया है।

### बाबा उमाकान्त का सत्संग आज

**जयपुर**। बाबा जयगुरुदेव संगत राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष वैध रामकरण शर्मा ने बताया कि विश्वविख्यात निजधामवासी सन्त बाबा जयगुरुदेव महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, आजकल इतने जप तप पूजा पाठ यज्ञ होने पर भी देवताओं के खुश न होने का वास्तविक कारण बताने वाले, बाहरी जड पूजा से आत्मा को फायदा नहीं मिलता तो फिर जीवात्मा को मुक्ति मोक्ष कैसे मिलेगा। वो अनमोल नामदान का रास्ता बताने वाले बाबा उमाकान्त का अद्भुत गुरु पूर्णिमा तीन दिवसीय सत्संग व नामदान कार्यक्रम 1, 2, 3 जुलाई को अजमेर रोड, ठीकरिया स्थित बाबा उमाकान्त महाराज आश्रम के पास में आयोजित होगा। इसमें महाराज द्वारा उच्च कोटि का आध्यात्मिक सतसंग तीनों दिन प्रातः 5 व सायं 4 बजे से होगा। इसके अलावा साधु समाज, पत्रकार, बुद्धिजीवी, सेनानी आदि कई वर्गों के सम्मान भोज व समारोह भी बाबा उमाकान्त व उनकी संस्था बाबा जयगुरुदेव शब्द योग विकास संस्था द्वारा आयोजित है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारी संख्या में देश-विदेश से भक्तों का जमावड़ा लगना शुरू हो चुका है। अमेरिका व दुबई से प्रेमी कार्यक्रम से पहले आकर सेवा और दर्शन का लाभ ले रहे हैं। और भी कई देशों से भक्तों के आने की सूचना है।

### निर्धन बच्ची का विवाह कराया

**जयपुर** । समाज में एक तरफ हर दिन नकारात्मक घटनाएं घटती है। देह शोषण, अत्याचार, लूटपाट, छेड़छाड़ की ही खबरें सुनाई देती हैं, वहीं कुछ संगठन समाज के बीच रहकर अच्छे कार्य कर रहे हैं। ये संगठन शोषित, वंचित, निर्धन लोगों की सुध ले रहे है,ए उन्हें सहयोग और संबल दे रहे हैं। ऐसी ही एक पहल विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल ने की है। सीकर रोड हरमाडा के विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मिलकर एक निर्धन लडकी का विवाह सम्पन्न करवाया। विश्वकर्मा 17 नंबर निवासी ओमप्रकाश गोस्वामी आजीविका के लिए दिहाड़ी मजदूरी करते है। वह बेटी सुनीता के विवाह को लेकर चिंतित थे। उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं हैं कि बेटी की ढंग से शादी कर सके। इसकी जानकारी स्थानीय विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को हुई। रामचन्द्र मोदी, विनीत शर्मा, बलराम रायका ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से सहयोग जुटाया और सुनीता का विवाह धूमधाम से करवाया।

### नर्सेज संघर्ष समिति ने बांटे पीले चावल

**जयपुर**। जयपुर संयुक्त नर्सेज संघर्ष समिति ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज से संलग्न सवाई मानसिंह हॉस्पिटल, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल व ट्रोमा सेंटर में नर्सेज को पीले चावल बांट कर 1 जुलाई को 2 घंटे की गेट मीटिंग में सम्मिलित होने का नौता दिया है। समिति के संयोजक सोमसिंह मीणा और मनोज दुब्बी ने बताया कि नर्सेज संवर्ग की वेतन भत्तों विसंगति, कैडर रिव्यू, स्वतंत्र नर्सिंग निदेशालय की स्थापना, उच्च शिक्षा भत्ता, ड्रेस कोड परिवर्तन सहित लंबित 11 सूत्री मांगों को लेकर सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में 1 जुलाई को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक 2 घंटे की गेट मीटिंग कर विरोध दर्ज कर आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। समिति जयपुर के संयोजक मनोज दुब्बी, सोमसिंह मीणा, महिपाल सामोता, अनेश सैनी, समोल कुमारी, आशीष भारद्वाज व जितेंद्र कटारा ने पीले चावल बांटकर नर्सेज को आमंत्रित किया।

## फ्लैगशिप इवेंट में डॉक्टर्स का होगा सम्मान

**जयपुर** (कासं)। प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी की ओर से हर साल आयोजित किया जाने वाला फ़्लैगशिप इवेंट, डॉक्टर्स डे, सी. के. एस. हॉस्पिटल्स के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 1 जुलाई को सी-स्कीम स्थित जय क्लब के लॉन में मनाया जाएगा। इस दौरान कई डॉक्टर्स का सम्मान किया जाएगा।

सोसायटी को प्रेसिडेंट डॉ. विजय कपूर ने बताया कि डॉक्टर्स-डे के इस 16वें एडिशन में 1000 से अधिक डॉक्टर्स सपरिवार शिरकत करेंगे। डॉ. कपूर ने बताया कि समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर जयपुर के पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव, राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ सांईसेस के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी व सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा होंगे। साथ ही डिसटिंगविश्ड गेस्ट कार्डियोलोजिस्ट व सी. के. एस. हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रकाश चांदवानी होंगे। डॉ. कपूर ने बताया कि यह समारोह सेलिब्रेशन कम इंस्टॉलेशन नाइट के रूप में मनाया जाएगा जिसमें नई टीम का शपथ ग्रहण समारोह और भव्य म्यूज़िकल ईवनिंग का आयोजन होगा। इस दौरान प्रख्यात फ़्यूज़न बैंड ड्यून्स ऑफ राजस्थान के साथ फ़ेमस सिंगर रवींद्र उपाध्याय प्रस्तुति देंगे। साथ ही चिकित्सकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

# ज्वैलरी शोरूम में फायरिंग कर लूटपाट की कोशिश

- शोरूम मालिक सक्षम जैन व चेतक पर तैनात कांस्टेबल विजय सिंह ने हिम्मत दिखाकर आरोपी को दबोचा
- पुलिस ने पूछताछ के आधार पर आरोपी योगेश के साथी राहुल को चांदपोल से दबोच लिया

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के माणक चौक इलाके में गुरूवार रात ओम जैन ज्वैलर्स के शोरूम में हथियारबंद बदमाशों ने फायरिंग कर लूट का प्रयास किया। इस दौरान दुकानदार और वहां से गुजर रहे चेतक पर तैनात कांस्टेबल ने एक बदमाश को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के एक साथी को भी चांदपोल के पास से पकड़ लिया है।

सहायक पुलिस आयुक्त माणक चौक डॉ. हेमंत जाखड़ ने बताया कि गुरूवार रात करीब साढ़े 8 बजे ओम जैन ज्वैलर्स की दुकान में एक बदमाश हथियार लेकर घुसा और लूट की कोशिश की। इस दौरान दुकानदार सक्षम जैन ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी से भिड़ गया। उसी वक्त वहां से गुजर रहे चेतक पर तैनात कांस्टेबल विजय सिंह भी घटना की भनक लगते ही शोरूम में पहुंच गया। इस दौरान आरोपी ने दुकान पर फायर कर दिया, हालांकि इससे हताहत नहीं हुआ। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी हाथरस (यू.पी.) निवासी योगेश बघेल को दबोच लिया और उसे पिस्टल व कारतूस बरामद कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी योगेश बघेल का एक साथी राहुल निवासी हाथरस (यू.पी.) सिंधी कैंप पर उसका इंतजार कर रहा था। यह गैंग वारदात के बाद तुरंत उत्तरप्रदेश भागने की फिराक में थे। पुलिस ने तुरंत इलाके में नाकाबंदी करके हुलिये के आधार पर उसके साथी राहुल को भी चांदपोल के पास से दबोच लिया। पुलिस दोनों बदमाशों से पूछताछ करने में जुटी है।

### कार से 3 लाख रु. चोरी

उधर जे.एल.एन. रोड पर जेडीए ऑफिस के बाहर खड़ी कार से 3 लाख रुपये चोरी हो गए। गांधी नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा निवासी सतीश शर्मा किसी काम से जेडीए आए थे। दोपहर करीब बारह बजे जेडीए में आने के बार सतीश ने अपनी कार को बिड़ला मंदिर की दीवार से सटाकर पार्क कर दी थी। दोपहर करीब ढाई बजे के बाद जब वे वापस लौटे तो कार का शीशा टूटा हुआ था और कार में से बैग गायब था।

## जैन मंदिर से प्रतिमाएं चोरी

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के श्याम नगर इलाके में चोर जैन मंदिर से अष्टधातु की चार प्रतिमाएं और चांदी के छत्र सहित अन्य सामान चुरा ले गए। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में छह सात बदमाश चोरी करते हुए दिखाई दे रहे है।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में पार्श्वनाथ कॉलोनी निर्माण नगर श्याम नगर के ज्वाइन्ट सेक्रेटरी मुकेश जैन ने मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि 29 जून को मंदिर के सेवक शम्भू दयाल रोजाना की तरह सुबह 5.30 बजे मंदिर पहुंचे। मंदिर के ताले टूटे हुए थे।

अंदर कांच वाला गेट जिसमें सभी भगवान की प्रतिमाएं विराजित थी उसके भी ताले टूटे हुए मिले। चोर मंदिर से आदिनाथ भगवान, चन्द्रप्रभु भगवान, पार्श्वनाथ भगवान, और सिद्दप्रभु भगवान की अष्टधातु की प्रतिमाएं चुरा ले गए। इसके साथ ही चोर चांदी के सिंहासन तीन बडे दो छोटे, पंचमेरू पांच नगर, अष्टप्रातिहार्य 8 नग, चांदी के प्याले 2 नग, छत्र 12 नग ले गए।

पुलिस ने बताया कि चोर मंदिर में रात 2.30 बजे घुसे। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में 6 से 7 लड़के दिखाई दे रहे है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दी है। पुलिस अब सी.सी.टी.वी. कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश करने में जुटी हुई है।

# पानी की टंकी पर चढ़े विद्यार्थी मित्र नीचे उतरे



सिंधी कैंप इलाके में डी सर्किल के पास बनी पानी की टंकी पर चार विद्यार्थी मित्र दूसरे दिन गुरूवार को भी चढ़े रहे। देर रात एडिशनल डी.सी.पी. रामसिंह और ए.सी.पी. संजय आर्य और सिंधी कैंप थानाधिकारी जयमल सिंह की समझाइश पर वे नीचे उतर आए। शुक्रवार को इनकी वार्ता राज्य सरकार से करवाई जायेगी। गौरतलब है कि नियमितिकरण की मांग को लेकर दो महिलाओं समेत 4 विद्यार्थी मित्र गुरूवार को टंकी पर चढ़े थे।



जयपुर में गुरूवार को ईद-उल-अजहा यानि बकरीद के पर्व पर विशेष नमाज दिल्ली रोड स्थित ईदगाह में हुई। ईदगाह से लेकर खोले के हनुमानजी गेट तक दोनों ओर लाखों की संख्या में शहरभर से नमाजी यहां पहुंचे। राजस्थान चीफ काजी खालिद उस्मानी ने दुआ करवाई। नमाज अदा करने के बाद समाजनजनों ने आपस में गले लगकर एक दूसरे को गले शिकवे भूलाकर पर्व की मुबारकबाद दी। फोटो-राष्ट्रदूत

## मासूस बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**जयपुर**। प्रताप नगर इलाके में 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। मां आरोपी पडौसी के भरोसे बच्ची को छोड़कर मार्केट गई गई थी। घर में अकेला पाकर आरोपी ने बच्ची से जबरदस्ती की। चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़कर पहुंचे परिचित ने बच्ची को दरिंदगी का शिकार होने से बचाया। प्रताप नगर थाने में पीड़ित बच्ची की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान सेल कर रहे है।

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 27 जून की दोपहर करीब 12:30 बजे वह किसी काम से बाजार गई थी। मार्केट जाते समय पडौसी के भरोसे 10 साल की बच्ची को घर पर छोड़ गई। आरोप है कि घर पर अकेला बच्ची को पाकर आरोपी पडौसी की नीयत खराब हो गई। आरोपी ने 10 साल की बच्ची के साथ रेप का प्रयास किया। बच्ची के विरोध कर चिल्लाने की आवाज सुनकर परिचित दौड़कर मौके पर पहुंचा। परिचित ने आरोपी के चुंगल से बच्ची को छुड़ाकर दरिंदगी का शिकार होने से बचा लिया। जिसके बाद बच्ची ने मां को कॉल कर आरोपी की करतूत बताई, यह सुनकर मां दौड़कर घर पहुंची और थाने जाकर मामला दर्ज कराया।



## International Asteroid Day

Scientists estimate that approximately 65 million years ago, an enormous asteroid fell to the earth in the area that is presently Yucatan, Mexico. This is referred to as the Chicxulub impact and some scientists think this may be what contributed to the extinction of the dinosaurs. The goal of International Asteroid Day is to inform the public regarding various actions and efforts that should take place in case the need should arise.Explore the mysteries of space rocks hurtling through the galaxy, with the potential to unlock secrets of our universe!

#RESTRO-REVIEW

# Diona: Watering Hole To Cool



In the heart of Jaipur concrete jungle it can accommodate multiple private parties at a time with their 5 serving bars at different decks to facilitate the crowd and hosts a beautiful infinity pool.



Sadhana Garg
*Journalist & social entrepreneur*

If you love your mocktails a little more than everything else around you, you are in the right lane. Or how else can you survive this sweltering heat and simmering temperatures of the last few days?

A great wine stop over is Diona- a resto lounge and bar launched by Prime Hospitality.

It claims to be the biggest rooftop lounges of India, spanning over an area of 36,000 sqft, with expansive indoor and outdoor venues. Diona Jaipur raises the bar- both literally and figuratively. It isn't a place, but a lifestyle. The entire architecture and interiors of the lifestyle destination are designed to make you relax.

In the heart of Jaipur concrete jungle it can accommodate multiple private parties at a time with their 5 serving



bars at different decks to facilitate the crowd and hosts a beautiful infinity pool on the 12th floor overlooking the city with a 180 degree wide view. The whitewashed walls, rustic open spaces, and the quintessential Santorini blue transport you to the Greek isle while you are at Ajmer Rd.

A curated menu of unique appetizers, local and international delicacies, and house-crafted cocktails put the rooftop bar on top of the things to do in Jaipur.

The Brewery at Diona - Speaking of the five exquisite beers, Pomona Mango Milkshake Pale Ale has the texture of a milkshake and the taste of mango with a hint of hops and malt, creating a delightful drinking experience for beer and non-beer drinkers alike.

Apollo Lager on the other hand is out and out a German beer with notes of citrus and herbs. Titan German Hefeweizen has overwhelming notes of clove and banana and gives you a fruity flavour with an extremely satisfying



wheat finish.

While Chronos Belgian Wit Beer is a go-to with most wine drinkers, with literally no bitterness and is all about sweet and spicy notes. Chaos American IPA is Diona's take on the ever famous IPA and has soft bitterness, honey sweetness with aroma and flavours of tropical fruits. Choosing the best one leaves everyone in a spot.

The hord'eouvres menu other than the usual suspects like paneer, Hara bhara tikka, dhaike kabab, corn palak tikki is also laced with sushi and Italian fare.

Diona until very recently was the weekend toast of Jaipur yuppies. All mocktails that are most in demand are served at another level at this watering hole.

**So the most ordered virgin mocktails are**

- Cinderella
- Spicy Guava Drink
- Pineapple Sweet Lime Drink
- Melon and Ice- Cream Fizzy Drink
- Fresh Complexion Express, Pineapple and Cucumber Juice
- Virgin Pina Colada

The pomegranate sangaria is also that stays with you long after you have stepped out of Diona.

For foodies who cannot do without the daily dose of roti subzi there is a main course menu too- both vegetarian and non-vegetarian.

So Diona ideally this time of the year in the evenings has a great Diva pull with confetti in their hair and a drink in their hand and a cool dude besides them to have fun without sin.



#MOTIVATION

# Failure Is Gradual and Then Sudden!



The Law of Entropy fits life like a glove. You must run to stay in the same place. And you must run like your tail is on fire to progress. If you don't invest in your growth, you won't grow. But the market grows, customer needs grow, technology grows, demands grow, everything around you grows, and one day you discover that you don't fit any longer. Worse, your employer discovers that, and you become the proud owner of a Pink Slip. Remember that didn't happen then. Your Pink Slip was written the first time you passed up an opportunity to learn.



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*

A quote from something a dear friend sent me. "In Ernest Hemingway's famous novel, The Sun Also Rises, a character is asked how he went bankrupt. "In two ways," he answers. "Gradually and then suddenly."

A famous sentence, one that aptly describes how businesses go down. We get fixated on the sudden events that occur at the end of the trajectory-banks calling in their loans, creditors going to court, unpaid salaries, and the like. It all feels dramatic and sudden, and we look for answers in the here and now.

But those answers can only be found way back.

Businesses are not the only things that go wrong following this gradually-then-suddenly trajectory. Many other human endeavours follow the same path. There is much anxiety and hand-wringing when we suffer an avoidable medical event, for example, but our lifestyle choices over many years prior often go unremarked.

When human constructs like bridges or dams fail, or cities are flooded, it is not just because of sudden and unusual rain events. There is a gradual negligence afoot-years and years of wear and tear, maintenance failures, or unattended corrosion.

Because we looked away from that work, we are forced to look on in horror when the final collapse happens." End of quote

That's the theory of Seneca's Cliff... takes a long time to get to the top of the cliff and then is the sudden drop to destruction. The problem is that after a certain point is crossed, reversal is almost impossible and going off the top is inevitable. That's where I fear we have reached, in several countries that I am familiar with and globally. In the countries that I am thinking of, it is the apparently sudden appearance of majoritarianism, fascist politics, victimizing of a group to project them as a 5th column enemy from within, and divert the attention of the masses from all kinds of economic skullduggery to enrich the elite ruling class. This includes the passing of draconian laws to track, monitor and control people in the name of keeping them 'safe'. Covid was a huge 'blessing' for such leaders who used it instantly to pass laws with popular support which couldn't have seen the light of day in a normal period. The problem with all these is that once in place, they never go away, though the so-called threat itself may have gone. The media plays a huge role in enabling all this. Thanks to a gullible population addicted to screens, which can't differentiate between the truth and concoction, and willing to follow the Pied Piper, the rest is easy.

But when you stop for a bit and look back at history you will find plenty of signs about where society was headed. You will find the signs not in cataclysmic events in high places but in daily dinner table conversations at home, in unintentional maybe even unconscious messages to children, in choices about who to be friends with, who to invite home, who is considered 'safe', respectable, or otherwise. You will find the signs in daily conversation in how certain people are referred to. You will find the signs most powerfully in jokes and humour, which highlights prejudice long before it is seen in public. A progression of that is when target groups start to mock themselves. Standup comedy is an early warning signal for those who can see. You will find the signs in the increasingly insular, chauvinistic, uni-culture nature of social gatherings, where the one who doesn't fit in is unwelcome. You will find it in apologetic suffixes to statements like, 'I am not saying that 'they' are all like this,' or 'Some of my best friends are Xians' or 'Not all Xians are XYZs but all XYZs are Xians.' From here it gets to being normalized in public discourse by national leaders and we are well and truly on the slope. The question to ask is not, 'How was I so blind that I didn't see what was happening early enough to stop it,' but 'What is happening right now that I need to notice and stop so that we don't have a catastrophe to deal with a decade later?'



To understand why this happens let me tell you the Parable of the Boiled Frog to illustrate what I mean by the danger of gradual change. If you take a nice, healthy, frog and drop it into a pot of hot water, it will instantly leap out. But if you take the same frog and put it in a pot of water at room temperature and allow it to get comfortable in it, then you light a fire under the pot and 'gradually' heat it, the frog will get used to the gradual rise in temperature until the temperature gets dangerously hot. But by then the frog, being a cold-blooded being, is too flaccid, maybe even paralyzed, and can't move, even though it knows that its life is in danger. Pardon my saying that with so much authority though I have never been a frog, much less in such a predicament. This is my parable of the boiled frog. A disclaimer before we go further - please do not try this anywhere. There is or should be a law against cruelty to dumb frogs.

The parable is salutary of course for another reason because for a lot of people this is the story of their lives. They live unaware of the water heating up, until it is too late. As the unknown (to me) author in the quote above said so aptly, "Because we looked away from that work, we are forced to look on in horror when the final collapse happens."

> Add value first. Entitlement will follow. Entitlement goes with territory. Contribution defines the territory.
> — Yawar Baig

> THE SINGLE, MOST POWERFUL CHANGE TO TRANSFORM THE WORLD IS TO MOVE FROM - THE WORLD IS RESPONSIBLE FOR ME TO, I'M RESPONSIBLE FOR THE WORLD.
> — Yawar Baig

> WE GET WHAT WE MEASURE. WE GET WHAT WE REWARD. ALLERGY TO CRITICISM IS ALLERGY TO SURVIVAL.
> — Yawar Baig



### You Don't Want A 99%

In my life of 67 years to date and 40 years in consulting, coaching, and mentoring, advising individuals, organizations, and governments, on matters related to leadership and human relations, the Parable of the Boiled Frog, appears to come true far more than I would have thought possible, given that in all cases I am talking to highly educated, intelligent people. But true it is, whether we like it or not. Extremely painful, and deeply tragic because it is totally avoidable. The solution is to constantly measure everything that is valuable to you. The key word is 'constantly'. In the words of Mikel Harry of Motorola, the co-developer of Six Sigma Methodology to measure quality, "If you want to see what people value, see what they measure." I want to use Six Sigma especially because it takes measurement to a different level. To illustrate, if you have a process that is 99% right, most people will be satisfied with it. But 99% is 10,000 mistakes per million. Six Sigma is 3.4 mistakes per million. When you are flying at 30,000 feet, you don't want to know that the engines of your plane were built in a factory that worked on 99% right standard. The benefit of frequent measurement and measuring small changes is that corrections are easier and less painful to make.

> Likewise for marriages where you seriously want to say to the individual, 'Please swear on whatever you consider holy and hope to die if you break that oath, that you will never, ever, even consider getting married. You were created to live alone and die alone. Fulfill the purpose of your creation and don't ruin someone else's life.'

Taking this into the realm of so-called real life, consider marriages and raising children as a classic example of the opposite of the philosophy of Six Sigma and behold its catastrophic results all around us in society. I have seen so many people behaving in toxic ways about whom I think, 'How I wish their parents had invested in a jumbo-size box of condoms.' In case you are laughing, that was not a joke. Likewise for marriages where you seriously want to say to the individual, 'Please swear on whatever you consider holy and hope to die if you break that oath, that you will never, ever, even consider getting married. You were created to live alone and die alone. Fulfill the purpose of your creation and don't ruin someone else's life.' I know that is not very polite and so I haven't said this to anyone, YET. But there are plenty of people who I would love to say it to. Having said that I remind myself not to be someone who others may want to say this to. Most marriages don't break up because of one event, but because of many small things which you wouldn't even call 'events', but which pile up until the proverbial camel's back breaks. Likewise raising evil people. Remember that every evil person that walks the earth today was a baby, a toddler, and an adolescent, before he or she became an adult. It is salutary to think of all that happened during that time or to put it more accurately, all that could have been done to ensure that the adult would be an ethical, moral, responsible, compassionate, and kind person. That is not too much to ask, right? Sadly, that doesn't happen. The fault, always and invariably, is that of lazy or absent parenting.

### Breakups

In my consulting practice, working with family businesses, I have seen several instances of acrimonious breakups of the family business with siblings at each other's throats in the law courts, benefiting nobody except the attorneys on both sides, who keep fires burning as long as they can. I say to them that this breakup is not happening today; it is what the parents allowed and encouraged in the nursery when the litigants were two and three years old. When one 2-year-old refuses to share a toy, how many parents say, 'Don't worry, I will get you your own.' That is the seed. The fruit takes forty years to come, but it surely does. Only the location changes from the nursery to the law court. But it is the same story, and a healthy, profitable business is dismembered like a carcass.

I have seen the same story with career progression. People talk about their dreams of career advancement. But when I ask them, 'What book are you reading now?' they tell me, 'I am so busy, there is no time to read.' I ask them, 'What course did you attend during your vacation?' they look at me as if I am crazy, as if to say, 'Vacation? Course? Are you insane?' I say silently, 'Wait until the next downsizing of your company. Then you will know who was insane.' It is the daily small improvements to yourself that make major impacts in life. The Law of Entropy fits life like a glove. You must run to stay in the same place. And you must run like your tail is on fire to progress. If you don't invest in your growth, you won't grow. But the market grows, customer needs grow, technology grows, demands grow, everything around you grows, and one day you discover that you don't fit any longer. Worse, your employer discovers that, and you



become the proud owner of a Pink Slip. Remember that didn't happen then. Your Pink Slip was written the first time you passed up an opportunity to learn. It was just sent to you on the day you received it. What is sad is not the Pink Slip but that it was you who wrote it for yourself.

I have held myself to the rule of constant measurement and continuous learning to my great benefit. I document all my output. I have mentors who I regularly consult and listen to very carefully. I invest in books and courses and try to learn constantly. The result in only one aspect of my life, business consulting, is that on the rare occasion when someone says to me, 'But so-and-so charges less than you do,' I reply, 'Here is what I learnt in the last five years (list of books, courses, and output). Please ask for this from the other consultant and decide who is good for you.' I have never had a client who said, 'The consultant's investment in themselves is not important for us.' Investing in yourself gives the client confidence in your ability to help them. That is a daily, small event, affair. It is not a PhD, but a book, a course, a serious conversation with notes. It is time spent daily in reflection, introspection, and conceptualization of learning, once again all documented. Believe me, if you didn't document it, you lost it. There are no exceptions to this rule. You learn only what you document. It all adds up. Every smile. Every letter you wrote or call you made asking how someone was, when you didn't need to. Every kindness which you may have considered small, but which made a world of difference to its recipient. Every minute you spent reading, reflecting, recording. In short, everything that you were not pressured to do but you did because you considered it to be important for your development, adds up. The day when the scale tips in your favor may surprise you and others, but there is nothing surprising at all in it. Every grain goes towards reaching the critical weight that is needed to tip the scale. All power to you if you added the grains. And time to wake up and start adding the grains if you have been sleeping.

Success is not magic, nor miracle. Success is systematic daily effort.

rajeshsharma1049@gmail.com



#DISCOVERY

# Universe Has a Background 'Hum'



An evidence of large-scale motion of everything in the universe

An international group of scientists has made a groundbreaking discovery that confirms the existence of gravitational waves first envisioned by Albert Einstein.

The report says that astrophysicists were able to "hear" low-frequency gravitational waves - changes in the fabric of the universe that are created by huge objects moving around and colliding in space.

"It's really the first time that we have evidence of just this large-scale motion of everything in the universe," said Maura McLaughlin, co-director of NANOGrav, the research collaboration that published the results in The Astrophysical Journal Letters.

These gravitational waves, detected at low frequencies, create a cosmic background hum that permeates the universe. The research indicates that space is filled with these waves, which oscillate over extended periods, primarily originating from pairs of supermassive black holes spiralling and merging together.

### Confirming Einstein's Theory

Einstein initially proposed the existence of gravitational waves, or ripples in space-time, in 1916 as an extension of his revolutionary theory of general relativity. The famous theory described gravity as the distortion of space and time caused by matter.

However, it wasn't until 2016 that scientists successfully detected these waves directly, having relied on indirect evidence since the 1970s. The recent research heavily relied on pulsars, which are the highly dense remnants of exploded stars spinning at extraordinary speeds.

"Gravitational waves are generated by astronomically dense objects in our universe, typically in orbital motion around each other. As these waves travel through space, they physically stretch and compress the fabric of space-time itself," Jeff Hazboun, an astrophysicist from Oregon State University and lead author of one of the papers published in the Astrophysical Journal Letters told the Reuters news agency.

The data for the latest report was collected by North American Nanohertz Observatory for Gravitational Waves (NANOGrav) Physics Frontiers Center, comprising over 190 scientists from the United States and Canada, in the period of 15 years.

### Gravitational Waves Sound Like Hum

Scientists liken the universe's gravitational wave background to the hum of a large gathering, where individual voices cannot be distinguished. This discovery comes seven years after the initial detection of gravitational waves generated by two distant black holes, dense objects with gravity so intense that even light cannot escape them.

The motion of black holes and other massive objects can produce these gravitational waves.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# प्रसूता की मौत, परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया

## प्रसूता की तबियत बिगड़ने पर आरबीएम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**भरतपुर, (निसं)।** राजकीय जनाना अस्पताल में एक प्रसूता की प्रसव के कुछ समय बाद तबियत बिगड़ने पर आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराने पर इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर लखनपुर थाना पुलिस ने मृतका के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है।



मृतका के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मई लखनपुर निवासी दुर्गेश ने अपनी गर्भवती पत्नी गार्गी को प्रसव के राजकीय जनाना अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां महिला को बेटा हुआ लेकिन कुछ देर बाद गार्गी की तबियत बिगड़ गई। जिस पर दुर्गेश ने अस्पताल के स्टाफ को गार्गी को देखने को कहा। जहां चिकित्सकों ने गार्गी की हालत गंभीर देख उसे इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में रेफर कर दिया। जिस पर गार्गी के परिजन उसे इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन गार्गी को बचाया नहीं जा सका। गार्गी की उपचार के दौरान मौत हो गई।

जिस पर मृतका के शव को जिला आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया एवं घटना की जानकारी लखनपुर थाना पुलिस को दी गई। लखनपुर थाना पुलिस के हैड कानिस्टेबल खेमचंद शर्मा जिला आरबीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतका के परिजनों से मामले की जानकारी ली और मेडिकल बोर्ड से

- **राजकीय जनाना अस्पताल में प्रसूता की प्रसव के कुछ समय बाद तबियत बिगड़ गई थी**

मृतका गार्गी के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं मृतका के पति दुर्गेश ने अस्पताल के स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। पीड़ित पति ने बताया कि स्टाफ ने इलाज देने में लापरवाही बरती। महिला को वार्ड में शिफ्ट करने के लिए स्ट्रेचर तक उपलब्ध नहीं हुई। जिला आरबीएम अस्पताल में तो करीब आधा घंटे बाद महिला को आईसीयू में शिफ्ट किया जा सका।

# लाखों की चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

## चोरी किये गये 10 लाख रूपये की कीमत के हैण्डीक्राफ्ट मशीन के पार्ट्स व चोरी का सामान जब्त



राजगढ़ थाना पुलिस ने ट्रक व चोरी के सामान सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने कार्यवाही को अंजाम देकर लाखों रूपये की चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपी गिरफ्तार कर चोरी किये गये 10 लाख रूपये की कीमत के हैण्डीक्राफ्ट मशीन के पार्ट्स व चोरी का सामान परिवहन करते वाला ट्रक भी जब्त किया है। प्रकरण में 24 जून 2023 को इंदासर गांव में हुई लाखों रूपये की डकैती में अपने जान पर खेलकर फायरिंग करते हुए डकैत को दबोचने वाले राजगढ़ थाने के कांस्टेबल मुकेश कुमार व कांस्टेबल नवीन कुमार ने आज फिर दस लाख रुपये की कीमत के हैण्डीक्राफ्ट मशीन के पार्ट्स सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाईमें विशेष भूमिका निभाई है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिसार चूरू बाईपास पर एक ट्रक नम्बर एचआर 39 ई 8420 को जब्त कर आरोपी विरेन्द्र पुत्र भगताराम ओढ (27) निवासी खेरड़ी पुलिस थाना कलानौर जिला रोहतक, मुकेश पुत्र गिरधारीलाल ओढ (28) निवासी मंगाली पुलिस थाना सदर हिसार व घनश्याम पुत्र हरिओम ब्राह्मण (24) निवासी सूर्य नगर पुलिस थाना सदर हिसार हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं आरोपियों के कब्जा से ट्रक में चोरी किया गया हैण्डीक्राफ्ट मशीन के पार्ट्स जिनकी बाजार कीमत 10 लाख रूपये है, बरामद किया जाकर राजगढ थाने में मामला दर्ज किया गया है।

वहीं गिरफ्तार आरोपियों से पुछताछ में बीकानेर से भटिण्डा हाईवे पर विद्युत की बड़ी लाईन के तार चोरी कर ट्रक भरना, कस्बा सरदारशहर में गोदाम से तीन टन ताम्बा व सिल्वर के तार चोरी करना, बीकानेर में गंगानगर रोड पर तीन टन वजन के लोहे के पाईप फैक्ट्री से चोरी करना व बीकानेर में रिको क्षेत्र से पुनः चार टन वजन के लोहे के पाईप चोरी करना स्वीकार किया है। बताया गया है कि आरोपीगण गैंग बनाकर इधर उधर घूम कर बन्द फैक्ट्री या गोदाम की रैकी करते हैं, उसके बाद में रात्रि में ट्रक लाकर सामान चोरी कर हरियाणा में ले जाकर बेच देते हैं।

# महिला को पति ने नोटिस के जरिए तलाक दिया

## पत्नी को नोटिस देकर कहा कि तलाक..तलाक.. तलाक

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मुस्लिम विवाह अधिकार के तहत केस दर्ज करवाया है। महिला को उसके पति ने नोटिस के जरिए तीन बार तलाक शब्द लिख कर तलाक दे दिया। पीड़िता ने थाने में इस बाबत केस दर्ज करवा दिया। प्रतापनगर सदर पुलिस की तरफ से पड़ताल एएसआई गोविंद सिंह की तरफ से की जा रही है। इससे पहले महिला ने ससुराल वालों के खिलाफ महिला थाने में मारपीट और दहेज को लेकर मामला दर्ज करवा रखा है।

थाने में दी रिपोर्ट में महिला ने बताया कि उसका निकाह 18 जनवरी 2020 को मसूरिया निवासी मोइन

- **पत्नी पहुंची पुलिस के पास, केस दर्ज करवाया**

खान से हुआ था। निकाह के समय उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा दहेज देकर विदा किया था। 2 महीने तक उसके पति और ससुराल वालों ने ठीक रखा। लेकिन दो महीने बाद ही पति, देवर, सास और ससुर दहेज में दिए समान को लेकर ताने मारने लगे। इस महिला का आरोप है कि गर्भवती हालत में भी उसके साथ मारपीट की गई और यातनाएं दी गई। 3 सितंबर 2021 को उसे मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया गया। इसके बाद से वह अपने पीहर में रह रही है। खुद के साथ हुई मारपीट को लेकर महिला ने 7 नवंबर 2021 को महिला थाना पश्चिम में मामला भी दर्ज करवाया था।

एफआईआर में महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने वकील के जरिए 7 जून 2023 को एक नोटिस भिजवाया जिसमें तीन बार तलाक लिखा गया है। ट्रिपल तलाक को गैरकानूनी घोषित करने के बावजूद उसके पति ने उसे तीन तलाक देने का आपराधिक कृत्य किया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में कार सवार छह जने घायल

**बिजयनगर, (कासं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग सिंगावल चौराहे के समीप ही हियालिया पुलिया के समीप गुरुवार दोपहर एक एसयूवी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। भीषण दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। कार दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रवाना किया गया।

कार की भीषण दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस थाना एएसआई शिव चरण सिंह, विजय सिंह चालक राधेलाल दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और दुर्घटना ग्रस्त वाहन को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू करवाते हुए आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों की सहायता से कार में फंसे सवारों को मशक्कत करते हुए बाहर निकालकर पिकअप एवं राष्ट्रीय राजमार्ग एंबुलेंस की सहायता से राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार सवार मध्य प्रदेश निवासी नीलेश

- **गंभीर घायलों को अजमेर रेफर किया**
- **खाटू श्यामजी के दर्शन कर मध्य प्रदेश लौट रहे थे**

पुत्र कानाराम संदीप पुत्र रामलाल अरविंद पुत्र रमेश उम्र सुनील पुत्र महादेव राहुल पुत्र भारत सिंह विकास पुत्र मांगीलाल सहित सात कार सवार घायल हो गए। कार सवार मध्य प्रदेश से श्री खाटू श्यामजी के दर्शन कर वापस मनावर मध्य प्रदेश अपने शहर लौट रहे थे। इसी बीच ही हियालिया पुलिया के समीप विद्युत पोल से टकरा जाने से भीषण दुर्घटना हो गई। कार की नम्बर प्लेट पर धार मध्य प्रदेश सांसद अंकित किया हुआ है। पुलिस ने राजकीय चिकित्सालय पहुंचकर घायलों से जानकारी लेते हुए दुर्घटना में घायल परिजनों को सूचना दी।

# पानी की डिग्गी में घुला कीटनाशक

**अनूपगढ़, (निसं)।** रावला मंडी में आज एक किसान गांव 12 के एन डी में फसलों पर कीटनाशक का छिड़काव करने वाली स्प्रे टंकी में भानी भरने के लिए उसका पाइप डिग्गी में डाल दिया। पानी भरते समय स्प्रे की टंकी का सफेद रंग का कीटनाशक पेयजल में घुलने लग गया और डिग्गी में स्टोरेज क्या हुआ पेयजल दूषित हो गया। मौके पर मौजूद जलदाय विभाग के कर्मचारी ने जब किसान को रोका तो किसान जबरदस्ती पानी भरने लगा। जलदाय विभाग के कर्मचारी ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों को की है। वाटर वर्क्स के कर्मचारी अरुण ने बताया कि आज 12 केएनडी ढाणी का निवासी अमरजीत सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह राव अपने भाई के साथ ट्रैक्टर पर स्प्रे करने वाली टंकी रख कर लाया था और पेयजल स्टोरेज की डिग्गी से पानी भरने लगा। जब उसे मना किया तो उसने जबरदस्ती डिग्गी से पानी भरना शुरू कर दिया।

# रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खाई में उतरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के ककरोलिया घाटी मार्ग का स्वीकृति के बावजूद कार्य शुरू नहीं होने से मार्ग पर निकलने वाले राहगीर रोज दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। गुरुवार सुबह ककरोलिया घाटी से भीलवाड़ा के लिए जा रही रोडवेज की आगे की कबानी टूट गई और वह अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। चालक की सूझबूझ से गनीमत रही कि बस में सवार सवारियों को कोई चोट नही आई। बस के खाई में गिरने की सूचना पर उप प्रधान कैलाश सुथार, समाजसेवी राजेश सुवालका सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र होकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई।

उप प्रधान कैलाश सुथार ने बताया कि कोटडी ककरोलिया घाटी मार्ग पिछले कई सालों से पूरी तरह से खराब हो गया है। खनन क्षेत्र होने से यहां प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक, डम्पर खनिज भरकर निकलते है। काछोला, थलकला, नाहरगढ़, ककरोलिया घाटी, कांटी, गेहुली, सगतपुरिया, मंशा सहित 1 दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों का इस सड़क से तहसील एव जिला मुख्यालय से जुड़ाव है।

खनन क्षेत्र से हर साल करोड़ो रूपये का डीएमएफटी फंड जाता है। उसके बावजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण सड़क का कार्य शुरू नहीं हुआ है जबकि सड़क का टेंडर भी हो चुका है। मिलीभगत से ठेकेदार कार्य नहीं कर रहा है। वहीं इस मार्ग पर संचालित एक मात्र रोडवेज बस के दुर्घटनाठास्त होने एव मार्ग पर बस बन्द होने की आशंका के चलते लोगों ने चेतावनी दी है कि जल्दी कार्य शुरू नहीं हुआ तो सार्वजनिक निर्माण विभाग एव जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

# मुस्लिम समाज ने ईद-उल-अजहा पर्व मनाया

## समाज के लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन, चैन और साम्प्रदायिक सद्भाव की दुआ मांगी

**अजमेर, (कासं)।** मुस्लिम समाज के लोगों ने गुरुवार को ईद-उल-अजहा का पर्व शहर सहित जिले भर में मनाया। शहर की मुख्य नमाज केसरगंज स्थित ईदगाह में हुई। समाज के लोगों ने नमाज अदा करते हुए देश में अमन, चैन और साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए दुआ मांगी। एक दूसरे को गले मिल कर मुबारकबाद दी। घरों में कुर्बानी की रस्म अदा की गई। नजाम को देखते हुए दरगाह सहित सभी मस्जिदों में नगर निगम प्रशासन की ओर से साफ सफाई की व्यवस्था की गई तथा जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए।



अजमेर में दरगाह में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग।

ईद-उल-अजहा की मुख्य नमाज केसरगंज स्थित ईदगाह में शहर काजी मौलाना तौसीफ अहमद सिद्दीकी ने अदा करवाई। इसके साथ ही ख्वाजा साहब की दरगाह में स्थित शाहजहानी मस्जिद, संदल खाना मस्जिद सहित नौसर, रातीडांग ईदगाह व शहर की मस्जिदों में नमाज अदा की गई। केसरगंज स्थित ईदगाह में नमाज के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, एसपी चूनाराम जाट, आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस के अधिकारियों सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।

**जन्नती दरवाजा खोला :-** ईद के मौके पर आम जायरीन के लिए दरगाह का जन्नती दरवाजा खोला गया। खादिम सैयद कुतुबुद्दीन सखी ने बताया की गुरुवार अल सुबह 4 बजे आस्ताना शरीफ और जन्नती दरवाजा खोला गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन, पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ, पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीसीसी सदस्य महेंद्र सिंह रलावता, अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल, पार्षद नौरत गुर्जर, सेवादल अध्यक्ष देशराज मेहरा, पार्षद सर्वेश पारीक, नितिन जैन, लक्ष्मी बुंदेल, हितेश्वरी टांक, शाकिर खान, सैयद फैजल सहित अनेक कांग्रेसजनों ने ईद मुबारक कार्यक्रम में शामिल होकर मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारक बाद दीं।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिले के एक थाने में चार लोगों के खिलाफ नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया है।

सर्किल ऑफीसर मीना मीणा ने बताया कि नाबालिग पीड़िता को लेकर थाने में पहुंचे पीड़ित पिता ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि 27 जून मंगलवार की रात को मेरी पुत्री शौच करने गई थी। वहां से आरोपी मुंशी रावत व बाबूलाल मीणा बाइक से मेरी नाबालिक का जबरन अपहरण कर एक किराए के कमरे में ले गए। वहां पर पहले से मौजूद नितेश व राजू लाल मीणा सहित चारों लोगों ने बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया एवं प्रातः ट्रैक्टर में बैठा कर गांव के एक मकान में बंदी बना लिया। जिसकी रखवाली रामकरण व उसके भाई रामधन मीणा ने की। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया एवं 161 में बयान दर्ज कर 164 में बयान दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है।

# धरना स्थल पर वन विभाग टीम पहुंची, भड़के साधु

## पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत करवाया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सिद्धनाथ रोड पर प्राचीन धूणे और मंदिर को तोड़ने के विरोध में काफी दिनों से साधु-संतों का धरना जारी है। गुरुवार को वन विभाग की टीम धरना स्थल पहुंची तो हंगामा हो गया। संतों की सूचना पर राजीव गांधी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत करवाया।

गुरुवार को ईद की छुट्टी होने के बावजूद वन विभाग की टीम सिद्धनाथ रोड स्थित धूणे पर पहुंच गई। उस समय क्षतिग्रस्त धूणे को ठीक करने के लिए कुछ श्रमिक काम पर लगे हुए थे। आरोप है कि वन विभाग की टीम यहां पर लाठी लेकर पहुंची और इन श्रमिकों को भगा दिया। इसको लेकर संतों ने विरोध शुरू कर दिया। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। वहीं विरोध बढ़ता देख वन विभाग के कर्मचारी मौके से निकल गए। संतों का कहना था कि वन विभाग की मिलीभगत के चलते ऐसा हो रहा है। धरना स्थल पर मौजूद आबू मंडल अध्यक्ष मंडल महंत ओमकार गिरी महाराज ने बताया कि यहां पर साधु-संत शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे

- **साधू-संतों की जमीन का विवाद का मामला**

रहे हैं। शहर की शांति व्यवस्था भंग नहीं हो इसके लिए अन्य राज्यों और जिलों से अखाड़ों के साधू संतों को भी यहां आने के लिए उन्होंने मना किया हुआ है। इसके बावजूद वन विभाग के कर्मचारी यहां आकर परेशान कर रहे हैं।

संतों का कहना है कि वन विभाग की टीम के पास कार्रवाई को लेकर कोई अनुमति भी नहीं थी। बिना अनुमति के टीम पहुंची तो यही संदेह होता है कि उनकी भू माफिया के साथ मिलीभगत है। धरने पर बैठे अन्य संतों का कहना था कि वह कानून के दायरे में रहकर ही काम कर रहे हैं। वन विभाग के लोग शांति भंग करना चाहते हैं। मामला बढ़ता देख राजीव गांधी थाना अधिकारी अनिल यादव की मौके पर पहुंचे और आक्रोशित संतों से समझाइश की।

# सांभर में खंडहर हवेलियों को गिराने के लिए लिया गया प्रस्ताव फाइलों में बंद पड़ा है

## हवेलियों को गिराने के लिए पालिका द्वारा दो साल पहले बोर्ड मीटिंग में लिया गया था प्रस्ताव

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर के अनेक वार्डों के मोहल्लों में स्थित करीब 100 साल पुरानी खंडहर हो चुकी हवेलियों को गिराने के लिए नगरपालिका के द्वारा दो साल पहले बोर्ड मीटिंग में लिया गया प्रस्ताव आज तक फाइलों में ही बंद पड़ा है, जिसकी वजह पालिका प्रशासन बजट का अभाव तो कभी संसाधनों की कमी बताकर टालमटोल करता आ रहा है।

बारिश और तूफान में इन हवेलियों के धराशाही होने से कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। इस बात का अंदाजा उन वार्ड के पार्षदों को भी है और नगरपालिका प्रशासन के संज्ञान में भी है इसके बावजूद कानूनी परिप्रेक्ष्य में भी पालिका कमजोर साबित हो रही है। जर्जर हवेलियों को गिराने के लिए एकमात्र वार्ड 22 की पार्षद ज्योति कुमावत एवं समाजसेवी टीकम चंद कुमावत की ओर से लंबे संघर्ष के बाद उनके मोहल्ले में दो जर्जर हवेलियों गिरवाने में तो सफलता मिली लेकिन अभी भी

- **हवेलियों के मालिकों को नोटिस देने के बाद भी नहीं संभाला**

सांभर में करीब 20 से अधिक हवेलियां ऐसी चयनित बताई जा रही है जो आज के हालात में गिरने जैसे कगार पर है।

पालिका प्रशासन की ओर से इस मामले में दवाव बनने के बाद हवेलियों के मालिकों को नोटिस देकर उन्हें अपने स्तर पर इसे गिरवाने के लिए लिखा गया। साथ ही नगर पालिका अधिनियम के तहत उन्हें चेतावनी भी दी गई और जिन मालिकों को नोटिस प्राप्त नहीं हो सके या जिन का एड्रेस नहीं मिल रहा था ऐसे में जर्जर हवेलियों के ऊपर ही नोटिस चस्पा पर पालिका प्रशासन ने एक प्रकार से इतिश्री कर ली।

बताया जा रहा है कि पालिका प्रशासन इस संबंध में किसी कानूनी लफड़े में नहीं पड़ना चाहता इसलिए लोगों की जान माल की सुरक्षा का ख्याल किए बिना वह इस मुद्दे को गौण करने में लगा हुआ है। यद्यपि पालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों और सफाई निरीक्षक के माध्यम से यह भी पता लगा लिया कि कौन कौन सी बिल्डिंग गिरनी जैसी कगार पर पहुंच चुकी है रिपोर्ट मिलने के बाद भी कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई और करीब दो साल पहले उक्त पार्षद की ओर से उठाया गया मुद्दा करीब-करीब आज भी पूर्व स्थिति में ही है।

मामले में अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव से जानकारी प्राप्त करने के लिए दो दफा उनके मोबाइल पर फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। चेयरमैन नवल किशोर सोनी का कहना है कि मैंने पिछले हफ्ते ही अधिशाषी अधिकारी को कहा है कि वे तत्काल इस मामले को गंभीरता से लेकर इस पर कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि लोगों की जान माल की सुरक्षा हो सके।



सांभर के पुराने सिनेमा हॉल के पास पुरानी हवेली गिरने की कगार पर है।

## संक्षिप्त

### ग्रामीण क्षेत्र में झमाझम हुई बारिश

**निवाई, (निसं)।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दूसरे दिन भी मानसूनी बादल मेहरबान रहे। गुरुवार की सुबह से ही आकाश मानसूनी बादलों से अटा रहा। ठण्डी हवाएं चलती रही और गर्जनों के साथ बौछारें पडी। करीब 9 बजे झमाझम बारिश हुई। लगभग 20 मिनट तेज बारिश से सडकों पर दरिया की तरह पानी बहने लगा। इसके बाद दिनभर रूक-रूककर कई बार रिमझिम बारिश हुई। दो दिन से हो रही बारिश के बावजूद उमस बनी हुई है। जल संसाधन विभाग के सूत्रों के अनुसार करीब 122 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। शाम तक आकाश में मानसूनी बादल घूमते रहे और गर्जना होती रही। ग्रामीण क्षेत्र में भी बारिश होने के समाचार मिले है।

### सांभर में ईद मनाई

**सांभरझील, (निसं)।** यहां मुस्लिम भाइयों की ओर से हर्षोल्लास के साथ ईद का पर्व मनाया गया। सभी ने एक-दूसरे को दिली मुबारकबाद दी तथा दावत का न्योता भी दिया। बाजारों में सभी एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी तथा मस्जिदों में ईद की नमाज भी अदा की गई। ख्वाजा हुसामुद्दीन साहब की दरगाह पर भी लोगों ने नमाज अदा की। देश में अमन व चेन की दुआएं मांगी।

# भागवत कथा को लेकर कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन किया

**लालसोट, (निसं)।** कस्बे में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा को लेकर पर्णकुटी कपिल दास आश्रम के संत मदन मोहन महाराज के सानिध्य में गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन किया गया।

लालसोट व आसपास के क्षेत्र में अब तक के इतिहास में सबसे बड़े श्रीमद् भागवत कथा के होने जा रहे इस आयोजन में जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज भागवत कथा का वाचन करेंगे

- जगतगुरू रामभद्राचार्य व बागेश्वर धाम से धीरेंद्र शास्त्री सहित कई प्रमुख संत लेंगे भाग



लालसोट उपखंड मुख्यालय पर होने वाले श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम का संत एवं अन्य स्थानीय लोगों ने भूमि पूजन किया।

एवं बागेश्वर धाम से धीरेंद्र शास्त्री भाग लेंगे। इस भागवत कथा महा कार्यक्रम में कई राष्ट्रीय संत भाग लेंगे ऐसे में इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संतों का समाधान भी होगा। वहीं इस बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर जिला प्रशासन भी सक्रिय बना हुआ है साथ ही राष्ट्रीय संत जगत गुरु रामभद्राचार्य महाराज एवं मौजूदा समय में हिंदुत्व एवं धार्मिक मुद्दे को लेकर प्रमुख तौर पर पटल पर आ रहे हैं बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की लालसोट में मौजूदगी होने के चलते प्रदेश का खुफिया तंत्र भी सक्रिय दिखाई दे रहा है।

उपखंड मुख्यालय पर 11 जुलाई से 17 जुलाई तक होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के कथा स्थल सावित्रीबाई फुले सर्किल के पास गौरव पथ लालसोट पर कथा स्थल पर गुरुवार को शुभ मुहूर्त में आचार्य राजेश खांडल ने वैदिक मंत्रोच्चार से भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में पर्णकुटी कपिल दास आश्रम के संत मदन मोहन महाराज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल हाडा सियाराम शर्मा दीपक चौधरी अमित शर्मा जयप्रकाश शर्मा मोहन सोनी सीपी कुशवाहा दीपक पुरोहित घनश्याम फड़कल्या, बृजमोहन फड़कल्या, श्याम सोनी धर्मेंद्र चोपड़ा मुकेश हलवाई सैनी राधाकिशन गोयल श्याम सुंदर मिश्रा सुनील चतुर्वेदी कपिल पुरोहित रोहित पंसारी पदम फड़कल्या राकेश जांगिड़ हरि ओम शर्मा, कल्लू राम शर्मा खादी भंडार पार्षद सुरेश सैनीबंटी सोनी दीपक बोहरा अर्पित कूलवाल राकेश शर्मा शंकर लाल शर्मा टेंट वाले रमेश सैनी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** भाजपा नगर मण्डल चौमूं, देहात मण्डल बांसा और देहात मण्डल कालाडेरा की मीटिंग का आयोजन किया गया। नगर मंडल के कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन सुभाष सर्किल स्थित विधायक कार्यालय पर रखा गया।

नगर मंडल चौमूं में अल्पकालिक विस्तारक रमेश पाल, बाँसा मण्डल विस्तारक राजेश भारद्वाज और कालाडेरा मण्डल विस्तारक विजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से अपने अपने बूथ को मजबूत करने पर चर्चा की। साथ ही कार्यकर्ताओं को नरेन्द्र मोदी के सफल 9 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों को लोगों तक पहुँचाने का काम करें। भाजपा नगर एवं देहात द्वारा सयुक्त मोर्चा मीटिंग का आयोजन किया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, देहात मण्डल बाँसा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, देहात मण्डल कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, सीएम खटीक, गुलाबचंद लांबा, मदन गोरा, सुवालाल सैनी, धर्मेन्द्र बंजारा, संदीप कुमावत, राजेश कुमावत, गोपाल लाल शर्मा, रतन लाल सैनी, कैलाश चंद सेन, अजीत पोरवाल, अर्पित सैनी, राजेन्द्र प्रजापति, अखिल शर्मा, हनुमान बागड़ा, प्रहलाद टेलर, मुकेश कुमार सैनी, अनिल मीणा, आलोक जांगिड़, मोहन लाल यादव, बजरंग कुमावत आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### गहलोत सरकार की उपलब्धियां गिनाई



**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** युवा कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दीपक पटेल ने क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस की गहलोत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों का बखान किया। इस दौरान नवनियुक्त युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक पटेल का बजरंग सूटिंग बाल क्लब श्यामपुरा कला के तत्वावधान में विभिन्न सामाजिक संगठनों राजनीतिक लोगों द्वारा विशेष स्वागत सत्कार भी किया गया। इस दौरान नवनियुक्त युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पटेल ने कहा कि जिस तरह लालसोट विधानसभा क्षेत्र का स्थानीय विधायक प्रदेश के चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा विकास में नए आयाम स्थापित कर चिकित्सा व शिक्षा के क्षेत्र में मॉडल के रूप में विकसित किया है इसी तरह प्रदेश को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में विभिन्न विकास की ऐसी सौगात मिली है जिससे प्रदेश नवा चारों के मामले में अलग मुकाम रखता है।

### सरिस्का में बरसात के मौसम में सफारी जोन खोलने की मांग

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने वन विभाग को पत्र लिखकर सरिस्का में बरसात के मौसम में सफारी जोन खोलने की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना चुके सरिस्का में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी बडी संख्या में पर्यटक पहुँचते हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान सरिस्का नेशनल पार्क के मुख्य क्षेत्र में सफारियों को आवागमन बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरिस्का में हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपनी आजीविका चला रहे है। ऐसे में उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खडा हो जाता है। उन्होंने कहा कि रणथम्भौर मॉडल के कार्यान्वयन के आदेश दिए गए है जहां मानसून के दौरान पांच क्षेत्र खुले रहते हैं। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि नेचर गाईड और जिप्सी चालक एवं उनका परिवार इस दौरान आर्थिक रूप से प्रभावित होते है क्योंकि उनकी आजीविका एकमात्र साधन पर्यटक ही है। सरिस्का टाईगर फाउण्डेशन के संस्थापक सचिव दिनेश दौरानी ने काला कुंआ पिछला घटेडी गानका उदयनाथ एवं काली घाटी से गुजरने वाले मार्गों को खोलने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि इन मार्गों को खोलने से वन्य जीवों की आवश्यक निगरानी व ट्रेकिंग भी सुनिश्चित हो सकेगी।

### गरीब बच्चों की निशुल्क कटिंग की

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के ग्राम सामोद स्थित बन्दौल के कालबेलिया बस्ती में रहने वाले मजदूर परिवारों के करीब 50 से अधिक बच्चों को सामोद थाना प्रभारी पूजा पुनिया ने गोद ले रखा है। एसएचओ की प्रेरणा से प्रेरित होकर गुरुवार को जयपुर निवासी एक हेयर सैलून संचालक ने इन बच्चों की निशुल्क हेयर कटिंग की। इससे बाद बच्चों के चेहरे खिल उठे। मजदूर परिवारों ने थाना प्रभारी व ओमप्रकाश का आभार जताया। जयपुर में हेयर सैलून चलाने वाले श्रीमाधोपुर निवासी ओमप्रकाश सेन ने कहा कि मैं गरीब बच्चों की कटिंग करके बहुत खुश होता हूं हर महीने जाता हूं चूरू और आपणी पाठशाला में रहने वाली गरीब परिवारों के करीब ढाई सौ बच्चों की कटिंग बना कर आता हूं। इन बच्चों की भी करूंगा मैं हर महीने हेयर कटिंग आज गुरुवार को इन परिवारों के 50बच्चों की निशुल्क हेयर कटिंग की है। इस दौरान ओमप्रकाश शर्मा, विनोद सैन आदि मौजूद थे।

### शिविर में रजिस्ट्रेशन करवाये

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत लुहारा में स्थित शहीद जयनारायण जाट राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल परिसर में मंहगाई राहत कैम्प व प्रशासन गांवों के संग अभियान का बुधवार को समापन हुआ। शिविर में सरपंच बिन्दु कंवर ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाए गए मंहगाई राहत केम्प में लोगों ने बढ-चढकर कर कल्याणकारी योजनाओं का रजिस्ट्रेशन करवाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच बिन्दु कंवर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की सरकार ने लोगों को मंहगाई राहत केम्प के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया है जिससे लोगों को भरपूर लाभ मिला है। इस दौरान सरपंच कंवर ने लाभार्थियों को गारंटी कार्ड भी वितरित किए। इस अवसर नायब तहसीलदार अरविन्द शर्मा, पटवारी कालूराम बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी शिवराज गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि भवानीसिंह, महेन्द्रसिंह, आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, प्रधानाचार्य सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### 2 को जयपुर कूच करेगा मीणा समाज

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय मीणा छात्रावास में गुरूवार को जिला मीणा विकास समिति निवाई की साधारण समिति की बैठक समाज के अध्यक्ष मदनलाल मीणा गुड्डा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 2 जुलाई को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एसटी धरना प्रदर्शन रैली में निवाई क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील गई। अध्यक्ष मदनलाल मीणा ने बताया कि बैठक में निवाई मीणा समाज टोंक जिला विकास समिति की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को जयपुर में आयोजित धरना प्रदर्शन रैली के बाद जिला मीणा विकास समिति के जिला अध्यक्ष परशुराम मीणा की अनुमति से चुनाव कार्यक्रम निर्धारित करवाकर चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में देव शयनी एकादशी की एक दूसरे को शुभकामनाओं दी। बैठक में समाज के कोषाध्यक्ष नाथूलाल मीणा जामडोली, नाथूलाल मीणा मुण्डिया, किशनलाल मीणा फौजी आदि ने भाग लिया।

# त्याग, समर्पण का पर्व ईद उल अजहा हर्षोल्लास से मनाया

**मनोहरपुर, (निसं)।** त्याग, समर्पण और बलिदान के 3 दिवसीय त्यौहार ईद उल अजहा हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया।

ईद उल अजहा की नमाज रावधीर सिंह कॉलोनी में स्तिथ जामा मस्जिद व मोहल्ला खाकी शाह में स्तिथ ईदगाह में हुई। ईदगाह में जामा मस्जिद के ईमाम नसरुद्दीन साहब ने नमाजियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ख़ुदा ने हज़रत इब्राहिम अलैहिस्सलाम से कुर्बानी मांगी थी इस पर उन्होंने अपने लाड़ले बेटे हज़रत इस्माइल आलेहिस्सलाम की कुर्बानी को देकर ख़ुदा को राजी करने का प्रयास किया था इधर छुरी चलने पर देखा गया कि ख़ुदा की कुदरत से जिसकी कुर्बानी हुई है वह दुम्बा है और हज़रत इस्माइल आलेहिस्सलाम साइड में खड़े हुए है। उन्ही की याद में ये ईद उल जुहा का पर्व मनाया जाता है। नमाज के बाद

- लोगों ने गले मिल एक दूसरे को मुबारकबाद दी

में विधिवत बकरों की कुर्बानी दी गई व रिश्तेदारों व गरीबों में वितरण किया गया।

मस्जिदों व प्रमुख मोहल्लों में पुलिस बल तैनात था, पुलिस प्रशासन की कड़ी चोकसी व पैनी निगाहों के बीच में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। भामाशाह विमल केशुका, सुप्रीम गैस एजेंसी के प्रोपराइटर इंद्र कुमार अग्रवाल, भामाशाह डी के सोनी, भामाशाह मामराज जाँगिड़,एडवोकेट अशोक यथा, भामाशाह भारत जाँगिड़, मनोहरपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेंद्र कुमार गुर्जर ने मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी।



ईद को लेकर बच्चों में उत्साह का माहौल रहा।

### राष्ट्रीय जागरूकता दिवस पर शिविर

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राष्ट्रीय जागरूकता दिवस के अवसर पर चौमूं उपखण्ड के ग्राम सामोद में कैंप का आयोजन किया गया। ग्राम सामोद के मुख्य चौराहे पर कैंप रखा गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

उपस्थित सभी ग्रामीणों को मंडलीय कार्यालय 4 जयपुर के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक ने बीमा के महत्व को समझाया तथा ग्रामीण बीमा जैसे पशुधन बीमा जनता पर्सनल एक्सीडेंट बीमा दुकानदारी बीमा गृह स्वामी बीमा मोटर बीमा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इसके बाद सामोद कस्बे के बाजार में पैदल रैली आयोजित की गई जिसमें मंडलीय कार्यालय 4 जयपुर शाखा कार्यालय हरमाड़ा एवं माइक्रो ऑफिस चौमूं के अधिकारी और कर्मचारी के साथ अभिकर्ता ने भाग लिया रैली के दौरान आसपास की दुकान वालों एवं राहगीरों को बीमा जागरूकता के पंपलेट बांटे गए।

# स्वच्छता सेवा दल ने पौधारोपण किया

**कोटपूतली, (निसं)।** स्वच्छता सेवा दल टीम द्वारा चलाये जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत गुरूवार को टीम के सदस्यों ने अवध बिहारी जी की बगीची में वृक्षारोपण किया।

- सरकारी संस्थाओं में इस वर्ष भी लगभग 11 हजार पेड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा

संयोजक प्रवीण बंसल ने बताया की टीम द्वारा मंदिरों, विद्यालयों, सरकारी व गैर सरकारी स्थानों पर विभिन्न किस्म के पेड़ पौधे हर वर्ष लगाए जाते हैं। इस वर्ष भी लगभग 11 हजार पेड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान बरसात के मौसम के शुरू होते ही लगभग तीन-चार माह तक सभी के सहयोग से लगातार चलाया जाता है।

अवध बिहारी जी मंदिर के महंत बालेश्वर दास जी महाराज ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। प्रत्येक मनुष्य को अपने आसपास पेड़ पौधे लगाकर प्रकृति को हरा भरा बनाना चाहिए। संरक्षक महेश मीणा ने बताया कि पेड़ों में हमें फिर से जीवंत करने की शक्ति है। पेड़ के नीचे हरी घास पर समय बिताना तनाव को काफी कम कर सकता है।

पेड़ों की शाखाओं पर बैठे पक्षियों की आवाज, तेज हवाओं से पत्तियों का हिलना और पेड़ों पर पत्तियों और फूलों की गंध इन सबसे मन पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और तनाव को कम करने में मदद मिलती है।

इस दौरान पुजारी नरहरी दास, दीनदयाल शर्मा, हेमंत मोरीजावाला, मुनेश सैनी, राजेश सैनी, अनुराग बंसल समेत अन्य मौजूद रहे।

### अमन-चैन की दुआ मांगी

**अलवर, (निसं)।** मेवात बोर्ड अध्यक्ष एवं रामगढ के पूर्व विधायक जुबेर खान ने ईद उल अजहा बकरीद के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को ईद उल अजहा बकरीद पर्व की बधाई देते हुए अमन चैन की दुआ की। जुबेर खान के निजी सहायक अमित कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि ईद उल अजहा बकरीद पर्व मुबार क मौके मेवात बोर्ड अध्यक्ष अपने विधानसभा क्षेत्र रामगढ पहुचें और अपने क्षेत्र के सभी लोगों को गले मिलकर मुबारक बाद दी इस दौरान जुबेर खान ने कहा कि यह त्यौहार भाई-चारा बढाने का है। इससे हिन्दू-मुस्लिम एकता को बढावा मिलता है उन्होंने कहा कि हमारा देश सभी धर्मो को मानने वाला एवं सभी धर्मों का सम्मान करने वाला है यहां सभी धर्मों को मानने वाले आपस में भाईयों के समान रहते है जो हमारी गंगा जमुनी संस्कृति की पहचान है।

# मृतक शंकर को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, डोडवाडी पहुंचे बेनीवाल

**टोंक/पीपलू, (निसं)।** जिले के पीपलू पुलिस थानान्तर्गत डोडवाड़ी के समीप मिली ट्रैक्टर चालक शंकर मीणा की लाश मामले ने अब तूल पकड़ लिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि शंकर मीणा से बजरी लीजधारक कर्मियों ने मारपीट की जिसके बाद हत्या करके शव को झाड़ियों में फैंक दिया जिसके विरोध में गुरूवार को भी ग्रामीणों ने मृतक शंकर मीणा के शव को नहीं उठाने दिया। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी सुप्रिमो हनुमान बेनीवाल करीब 150 वाहनों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे व मृतक शंकर को न्याय दिलाने के लिए आगे आए बेनीवाल ने कहा स्थानीय लोगों को बजरी में प्राथमिकता मिलनी चाहिए दोषी पुलिस कार्मिकों को बर्खास्त किया जाना चाहिए , जब तक मांगे पूरी नहीं की जायेगी तब तक मृतक को न्याय नहीं मिलेगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिला प्रशासन व पुलिस की बजरी लीज धारक कर्मियों की मिलीभगत से बनास नदी में अवैध बजरी खनन किया जा रहा है।अरनिया कांकड़ निवासी शंकर मीणा पुत्र पप्पू लाल मीणा की बजरी को लेकर विवाद होने के कारण लीजधारक कर्मियों ने मारपीट की थी जिससे उसकी मौत हो गई।जिसको बाद में झाड़ियों में फेंक गए।बुधवार की सुबह शंकर मीणा का शव झाड़ियों में मिला तो हड़कम्प मच गया बाद में गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस को शव नही उठाने दिया तथा मृतक के परिवार

- ट्रैक्टर चालक की लाश मिलने के मामले ने तूल पकड़ा

को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता,बजरी लीज धारक के खिलाफ धारा120 बी में मामला दर्ज किए जाने,हत्या में लिप्त बजरी लीज कर्मियों व पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों का आंदोलन बृहस्पतिवार को भी जारी था जहां मृतक के शव को बर्फ में रखा गया है। जिसकी इत्तला के बाद राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की विधायक इंद्रा देवी , पुखराज गर्ग डोडवाडी गांव पहुंचे जिन्होंने घटना की जानकारी ली साथ ही बजरी लीज धारक सहित बजरी रॉयल्टीकर्मियो के ख़िलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने समेत अन्य मांगें नहीं माने जाने तक आंदोलन की घोषणा की है।

ग्रामीणों और परिजनों ने प्रदर्शन कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर टोंक एसपी राजर्षि राज ने हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार, कांस्टेबल राहुल और ड्राईवर चिरंजीलाल समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर मुख्यालय टोंक पुलिस लाइन किया गया है। आंदोलन में पीपलू निवाई भाजपा प्रत्याशी रामसहाय वर्मा, प्रभु बा डोलिया, ओम प्रकाशवर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व जिला प्रमुख रामबिलास चौधरी,निवाई-पीपलू के पूर्व विधायक कमल बैरवा,बीसलपुर किसान संघर्ष समिति झिराना के अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर अली भी शामिल हुए जिन्होंने हत्याकांड की कड़े शब्दों में निंदा की।

समाचार लिखे जाने तक बातचीत का दौर चालू रहा। व बेनीवाल घटना स्थल पर ही बैठ गये। कानून व शांति व्यवस्था की दृष्टि से अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता,पीपलू उपखंड अधिकारी वर्षा शर्मा,पीपलू उपाधीक्षक इंदु लोधी, निवाई पुलिस उपाधीक्षक संदीप सारस्वत सहित भारी पुलिस जाप्ता मौजूद था।

# रक्तदाताओं व पत्रकारों को सम्मानित किया

**पावटा, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र विराटनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सेवा समर्पण अभियान के तहत आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम के पांचवें दिन कुलदीप धनखड़ पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा ने अपने जन्मदिवस कार्यक्रम को पंसारी होटल एंड रिसोर्ट महरोज मोड, नेशनल हाईवे आंतेला में

- समाज को सही दिशा देने में मीडिया अहम भूमिका निभाता है : धनकड़



सेवा सप्ताह कार्यक्रम के पांचवें दिन कुलदीप धनखड़ पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा ( दाएं से तीसरे ) ने रक्तदाताओं व पत्रकारों का सम्मान किया।

रक्तदाताओं व पत्रकारों के सम्मान समारोह के रूप में मनाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पावटा प्रागपुरा चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी ने कहा कि, इस तरह का आयोजन आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। जिसमें जरूरतमंद लोगों को रक्त की जरूरत पूरी होगी। कार्यक्रम में राजेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि, रक्त ही एक ऐसी चीज है जिसकी जरूरत पड़ने पर लोग जाति धर्म नहीं पूछते उन्होंने कहा कि कुलदीप धनखड के द्वारा रक्त दाताओं के सम्मान के लिए एक अच्छी पहल है। पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा कुलदीप धनखड़ ने रक्त दाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्त का दान करने से किसी गरीब असहाय व जरूरतमंद की जिंदगी बच सकती है। रक्त किसी कारखाने में नहीं बनता बल्कि इंसान द्वारा दान किया हुआ रक्त ही जरूरतमंद लोगों को काम आता है। रक्तदाता सम्मान समारोह में आए हुए अतिथियों द्वारा रक्त दाताओं को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं पत्रकारों को सम्मानित करते हुए कुलदीप धनखड ने कहा कि मीडिया समाज में केवल सूचना पहुंचाने तक सीमित न रहे, अपितु सही दिशा में सोचने के लिए भी प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान मनोज यादव, निर्मल पंसारी चेयरमैन पावटा प्रागपुरा नगर पालिका वाइस चेयरमैन अशोक सैनी पावटा मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष जयराम शेखावत, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमैन नरपत सिंह शेखावत रमेश यादव पूर्व सरपंच बागावास अहिरान एससी मोर्चा महामंत्री बद्री चौहान,जिला पार्षद तेजपाल धनवाडिया, मामराज सोलंकी पूर्व मंडल अध्यक्ष विराटनगर, जीएसएस वाइस चेयरमैन रोहिताश ताखर, मुकेश सिंह शेखावत, शेरसिंह शेखावत, राहुल यादव कुनेड, सीए कृष्ण सैनी प्रकाश गिठाला, पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनखड़ जगदीश ओला, राजू यादव, महेश लबोरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष हेमराज सैनी विराटनगर, संतोष गुप्ता एवं सैकडों रक्तदाता उपस्थित रहे।

### गांव जोड़या के लिए 56 लाख स्वीकृत किए

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** भारत सरकार के पर्यावरण वन जलवायु और श्रम व रोजगार कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने अलवर जिले के किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के गांव जोड़िया को प्रधानमंत्री की सांसद आदर्श ग्राम योजना से जोड़ते हुए सांसद निधि कोष से 56 लाख रुपए स्वीकृत कर जिला कलेक्टर अलवर को पत्र भेजा है।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने पत्रकारों को बताया कि केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव ने किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के कोटकासिम उपखंड के गांव जोड़ियां को प्रधानमंत्री सांसद आदर्श ग्राम योजना से जोड़ते हुए विकास के लिए सांसद निधि से 56 लाख रुपए मंजूर कर जिला कलेक्टर अलवर को पत्र भेजकर विकास के कार्य कराने के लिए लिखा है।

इसमें गंदे पानी की निकासी के लिए 40 लाख रुपए जसवंत नंबरदार के घर से नारायण के घर तक व नारायण के घर से सरजीत यादव के घर तक एवं सरजीत यादव के घर से सुमेर यादव के घर तक तथा सरजीत यादव के घर से चामुंडी नदी की ओर सीमेंट पाइप लाइन डालने हेतु स्वीकृत किए हैं। इसके अलावा रणवीर के मकान से भूप सिंह यादव के मकान की ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं रूप राम यादव के मकान से माता मसाणी के मंदिर की ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण के लिए 16 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव 13 मई को किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के गांव जोड़िया में किसान सम्मेलन व शनि मंदिर के आयोजित विशाल भंडारे में आए थे। पूर्व विधायक रामहेत यादव की मांग पर केंद्रीय मंत्री ने जोडिया गांव को प्रधानमंत्री की सांसद आदर्श ग्राम योजना में शामिल करने की घोषणा करके गए थे।

पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित ग्राम वासियों ने जोडिया गांव को प्रधानमंत्री की सांसद आदर्श ग्राम योजना में शामिल किए जाने पर व गांव के विकास के लिए 56 लाख रुपए स्वीकृत करने पर आभार व्यक्त किया है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री यादव की घोषणा पर फतियाबाद गौशाला में 21 लाख से हॉल निर्माण शुरू करा दिया गया है। गांव जोड़ियां में सांसद आदर्श ग्राम योजना में शामिल किए जाने से खुशी की लहर है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ख्वाजना डूंगर**

पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर

क्रमांक : 2023-24 / 32-38 दिनांक : 21.06.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 1/2023-24**

NIB NO- ZSM2324A0129

वर्ष 2023 -24 हेतु महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज विभाग की विभिन्न योजनाओं में कार्यों के लिए निर्माण सामग्री क्रय हेतु, उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2023 व नियम 2024 के तहत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं / निविदादाताओं से वार्षिक दर दिनांक 31.03.2024 तक के लिए निम्नानुसार निविदा दरें ई - प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से द्विस्तरीय (तकनीकी एवं वित्तीय अलग – अलग ) आमंत्रित की जाती हैं । निविदा से संबंधित नियम शर्तें एवं सम्बन्धीय दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ख्वाजना डूंगर, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा,स.मा.

सरपंच, ग्राम पंचायत ख्वाजना डूंगर, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा,स.मा.

**कार्यालय ग्राम पंचायत ख्वाजना चौड**

पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर

क्रमांक : 2023-24 / 71-77 दिनांक : 20.06.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 1/2023-24**

NIB NO- ZSM2324A0130

वर्ष 2023 -24 हेतु महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज विभाग की विभिन्न योजनाओं में कार्यों के लिए निर्माण सामग्री क्रय हेतु, उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2023 व नियम 2024 के तहत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं / निविदादाताओं से वार्षिक दर दिनांक 31.03.2024 तक के लिए निम्नानुसार निविदा दरें ई - प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से द्विस्तरीय (तकनीकी एवं वित्तीय अलग – अलग ) आमंत्रित की जाती हैं । निविदा से संबंधित नियम शर्तें एवं सम्बन्धीय दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ख्वाजना चौड, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा,स.मा.

सरपंच, ग्राम पंचायत ख्वाजना चौड, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा,स.मा.

## संक्षिप्त

### पूर्व कैबिनेट मंत्री का स्वागत

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव गिगलाना में आयोजित बाबा शिवजी महाराज के भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.जसवंत यादव का ग्रामवासियों ने स्वागत सत्कार किया। वहीं डॉ. जसवंत यादव ने भगवान शिव से क्षेत्रवासियों की सुख- समृद्धि व मोहित यादव और भाजपा की सफलता के लिए प्रार्थना करते भंडारा आयोजकों के प्रति आभार प्रकट करते कहा कि भंडारा जैसी परंपराएं हमें आपस में जोड़े रखती हैं। इस मौके पर डॉ.जसवंत यादव के साथ योगेश सरपंच, अश्वनी टाइगर मौजूद सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 25 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटपूतली, (निसं)।** महात्मा फूले ब्रिगेड के तत्वावधान में गुरूवार को कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में चौथे विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस मौके पर सैनी सभा अध्यक्ष राकेश सैनी, सचिव एड. योगेश सैनी, जितेंद्र सैनी, ओमप्रकाश सैनी, जिला अध्यक्ष बिल्लूराम सैनी, महावीर सांखला, एड. विजय सैनी, रामकुमार सैनी, विनोद सैनी, पवन सैनी, प्रदीप सैनी, वीरेंद्र सैनी, रमेश मीणा, दिनेश सैनी, मनोज सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

### ईद की नमाज अदा की

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में गुरुवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद उल अजहा (बकरा ईद) मनाया। समाजसेवी अब्दुल लतीफ कुरेशी ने बताया कि इस अवसर पर इमाम ताज मोहम्मद के जरिए प्रात: 8:30 बजे जामा मस्जिद में अदा कराई गई। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों द्वारा एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई।

### गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी

**दूदू, (निसं)।** कस्बे एवं आसपास के गावों में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-उल-अजहा का त्यौहार मस्जिदों में नमाज अदा कर मनाया। इस दिन एक दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारक बाद दी गई। नमाज के दौरान प्रदेश एवं देशवासियों के लिए अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई।

# सामूहिक नमाज अदा कर देश में अमन-चैन की दुआ मांगी

**मालपुरा, (निसं)।** कुर्बानी व त्याग के प्रतीक ईद ऊल अजहा का त्यौहार उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केकडी रोड ईदगाह में जामा मस्जिद के ईमाम मुफितकारी सोहेब अहमद काशमी ने नमाजियों को ईद की सामुहिक नमाज अदा कराई।

मुस्लिम धर्मावलम्बी नमाजियों ने खुदा की ईबादत मे शीश झुकाते हुए नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। एक-दूजे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद घर लौटे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुस्लिम धर्म की परम्पराओं का निर्वहन करते हुए अल्लाह की सबसे प्यारी चीज बकरे की कुर्बानी की रस्म अदा की। साथ ही धार्मिक मान्यताओं का निर्वहन करते हुए कुर्बानी को तीन भागों में बांट पहला हिस्सा परिवार के लिए तो दूसरा हिस्सा करीबियों के लिए तो तीसरा हिस्सा गरीब व जरूरतमंदों को बांटा गया। दिनभर चले ईद की मुबारक के दौर में युवाओं में उत्साह देखा गया। शांति व कानून व्यवस्था की दृष्टि से शहर में आरएसी बटालियन व चार थानों का पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। एसडीएम महिपाल सिंह, एएसपी राकेश कुमार बैरवा, डीवाईएसपी सुशील मान व थानाधिकारी बृजेन्द्र सिंह राठोड शहर मे गश्त कर कानून व्यवस्था की निगरानी की गई।

- देवशयनी एकादशी पर हुई भगवान विष्णु की पूजा



मालपुरा में ईद ऊल अजहा की सामुहिक नमाज अदा की।

वहीं आषाढ शुक्ल पक्ष की एकादशी देवशयनी एकादशी पर हिन्दु समाज के लोगों ने भगवान हरि विष्णु की विशेष पूजा अर्चना की गई। देवशयनी एकादशी की पूजा के साथ ही चार माह के लिए शुभ व मांगलिक कार्य पर विराम लगा। छत्रेश्वर महादेव समिति की और से ब्रह्म सरोवर मे 111 छोटी कन्याओं के हाथो गुड्डी बोलावणी का पर्व मना प्रसादी का वितरण किया गया।

## गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर आज

**निवाई, (निसं)।** उपखण्ड कार्यालय पर उपखण्ड अधिकारी रविकांतसिंह की अध्यक्षता में गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर को लेकर बैठक आयोजित हुई। उप अधिकारी रविकांतसिंह ने बताया कि शांति एवं अहिंसा निदेशालय जयपुर द्वारा प्रत्येक उपखण्ड में एक दिवसीय उपखण्ड स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन को लेकर 30 जून को सुबह 7 बजे अहिंसा सर्किल से रानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय तक गांधी दर्शन यात्रा निकाली जाएगी एवं रानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में गांधी जीवन को लेकर अनेक नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। एवं गांधी दर्शन पर आधारित वक्तव्य, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। समिति संयोजक महावीरप्रसाद पराणा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर को लेकर तहसीलदार अजीत बुन्देला को प्रशासनिक प्रभारी एवं नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी एवं राजस्व निरीक्षक मनीष गोर को सह प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है।

## सार-समाचार

### स्काउट गाइड ने गौ सेवा की



**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** स्थानीय संघ बहरोड़ के स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने गुरुवार को जखराना की गोपाल गौशाला में पहुंचकर गायों की सेवा में उनके चारा पानी और बैठने की जगह को साफ किया जिस पर श्रमदान करने पर गौशाला संरक्षक ने प्रमाण पत्र और मोमेंटो भेंट किया। मानस तत्व अनुसंधान केंद्र बहरोड़ के पंडित अशोक बोहरा ने गोरक्षा एवं गोसेवा को विश्व में भारतीय संस्कृति की गौरवशाली पहचान बताया। गौरतलब है कि स्काउट विभाग बहरोड़ सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही अन्य कार्यों व पिछले कई वर्षों से जखराना गौशाला में जाकर सेवा कार्य निरंतर रूप से कर रहे हैं। इनमें विशेष सहयोग रामचंद्र स्काउट मास्टर और प्रभारी प्रवीण यादव को सेवा का पर्याय होने के चलते कमेटी के सदस्यों व रमाकांत संरक्षक ने खुश होकर उन्हें सेवा प्रमाण पत्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान गोपाल गौशाला जखराना संरक्षक व अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, रेंजर कोमल, गाइड तन्मय यादव, रोवर हिमांशु, विजय, अजय, पवन, स्काउट साहिल, प्रिंस, तुषार, तन्मय, राजेश, राजीव, आदित्य, अंकित, साहिल कुमार, भवानी, सौरभ, देवेन्द्र, अनीश आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने जलसेवा कर धर्मलाभ कमाया



**फुलेरा, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल के फुलेरा रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रशासन व व्यापार महासंघ फुलेरा एवं दैनिक रेल यात्रीसंघ एकीकृत के संयुक्त तत्मवाधान में 1 मई से फुलेरा रेलवे स्टेशन पर आवागमन करने वाले रेल यात्रियों को आरओ का शीतल जल निशुल्क पिलाया जा रहा है। गौरतलब है कि उक्त सेवा फुलेरा रेलवे स्टेशन पर प्रतिवर्ष ग्रीष्मकाल में पिछले करीब 50 वर्षों से निरंतर यहां के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा दी जा रही है। जबकि गुरूवार को स्थानीय बच्चों के द्वारा स्वैच्छा एवं उत्साह के साथ जल सेवा कर धर्मलाभ कमाया गया। जिसमें फुलेरा जंक्शन पर आवागमन करने वाली ट्रेनों के लगभग सभी यात्रियों को ठण्डा एवं आर ओ का फिल्टर पानी उपलब्ध करवाया गया। गौरतलब है कि वहीं उक्त जल सेवा का कार्यक्रम में प्रतिदिन स्थानीय व्यापारियों एवं दैनिक रेल यात्री संघ के पदाधिकारियों तथा स्काउट्स एण्ड गाइड्स सहित अन्य कई समाजसेवी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### ईदुलजुहा का त्यौहार मनाया

**निवाई, (निसं)।** ईदुलजुहा का त्यौहार शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह पूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों ने त्यौंहार को लेकर उत्साह दिखाई दिया। गुरुवार को शहर के जमात क्षेत्र में स्थित ईदगाह मैदान सामुहिक रूप से नमाज अदा की गई। इसके अलावा पटेल रोड स्थित जलेबी मस्जिद एवं शहर की अन्य मस्जिदों में भी ईदुलजुहा की नमाज अदा की गई। ईदगाह मैदान पर नमाज के समय से पूर्व ही मुस्लिम समाज के लोग नए वस्त्र पहनकर पहुंचे। जहां मौलवियों ने कुरान के संदेश को पढकर सुनाया। इसके बाद ईदुलजुहा की सामूहिक नमाज अदा हुई। ईदगाह व पटेल रोड स्थित जलेबी मस्जिद के सामने नमाज के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर मुबारकबाद दी। मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने घरों में ही नमाज अदा की। इसके बाद घरों में कुर्बानी की रस्म अदा की गई। दिनभर मुस्लिम मौहल्लों में काफी चहल-पहल दिखाई दी।

### हनुमान बेनिवाल का स्वागत किया

**मालपुरा, (निसं)।** आरएलपी सुप्रीमो व सांसद हनुमान बेनिवाल गुरूवार की शाम मालपुरा पहुंचे। शहर के व्यास सर्किल पर जमा बेनिवाल समर्थकों व युवाओं ने आरएलपी सुप्रीमों को राजस्थानी पगडी पहना फूल मालाओं से लादते हुए जोरदार स्वागत किया। बेनिवाल के स्वागत में उमडी भीड़ में भाजपा व कांग्रेस के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित समर्थक भी शामिल रहे। जो कि राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना रहा । स्वागत के दौरान युवाओं ने बेनिवाल से मालपुरा सीट पर आरएलपी प्रत्याशी उतारे जाने की मांग की। जिस पर बेनिवाल ने जल्द मालपुरा में एक आमसभा बुला जनमानस से राजनैतिक चर्चा का विश्वास दिलाया।

### गुरु पूर्णिमा पर भजन संध्या

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महाआरती एवं भजनसंध्या का आयोजन किया गया है। बालाजी परिवार ने बताया कि खैरथल के पुरानी मंडी में पांची देवी जयनारायण स्मृति उद्यान के पास बालाजी मंदिर में 3 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सांय 6.51बजे से आयोजित भजनसंध्या एवं महाआरती में गायक कलाकार भरतपुर से राधिका शर्मा, खैरथल से मुकेश मस्ताना व राहुल खंडेलवाल और अलवर से अश्विनी म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा बालाजी महाराज का संगीतमय गुणगान किया जाएगा।

## एकादशी पर बाबा श्याम की झांकी सजाई

**निवाई, (निसं)।** देवशयनी एकादशी पर शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना व दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। इसी के साथ आगामी 4 माह तक शुभ कार्यों पर विराम लग गया है। ,

श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर गुरुवार की सुबह मंदिर पुजारियों के सानिध्य में नरोत्तम अग्रवाल ने श्याम बाबा का अभिषेक कर केसर-चंदन का लेप किया और कलकत्ता के फूलों से आकर्षक झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की मंदिर में 108 परिक्रमा लगाई। इधर सूर्यास्त के बाद महिलाओं ने घरों के दरवाजे पर घी के दीपक जलाए।

- श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की मंदिर में 108 परिक्रमा लगाई
- सूर्यास्त के बाद महिलाओं ने घी के दीपक जलाए

बच्चों ने पटाखे भी फोडे। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी,चेतन पारीक, विनोद तिवाडी शशि टोडवाल, रामचरण विजय सहित कई लोग मौजूद थे।

## कुर्बानी का पर्व मनाया

**राजगढ़, (निसं)।** कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा गुरुवार को कस्बे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मुस्लिम समाज के लोगों ने मौलाना अजनान रजा के सानिध्य में मस्जिद में सामूहिक रूप से बकरीद ईद उल अजहा की नमाज अदा की । इस अवसर पर एक दूसरे के गले लग कर ईद की मुबारकबाद दी । नमाज के दौरान खुदा के सजदे में सिर झुका कर अकीदतमंदों ने देश प्रदेश मैं अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी । इस अवसर पर सलीम भाई ,गफूर ,लल्लू शाह ,उस्मान अली ,अब्दुल लोहार ,महबूब, सत्तार ,हाजी हुसैन खां ,अब्दुल गनी ,हाजी रफीक ,साबुद्दीन सहित समाज के लोग उपस्थित रहे ।

# ग्राम देवरी में हुई फायरिंग की वारदात का खुलासा

**टोंक/उनियारा, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने बताया कि थाना उनियारा के ग्राम देवरी में हुई फायरिंग की वारदात का खुलासा करते हुये घटना के मुख्य आरोपी नादान उर्फ लुक्का गर्जर सहित उसके साथी को जयुपर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उनियारा थाना प्रभारी ने बताया कि 19 जून को थाना उनियारा पर जरिये टेलिफोन सूचना मिली की ग्राम देवरी में अज्ञात युवक धर्मराज गुर्जर निवासी देवरी के साथ मारपीट व फायरिंग कर फरार हो गये हैं, उक्त सूचना पर थानाधिकारी मय जाप्ता घटना स्थल पर पहुंचा और अज्ञात मुल्जिमानों के लिए जिलें में नाकाबन्दी करवायी गयी परन्तु कोई सफलता प्राप्त नहीं हुई।

धर्मराज गुर्जर के पिता शोजी लाल गुर्जर निवासी देवरी द्वारा रिपोर्ट पेश करने पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान भोपाल सिंह उ0नि0 थानाधिकारी थाना उनियारा द्वारा प्रारम्भ किया गया। मुल्जिमान की तलाश हेतु थानाधिकारी थाना उनियारा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया।




पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

टीम द्वारा गोपनीय तौर पर आसुचना संकलन व तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुये शातिर मुलजिम व मुख्य सरगना नादान उर्फ लुक्का गुर्जर व कुलदीप मीणा को जयपुर के गायत्री नगर से गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की। घटना में प्रयुक्त हथियार, वाहन तथा शेष अभियुक्तों की गहनता सें तलाष जारी है। इस घटना नादान गुर्जर उर्फ लुक्का पुत्र हरलाल गुर्जर उम्र 24 साल निवासी परवण बूंदी थाना बनेठा एवं कुलदीप मीणा पुत्र लखपत मीणा उम्र 21 साल निवासी खुवा थाना कुण्डेरा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया गया।

## मालपुरा में शुरू हुई चुनावी सरगर्मियां

**मालपुरा, (निसं)।** विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर मालपुरा में चुनावी सरगर्मियां धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगी हैं। भाजपा व कांग्रेस प्रमुख राजनैतिक दलों सहित आप पार्टी व आरएलपी सहित बीएसपी टिकट से चुनाव लड़ने तथा विधायक बनने का ख्वाब देख रहे नेताओं की मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में बढ़ रही सरगर्मियों के बीच पीसीसी सदस्य व मालपुरा तहसील क्षेत्र के कुहाडा निवासी प्रमुख समाजसेवी भामाशाह घासीलाल चौधरी क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क अभियान चला नुक्कड सभाओं के माध्यम से मतदाताओं से रूबरू हो मालपुरा के चहुमुंखी विकास के लिए इस बार मौका देने की अपील कर रहे हैं।

गुरूवार को सोडा देवबनी में आयोजित गुर्जर समाज के देवनारायण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम समारोह में गुर्जर समाज की ओर से जीएल चौधरी का जोरदार स्वागत किया गया। तो चौधरी ने एक स्वर में इस बार मालपुरा के स्थानीय व्यक्ति को ही जनप्रतिनिधि चुनने के नारे के साथ-साथ स्थानीय लाओं बाहरी को भगाओं के चुनावी नारे के साथ चुनावों का आगाज किया। चौधरी ने देवनारायण विकास के लिए 51 हजार रूपये की सहयोग राशि दी। गुरूवार को आधा दर्जन गांवों में नुक्कड सभाओं के माध्यम से जनसम्पर्क किया।

- पीसीसी सदस्य व भामाशाह ने शुरू किया जनसम्पर्क

## कब्रिस्तान की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**चाकसू, (निसं)।** ग्राम बिहारीपुरा पटवारी हल्का काठावाला में कब्रिस्तान की भूमि जिसके खसरा नम्बर577 है उस पर कुछ ग्रामीणों ने कब्जा कर रखा है। इस सम्बंध में मुस्लिम वक्फ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हाजी बुंदु एसके टायर वाले के नेतृत्व एक शिष्ट मंडल जिला कलेक्टर से मिला है। शिष्ट मंडल ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि उक्त कब्रिस्तान की भूमि का सीमा ज्ञान करवाकर इसके चारों तरफ दीवार बनाई जाए वहीं कब्रिस्तान के अतिक्रमण को जिला कलेक्टर ने गम्भीरता से लेते हुए चाकसू उपखण्ड अधिकारी को सीमा ज्ञान कर जांच करने के निर्देश दिए है । शिष्ट मंडल में अब्दुल रशीद, हमीद खान, गुलफान भाई सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ मना ईद उल अजहा का पर्व

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में गुरूवार को ईद उल अजहा (बकरा ईद) बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास व आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया।

अल सुबह से ही कस्बे के दिल्ली-दरवाजा स्थित नूरी मस्जिद, जलेबी चौक स्थित हजरत बिलाल जामा मस्जिद सहित आजाद चौक स्थित शाही मस्जिद पर मुस्लिम धर्मावलम्बियों की भारी भीड़ नमाज के लिए जुटने लगी। नुरी मस्जिद में शाही इमाम मौलाना अशफाक आलम, हजरत बिलाल जामा मस्जिद में मौलाना वकील अहमद के द्वारा ईद की नमाज अदा करवाई गई। साथ ही आजाद चौक के कचहरी परिसर स्थित शाही मस्जिद में भी बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने ईद की नमाज अदा की। इस दौरान उन्होंने अल्लाह ताला से देश में अमन, चौन, आपसी भाईचारे व सौहार्द की दुआ मांगी।

- भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता रहा तैनात

नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने एक-दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारक बाद दी। बड़ी संख्या में हिन्दू भाईयों ने भी दिल्ली-दरवाजा पहुंचकर ईद की बधाई दी। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा, तहसीलदार अभिषेक सिंह, डीएसपी मदन लाल जैफ, एसएचओ मांगे लाल यादव समेत भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

## फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैम्प

**चाकसू, (निसं)।** गुरुवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक के निर्देशों की अनुपालना में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना अंतर्गत शुद्ध के लिये युद्ध अभियान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय बी एल मीणा के आदेशानुसार चाकसू कस्बे में चैंपेश्वर महादेव मंदिर परिसर में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैम्प लगाया गया जिसके सम्बन्ध में क्षेत्र के व्यापारियों को समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से समय पूर्व जागरूक किया गया , कैम्प में 4 लाइसेंस एवं 42 रजिस्ट्रेशन हाथों हाथ बनाकर व्यापारियों को उपलब्ध कराये गये, कैम्प में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिंह राठौड़ अवधेश गुप्ता एवं सहायक कर्मचारी लल्लू प्रसाद शर्मा, विष्णु शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# कोटपूतली में नवसृजित महिला थाने का शुभारम्भ

**कोटपूतली, (निसं)।** हाल ही के बजट में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई घोषणा अनुसार कोटपूतली में नवसृजित महिला थाने का शुभारम्भ गुरूवार को कस्बे के टापरी रोड़ स्थित अम्बेडकर सामुदायिक भवन में क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के द्वारा किया गया।

इस मौके पर यादव ने बतौर मुख्य अतिथि अस्थाई तौर पर अम्बेडकर सामुदायिक भवन में खोले गये थाने का फिता काटकर उद्घाटन किया व अनावरण पट्टीका का लोकार्पण कर विधिवत् थाने का शुभारम्भ भी किया। इस मौके पर यादव समेत कोटपूतली-बहरोड़ जिले की पुलिस ओएसडी आईपीएस रंजिता शर्मा ने नवगठित थाने की एसएचओ सुनीता सैनी को कार्यभार भी ग्रहण करवाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गृह राज्यमंत्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में महिलाओं व बालिकाओं पर होने वाले अपराधों व अत्याचारों में भारी कमी आई है। राज्य सरकार ने इस ओर विशेष ध्यान देते हुए लक्ष्य बनाकर काम किया है।

- महिलाओं पर होने वाले अपराधों - अत्याचारों पर लगेगी लगाम : यादव



कोटपूतली में गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ( बीच में ) ने महिला पुलिस थाने का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि कोटपूतली व आसपास में कई थाना क्षेत्र व बड़ा ईलाका होने के बावजुद भी कोई महिला थाना नहीं था। जिसकी लम्बे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए यहां महिला थाना खोला है। इससे जहां महिलाओं व बालिकाओं पर होने वाले अपराधों व अत्याचारों में कमी आयेगी। महिला थाना अधिकारी सुनीता सैनी ने स्वागत भाषण दिया। वहीं कार्यक्रम को प्रशासनिक ओएसडी आईएएस शुभम चौधरी, पुलिस ओएसडी आईपीएस रंजिता शर्मा, नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत ने भी सम्बोधित किया। सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा, डीएसपी मदन लाल जैफ, तहसीलदार अभिषेक सिंह, एसएचओ मांगे लाल यादव, एड. दुर्गा प्रसाद सैनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, छीत्तरमल सैनी, एपीपी एड. भोजराज यादव, बी एल यादव, विराट यादव, पार्षद कृष्ण कारोडिया, रघुवीर गोयल, भीखाराम सैनी, नाहर सिंह पायला, बबलू बबेरवाल समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## देवशयनी एकादशी पर्व मनाया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में गुरुवार को देवशयनी एकादशी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर भगवान ठाकुर जी एवं श्याम जी के पकवान एवं माखन मिश्री का भोग लगाया गया। कस्बे पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन ठाकुर जी महाराज मन्दिर के पुजारी आचार्य पण्डित शिवनारायण शर्मा ने बताया कि प्रात: ठाकुर जी महाराज का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद माखन मिश्री एवं पंचमेवा का भोग लगाया गया। तत्पश्चात महाआरती की गई। वहीं आगे बताया कि देवयानी एकादशी के बाद हिन्दू धर्म में मांगलिक दे कार्यक्रमों पर विराम लग जाता है। जबकि इसके साथ ही चतुर्मास प्रारंभ हो जाता है। इस संतों के द्वारा कई अनुष्ठान संपन्न करवाये जाते है। इसके बाद अब देवउठनी एकादशी के साथ ही कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।

## महिलाओं ने श्याम धाम यात्रा निकाली

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय पुरानी अनाज मंडी श्याम मंदिर में गुरुवार को एकादशी पर पूरे दिन महिलाओं ने खाटू श्याम बाबा के दर्शन करते हुए धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें कस्बे की पुरानी आबादी वार्ड नंबर 6 यादव मोहल्ला की महिलाओं द्वारा डीजे की धुन पर नाचती गाती हुई श्याम मंदिर में पहुंच कर श्याम ध्वजा चढ़ाई। बाला देवी, सुभानता, कमला, नीलम आदि की अगुवाई में सैकड़ों महिलाएं शामिल रही।

# फागी में पहली बरसात से ही सड़क दरिया बनी



कस्बे के बीच से निकल रहे स्टेट हाइवे एक से डेड फीट तक पानी भरा गया।

**फागी, (निसं)।** कस्बे के बीच से निकल रहे स्टेट हाइवे जो कि दूदू को मिलाता है पर विगत तीन दिन से बरसात के कारण एक से डेड फीट तक भरा गया जिससे आमजन एवं रहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं सम्बन्धित विभाग को इसकी सुध लेने की सोची भी नहीं है। दूसरी ओर कस्बे के मुख्य बाजार एवं अन्य सडकों पर बनी नालियों की सफाई नहीं होने से बरसात से होने वाले हाल का अन्दाजा लगाया जा सकता है।

ओम प्रकाश शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत फागी का कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा कई बार सार्वजनिक विभाग को पत्र लिखकर इस बारे में अवगत करवाया गया किन्तु विभाग द्वारा न तो नालियों की सफाई करवायी गयी और न ही पानी निकासी की समुचित व्यवस्था की गई। जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। अमृतराज मीणा सहायक अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग फागी का कहना है कि मुझे इस मामले की जानकारी ही नहीं है मैं कल ही इसे दिखवाता हूं।



मैं अब भी कुछ हासिल करना चाहती हूं, मेरे कुछ लक्ष्य हैं। मैं अपने बच्चों को दिखाना चाहती हूं कि कोई भी उम्र हो, तुम अपने सपने साकार कर सकते हो।

-कैरोलिन वोजिन्याकी

पूर्व विश्व नं. 1 टेनिस खिलाड़ी, संन्यास से वापसी की घोषणा करते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

नीरज चोपड़ा



चोट के कारण एक महीने बाद लौट रहे ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा डायमंड लीग के लुसाने चरण में शुक्रवार को लगातार दूसरी बार पोडियम पर जगह बनाने की कोशिश में होंगे। भारत के 25 वर्ष के चोपड़ा ने पांच मई को डायमंड लीग के दोहा चरण में शानदार शुरुआत करके कैरियर का सर्वश्रेष्ठ 88.67 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन उसके बाद से उनकी मांसपेशी में खिंचाव आ गया। उन्होंने 29 मई को एक बयान जारी करके चार जून को नीदरलैंड में हुए एफबीके खेलों और 13 जून को फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों से नाम वापिस लेने की घोषणा की थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लॉर्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैंड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

# सिंधू और राणा के शतकों से उत्तर क्षेत्र ने खड़ा किया रनों का पहाड़



बेंगलुरु 29 जून। ध्रुव शोरी (135) के बाद निशांत सिंधू (150) और हर्षित राणा (122 नाबाद) के शतकीय प्रहारों की बदौलत ने उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरुवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 540 रन बना कर घोषित कर दी और दिन के खेल के अंतिम सत्र में पूर्वोत्तर क्षेत्र के तीन विकेट महज 65 रन पर चटका कर मैच पर अपना दबाव बना लिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर नीलेश लामिचानी 35 रन और लंग्लोन्याम्बा मीतान कीशांगबाम एक रन के निजी स्कोर पर क्रीज पर मौजूद थे। पूर्वोत्तर के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के सामने उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया। शोरी के शतक से मजबूत आधार तैयार करने के बाद उत्तर क्षेत्र के निशांत और हर्षित ने आठवें विकेट के लिये 103 रनो की भागीदारी कर रनो की ऊंची इमारत बनाने के अपने इरादों का इजहार किया। निशांत ने 18 चौके और तीन छक्कों की मैराथन पारी खेली। उनके आउट होने के बाद दूसरे छोर पर खड़े हर्षित ने अपनी बल्लेबाजी को टाप गियर मे डाल दिया और पूर्वोत्तर के गेंदबाजों की कुटाई करते हुये महज 86 गेंदों में 12 चौके और नौ आसमानी छक्कों की सहायता से 122 रन बना डाले।

दिन के खेल के अंतिम सत्र में उत्तर क्षेत्र के कप्तान जयंत यादव ने सूझबूझ भरा फैसला लेते हुये अपनी टीम को वापस बुला लिया। कप्तान के फैसले को सही ठहराते हुये उत्तर के गेंदबाजों ने महज पांच ओवर में दस रन देकर दो विकेट झटक कर पूर्वोत्तर की मुश्किलों में इजाफा किया जबकि खेल के 15 मिनट पहले कप्तान रोंगसेन जोनाथन (15) भी अपना विकेट गंवा कर पवेलियन लौट गये।

## दलीप ट्रॉफी : पूर्व क्षेत्र के खिलाफ मध्य क्षेत्र ने मजबूत की पकड़

अलूर 29 जून। आवेश खान (34 रन पर तीन विकेट),सौरभ कुमार ( 46 रन पर तीन विकेट) और शिवम मावी (24 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरुवार को पूर्व क्षेत्र की पहली पारी को मात्र 122 रन पर ढेर करने के बाद दूसरी पारी में बगैर कोई विकेट खोये 64 रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मध्य क्षेत्र ने पहली पारी में 182 रन बनाये थे। दिन का खेल खत्म होने के समय मध्य क्षेत्र की कुल लीड 122 रन की हो चुकी है। हिमांशु मंत्री 25 रन और विवेक सिंह 34 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुये है। गेंदबाजों पर मेहरबान कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसियेशन स्टेडियम की पिच पर आज भी बल्लेबाजों को रनो के जूझना पड़ा। पूर्व क्षेत्र के रियान पराग (33) और मणिशंकर मूरासिंह (30 नाबाद) ने टीम के स्कोर को 100 रन का आंकड़ा पार कराने में महती भूमिका अदा की। पूर्व क्षेत्र के छह बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में नाकाम साबित हुये। पराग ने अपनी संक्षिप्त पारी में 46 गेंद खेली और पांच चौके और एक छक्का जमाया वहीं मूरा सिंह अपनी नाबाद पारी में 34 गेंदों में दो चौके और दो छक्के जड़ चुके थे। इनके अलावा सुदीप कुमार (27) और शहबाज नदीम (17) ने लड़खड़ाती पारी को कुछ हद तक संभाला।

## सुप्रिया देवी महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

भोपाल, 29 जून,। टीएच सुप्रिया देवी ने मध्य प्रदेश के भोपाल में चल रही छठी युवा महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन के बूते क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पंजाब की कुलदीप कौर के खिलाफ सुप्रिया (54 किग्रा) ने आक्रमण रणनीति का इस्तेमाल किया और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से विजयी हुईं। मणिपुर में जन्मी मुक्केबाज के नाम एशियाई जूनियर रजत पदक है। अंतिम आठ में उनका मुकाबला अब आंध्र प्रदेश की मेहरुन्निसा ए बेकम मोहम्मद से होगा। मणिपुर की एक अन्य मुक्केबाज काजल एस देवी ने चंडीगढ़ की हर्षिता के खिलाफ कड़े संघर्ष में 4-1 से जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला पंजाब की रिया तूर से होगा। 50 किग्रा वर्ग में हरियाणा की अंशू ने दिल्ली की स्वाति यादव के खिलाफ उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पहले राउंड में रेफरी द्वारा प्रतियोगिता रोके जाने के बाद जीत हासिल की। वह अपने क्वार्टर मुकाबले में मध्य प्रदेश की काफ़ी से भिड़ेंगी। आक्रमण और त्वरित मूवमेंट के स्मार्ट संयोजन का प्रदर्शन करते हुए तेलंगाना की एस जया श्री (81 किग्रा) ने हरियाणा की रितु के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जहां उनका मुकाबला महाराष्ट्र की मानसी लाड से होगा।

## भारत में महिलाओं के लिए और अधिक शतरंज टूर्नामेंट की जरूरत : हंपी

दुबई, 29 जून। भारत की पूर्व विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियन कोनेरू हंपी ने गुरुवार को देश में महिलाओं के लिए और अधिक शतरंज टूर्नामेंट आयोजित करने की जरूरत पर बात करते हुए कहा कि इससे ही खिलाड़ियों का बड़ा पूल तैयार किया जा सकता है। भारत की 36 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि शतरंज खिलाड़ियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है लेकिन इसमें वित्तीय सहयोग की कमी सबसे ज्यादा महसूस होती है जिसकी बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिये आवश्यकता होती है। हंपी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "अगर मैं भारत की बात करूं तो मुझे अब भी लगता है कि अगर लड़कों से तुलना की जाये तो महिला खिलाड़ियों की संख्या काफी कम है। भारत में महिलाओं के लिए और अधिक टूर्नामेंट होने चाहिए, विशेषकर युवा लड़कियों के लिए। हंपी ने 2006 एशियाई खेलों में व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने कहा कि प्रतिभा खोजने के बाद खिलाड़ियों को उचित ट्रेनिंग मुहैया करायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, "एक बार प्रतिभा मिल जाये तो उसे ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। ट्रेनिंग किसी भी खेल में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का पूल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शायद हमें महिला खिलाड़ियों की संख्या में इजाफा करने की दिशा में काम करने की जरूरत है। एक बार ऐसा होगा तो शायद प्रतिभा धीरे धीरे सामने आने लगेंगी। "

## राष्ट्रीय कोचों ने आईओए तदर्थ पैनल को बताया, ट्रायल्स में छूट देने से कुश्ती बिरादरी खफा

नयी दिल्ली, 29 जून। देश के शीर्ष कोचों ने गुरुवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के तदर्थ पैनल को बताया कि प्रदर्शनकारी छह पहलवानों को एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल्स में छूट देने का फैसला कुश्ती बिरादरी को रास नहीं आया। आईओए तदर्थ पैनल भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का कामकाज देख रहा है। भूपेंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाले पैनल ने मेरठ में हुई एक अनौपचारिक बैठक में राष्ट्रीय फ्रीस्टाइल कोच जगमंदर सिंह, राष्ट्रीय ग्रीको रोमन कोच हरगोबिंद सिंह और राष्ट्रीय महिला कोच वीरेंद्र सिंह दहिया के विचार सुने। आईओए सूत्र ने कहा, "तीनों कोच ने बाजवा को बताया कि स्थापित और उदीयमान पहलवानों में इसे लेकर रोष व्याप्त है। जो लोग अखाड़े चलाते हैं, वे इस अनुचित और पक्षपातपूर्ण फैसले से नाराज हैं।" सूत्र ने कहा, "कोई फैसला नहीं लिया गया लेकिन बाजवा ने उन्हें कहा कि पैनल इस मामले को देखेगा। बाजवा ने 16 जून को विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, सत्यव्रत कादियान, जितेंदर किन्हा और संगीता फोगाट को लिखा था कि वे अगस्त में एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप ट्रायल के विजेताओं के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। पहलवानों ने दावा किया था कि उन्हें छूट नहीं मांगी थी बल्कि तैयारी के लिए केवल अतिरिक्त समय मांगा था। सूत्र ने कहा, "इस पर भी चर्चा की गयी कि पुरुष और महिलाओं के लिए राष्ट्रीय शिविर एशियाई खेलों के ट्रायल्स के बाद शुरू होंगे। पुरुष शिविर हमेशा की तरह बहलगढ़ में साई केंद्र में होगा।

## जिम्बाब्वे में 20 जुलाई से शुरू होगा जिम एफ्रो टी-20 टूर्नामेंट

हरारे, 29 जून। जिम्बाब्वे के हरारे में क्रिकेट का सबसे तेज प्रारूप जिम एफ्रो टी10 टूर्नामेंट 20 जुलाई से खेला जायेगा। प्रतियोगिता का फाइनल 29 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के पहले संस्करण के नामकरण के अधिकार रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनी जिम साइबर सिटी को दिए गए हैं। इसके साथ ही यह टूर्नामेंट अब जिम साइबर सिटी जिम एफ्रो टी10 के नाम से जाना जाएगा। टूर्नामेंट में पांच निजी स्वामित्व वाली टीमें खिताब के लिये जोर आजमाइश करेंगी जिनमें हरारे हरिकेन, डरबन कलंदर्स, केप टाउन सैम्प आर्मी, बुलावायो ब्रेव्स और जॉबर्ग बफ़ेलोज शामिल हैं। उद्घाटन संस्करण के लिए खिलाड़ी का ड्राफ्ट दो जुलाई को हरारे में एक भव्य समारोह में होगा।

टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा हमें जिम एफ्रो टी10 के लिए जिम साइबर सिटी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। इन वर्षों में उन्हें जिम्बाब्वे में उनके काम और व्यावसायिकता के लिए बहुत स्नेह मिला है। हमें उम्मीद है कि यह साझेदारी समय की कसौटी पर खरी उतरेगी और कुछ खास बनाएगी। ,खूबसूरत देश जिम्बाब्वे का क्रिकेट में एक समृद्ध इतिहास है और हमें उम्मीद है कि यह सहयोग क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र को भी मदद कर सकता है। जिम साइबर सिटी के सीईओ तेंदाई ह्वुपो-मामवुरा ने कहा देश और जिम्बाब्वे के क्रिकेट प्रशंसक जिम साइबर सिटी जिम एफ्रो टी10 का इंतजार कर रहे हैं, और हम इस तरह की मनोरंजक रचना के साथ जुड़कर रोमांचित हैं। मुझे यकीन है कि क्रिकेट परिवार इसका पूरा आनंद उठाएगा। इस साझेदारी में आने वाले वर्षों में क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में एक गंभीर छाप छोड़ने की क्षमता है, और हमें सभी हितधारकों से बहुत उम्मीदें हैं।

## किर्गिस्तान और हंगरी जायेंगे विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया

नई दिल्ली, 29 जून। पहलवान और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) एथलीट विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों के लिए किर्गिस्तान और हंगरी जायेंगे। खेल मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि दोनों ने युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) की टॉप्स टीम को अपने प्रस्ताव भेजे और उनके अनुरोध के 24 घंटों के भीतर इसे मंजूरी दे दी गई।

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया 36 दिनों के प्रशिक्षण शिविर के लिए इस्सिक-कुल, किर्गिस्तान जाएंगे, वहीं विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट पहले एक सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए बिश्केक, किर्गिस्तान जाएंगी और फिर 18 दिनों के प्रशिक्षण शिविर के लिए टाटा, हंगरी जाएंगी।

विनेश के साथ फिजियोथेरेपिस्ट अश्विनी जीवन पाटिल, स्पैरिंग पार्टनर संगीता फोगाट और कोच सुदेश होंगे, बजरंग के साथ कोच सुजीत मान, फिजियोथेरेपिस्ट अनुज गुप्ता, स्पैरिंग पार्टनर जितेंद्र और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग विशेषज्ञ काजी हसन होंगे। सरकार विनेश, बजरंग के अलावा संगीता फोगाट और जितेंद्र को प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न व्ययों को वहन करेगी। इसके अलावा पहलवानों के साथ आने वाले अन्य सहायक कर्मचारियों का खर्च ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट (ओजीक्यू) द्वारा वहन किया जाएगा। विनेश और बजरंग जुलाई के पहले सप्ताह में रवाना होने वाले हैं।

## अहम मौकों पर गेंद गंवाने से खुश नहीं स्टिमक, कहा टीम उम्मीदों को पूरा करने के करीब

बेंगलुरु, 29 जून। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने खेल के महत्वपूर्ण मौके पर गेंद गंवाने के लिए अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की। इंटरकांटिनेंटल कप में जीत के बाद भारत सैफ चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गया है और अंतिम चार में उसका सामना लेबनान से होगा। स्टिमक ने कहा, "शिकायत के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। हमें खेल के उन क्षणों में सुधार करने की जरूरत है जब हमारा फोकस शीर्ष स्तर पर होना चाहिए और हमें मौका किसी को देने की कोशिश नहीं करनी होती। उन्होंने कहा, "मैं इस चीज से संतुष्ट नहीं हूं जब हम आसान सा पास बिना किसी दबाव के गंवा देते हैं क्योंकि इसके बाद गेंद वापस हासिल करने के लिए काफी ज्यादा ऊर्जा बर्बाद करने की जरूरत होती है। स्टिमक ने कहा, "बाकी मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। वे उस स्तर के काफी करीब पहुंच रहे हैं जिस पर मैं उन्हें देखना चाहता हूं। कुवैत के खिलाफ ड्रा भारतीय टीम के लिये काफी निराशाजनक रहा जिसमें टीम जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन अंत में अनवर अली के आत्मघाती गोल से टीम को अंक बांटने पड़े। लेकिन स्टिमक ने कहा कि इस नतीजे से शिविर में खिलाड़ियों के जज्बे में कोई कमी नहीं आयी है। स्टिमक ने कहा, "हम मैच दर मैच सुधार कर रहे हैं। जब हम ट्रेनिंग के लिए पिच पर उतरते हैं तो हम काफी अच्छे मूड में होते हैं। गुरुवार को ताजा फीफा पुरुष रैंकिंग के अनुसार भारतीय टीम एक पायदान के फायदे से 100वें स्थान पर पहुंच गया है जिसमें उसकी इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीत ने अहम भूमिका निभायी। स्टिमक ने कहा, "मैं इस खबर से खुश हूं लेकिन हमें अगले कुछ मैचों में अपनी इस रैंकिंग को स्थिर करने की जरूरत है।

## स्टीव स्मिथ के शतक से ऑस्ट्रेलिया के 416 रन



लंदन, 29 जून। स्टीव स्मिथ के शतक की मदद से आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन 416 रन बनाये। जवाब में इंग्लैंड ने समाचार लिखे जाने तक चार विकेट पर 269 रन बना लिये थे। बेन स्टोक्स (13) और हैरी ब्रुक (45) रन बनाकर क्रीज पर थे। एलेक्स कारी और मिचेल स्टार्क पहले 20 मिनट में ही आउट हो गए। स्मिथ उस समय 87 रन पर थे और उन्होंने जेम्स एंडरसन को चौका लगाकर शतक पूरा किया। यह उनका 32वां और इंग्लैंड के खिलाफ 12वां टेस्ट शतक था। सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह पूर्व कप्तान स्टीव वॉ के समकक्ष आठवें स्थान पर आ गए। एशेज में सर्वाधिक रन बनाने वाले आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की सूची में वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके 3173 रन हैं और उनसे ऊपर सिर्फ डॉन ब्रेडमैन, जैक हॉब्स और एलेन बॉर्डर हैं। स्मिथ 110 रन बनाकर जोश टंग की गेंद पर गली में डकेट को कैच देकर लौटे। उन्होंने 184 गेंद की पारी में 15 चौके जड़े। स्टुअर्ट ब्रॉड ने कारी (22) को और जेम्स एंडरसन ने स्टार्क (छह) को आउट किया।

## विदेशी टी-20 लीग में रिटायर्ड खिलाड़ियों की हिस्सेदारी की समीक्षा करेगा बीसीसीआई

नयी दिल्ली, 29 जून। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सात जुलाई को होने वाली अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में विदेशी टी20 लीग में रिटायर्ड खिलाड़ियों की हिस्सेदारी की मौजूदा नीति की समीक्षा करेगा। बीसीसीआई अपनी लंबे समय से चली आ रही नीति के अनुसार खुद से पंजीकृत खिलाड़ियों को तभी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा लेने की अनुमति देता है जब वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लेते हैं जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) भी शामिल है।

अंबाती रायुडू ने पिछले महीने चेन्नई सुपरकिंग्स की खिताबी जीत में भूमिका निभाने के बाद आईपीएल से संन्यास ले लिया था। अब वह जुलाई में अमेरिका में होने वाली शुरुआती मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में टेक्सास सुपरकिंग्स में खेलते हुए नजर आयेंगे। बीसीसीआई अपने सक्रिय खिलाड़ियों को टी20 लीग में हिस्सा लेने से बचाना चाहता है और ताजा घटनाक्रम को देखते हुए वह अपने रिटायर्ड खिलाड़ियों की भागीदारी पर एक अनुच्छेद ला सकता है।

घरेलू क्रिकेट का स्तर और ज्यादा कमजोर नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह ऐसा कर सकता है क्योंकि टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के फैलने से काफी खिलाड़ी जल्दी संन्यास ले सकते हैं। बैठक के एजेंडे के अनुसार विदेशों में रिटायर्ड खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर चर्चा की जायेगी। बीसीसीआई ने सितंबर-अक्टूबर में हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी टीम (पुरुष और महिला) को भेजने का फैसला किया है।

## इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग में धूम मचायेंगे गेल, सहवाग

नयी दिल्ली, 29 जून। कुछ साल पहले तक क्रिकेट के मैदान पर गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने के लिये मशहूर क्रिस गेल और वीरेन्द्र सहवाग जैसे दिग्गज बल्लेबाज देहरादून में 17 नवंबर से खेली जाने वाली पहली इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग की शान बनेंगे। भारतीय वेटरन क्रिकेट बोर्ड और इंडियन पावर क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित इस लीग के पहले संस्करण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में दो विदेशी खिलाड़ी और कम से कम पांच पूर्व रणजी क्रिकेटर भाग लेंगे। वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल ने गुरुवार को यहां लीग के लांच के साथ छह टीमों वीवीआईपी गाजियाबाद, राजस्थान लीजेंड्स, छत्तीसगढ सुल्तान, तेलंगाना टाइगर्स, दिल्ली वारियर्स और मुंबई लायंस की जर्सी का अनावरण किया। उन्होने कहा इस लीग का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं फिर मैदान पर उतरकर छक्के लगाने के लिये बेताब हूं।

## चयनकर्ता की दौड़ में शामिल अगरकर ने दिल्ली कैपिटल्स छोड़ी

नयी दिल्ली, 29 जून। भारत के मुख्य चयनकर्ता की दौड़ में शामिल अजित अगरकर ने बृहस्पतिवार को दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल टीम में सहायक कोच के पद से इस्तीफा दे दिया। अगरकर का नाम दौड़ में होने से बीसीसीआई को चयन समिति के प्रमुख का सालाना वेतन एक करोड़ से बढ़ाना होगा जबकि बाकी सदस्यों का वेतन भी 90 लाख से अधिक करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच और कमेंटेटर अगरकर मुख्य चयनकर्ता के सालाना पैकेज से अधिक कमाते हैं और यही कारण है कि बीसीसीआई को मौजूदा वेतनमान की समीक्षा करनी पड़ेगी। अगरकर के दौड़ में शामिल होने की खबर पीटीआई ने बुधवार को दी थी और अब दिल्ली कैपिटल्स टीम छोड़ने की खबर से यह साफ हो गया कि वह वेस्टइंडीज के आगामी दौरे के लिये टी20 टीम चुनते समय मुख्य चयनकर्ता हो सकते है।

दिल्ली कैपिटल्स ने इसकी पुष्टि की कि अगरकर और शेन वॉटसन अब सहयोगी स्टाफ का हिस्सा नहीं हैं। टीम ने ट्वीट किया, "आपके लिये यह हमेशा घर रहेगा। धन्यवाद अजित और वाट्टो (वॉटसन)। भविष्य के लिये शुभकामनायें। अगरकर 2021 में भी चयनकर्ता के पद के लिये इंटरव्यू दे चुके हैं जब उत्तर क्षेत्र से चेतन शर्मा समिति के अध्यक्ष बने थे। दिवंगत रमाकांत आचरेकर के शिष्य रहे 45 वर्ष के अगरकर 191 वनडे, 26 टेस्ट और चार टी20 मैच खेल चुके हैं। समझा जाता है कि उस समय मुंबई क्रिकेट संघ को अगरकर की दावेदारी से समस्या थी और यही वजह है कि उन्हें नहीं चुना गया।

# वापसी के तुरंत बाद रहाणे को टेस्ट उप कप्तान बनाने का फैसला समझना मुश्किल : सौरव गांगुली

नयी दिल्ली, 29 जून। सौरव गांगुली को अजिंक्य रहाणे को टेस्ट में उप कप्तानी की जिम्मेदारी देना काफी हैरानी भरा लग रहा है क्योंकि वह करीब 18 महीने तक टीम से बाहर थे और पूर्व भारतीय कप्तान ने चयन प्रक्रिया में निरंतरता और स्थिरता लाने की मांग की। डेढ़ साल पहले तक 35 वर्षीय रहाणे टीम में शामिल होने की दौड़ से बाहर थे लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस महीने के शुरू में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में वह 89 और 46 रन की पारियां खेलकर भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे।

वापसी करने के महज एक टेस्ट बाद ही अंतरिम प्रमुख शिव सुंदर दास की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने रहाणे को वेस्टइंडीज टेस्ट श्रृंखला के लिए फिर से उप कप्तान नियुक्त कर दिया। तो क्या इस भूमिका के लिए किसी अन्य खिलाड़ी जैसे शुभमन गिल को तैयार करना आदर्श नहीं होता तो इस पर गांगुली ने लंदन से कहा, "हां, मुझे भी ऐसा ही लगता है।" हालांकि उन्होंने रहाणे को उप कप्तान बनाने के फैसले को पीछे की ओर लिया हुआ कदम करार नहीं किया लेकिन उन्हें इस व्याख्यात्मक फैसला भी नहीं बताया। उन्होंने कहा, "मैं ऐसा नहीं कहूंगा कि यह पीछे की ओर उठाया गया कदम है। आप 18 महीने से बाहर हो, फिर आप एक टेस्ट खेलते हो और आपको उप कप्तान बना दिया जाता है। मुझे इसके पीछे की सोच प्रक्रिया समझ नहीं आयी। रविंद्र जडेजा भी टीम में है जो काफी लंबे समय टीम में हैं और टेस्ट मैचों में निश्चित ही खेलता है, वह एक उम्मीदवार है।" भारत के बेहतरीन टेस्ट कप्तानों में शुमार गांगुली ने कहा, "लेकिन 18 महीने बाद अचानक वापसी के बाद तुरंत ही उप कप्तान बना दिया जाना, मेरी समझ से बाहर है। मेरा यही कहना है कि चयन में निरंतरता और स्थिरता होनी चाहिए। भारतीय चयनकर्ताओं ने चेतेश्वर पुजारा जैसे कद के बल्लेबाज को बाहर करके बदलाव की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है और गांगुली चाहते हैं कि एक खिलाड़ी के साथ के साथ संवाद स्पष्ट होना चाहिए जो भारत के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेल चुका हो। उन्होंने कहा, "चयनकर्ताओं को उसके (पुजारा) बारे में स्पष्ट होना चाहिए था। क्या वे उसे टेस्ट क्रिकेट में और खिलाना चाहते हैं या फिर वे युवाओं के साथ जारी करना चाहते हैं, उसे इस बारे में बताया जाना चाहिए था। पुजारा जैसे कद के खिलाड़ी को आप टीम से बाहर, फिर अंदर और फिर बाहर, फिर अंदर नहीं कर सकते। ऐसा ही अजिंक्य रहाणे के साथ भी है।" ऐसा लगने लगा है कि टेस्ट क्रिकेट में टीम में जगह बनाने के लिए भी एक खिलाड़ी को आईपीएल में मजबूत प्रदर्शन करना चाहिए जैसा कि ऋतुराज गायकवाड़ ने किया। गांगुली हालांकि इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते। उन्होंने कहा कि सरफराज खान जैसे शानदार बल्लेबाज को खुद को साबित करने का मौका दिया जाना चाहिए था जो आईपीएल में अच्छा नहीं कर सके। गांगुली ने कहा, "मुझे लगता है कि यशस्वी जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी में काफी रन जुटाये हैं। मुझे लगता है कि इसलिये वह टीम में है। मुझे लगता है कि सरफराज खान को भी एक मौका दिया जाना चाहिए था, उसने भी पिछले तीन वर्षों में काफी रन बनाये हैं।" उन्होंने कहा, "ऐसा ही अभिमन्यु ईश्वरन के साथ भी है, जिन्होंने पिछले पांच से छह वर्षों में काफी रन जुटाये है। मैं हैरान हूं कि ये दोनों ही टीम में नहीं हैं लेकिन भविष्य में इन्हें मौका दिया जाना चाहिए। लेकिन यशस्वी जायसवाल का चयन अच्छा है।" वर्ष विश्व कप के स्थलों की पसंद पर गांगुली ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) दोनों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "इसका शानदार कार्यक्रम है और मैचों को अच्छे स्टेडियम में रखा गया है। बीसीसीआई और आईसीसी ने सही स्थलों पर सही मैच दिये हैं और मैं जानता हूं कि यह शानदार विश्व कप होगा।"



# राजस्थान में औसत से 137 प्रतिशत ज्यादा बारिश बरस चुकी है

## 28 जून तक 131.7 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है तथा पिछले साल इसी अवधि के दौरान केवल 47.80 मिलीमीटर बरसात हुई थी

- प्रदेश में सिर्फ चार जिले ऐसें हैं जहां अभी तक सामान्य से कम बारिश हुई है, जबकि राजस्थान में आधे से ज्यादा जिलों में हो भारी वर्षा चुकी है।
- बांसवाड़ा, झालावाड़ एवं प्रतापगढ़ में हल्की वर्षा हुई, यहां अभी भी बरसात की कमी है। इस बार प्रदेश का जैसलमेर एक मात्र ऐसा जिला है जहां अभी अल्प वर्षा ही हुई।

जयपुर 29 जून (वार्ता)। राजस्थान में बिपरजॉय तूफान के असर की बरसात के बाद मानसून की बरसात का दौर जारी है और अब तक आधे से भी ज्यादा जिलों में भारी वर्षा हो चुकी है और अब केवल चार जिलों में ही बरसात की कमी है।

मानसून के चलते गुरुवार को राजधानी जयपुर में अपराह्न करीब दो बजे जमकर बादल बरसे और सड़कों पर पानी का रैला चलने लगा। इस कारण शहर का यातायात प्रभावित हुआ। जयपुर के अलावा अन्य स्थानों पर भी बरसात हुई।

जल संसाधन विभाग के अनुसार प्रदेश में सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले चौबीस घंटो में आधा दर्जन जिलों के कई स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई है जिनमें टोंक जिले की निवाई में 111 मिलीमीटर बरसात हुई। इसी तरह जोधपुर के देचु में 107, सवाईमाधोपुर जिले के ढील में 98, जोधपुर के जसवन्तनगर में 80, कोटा के गांधीनगर में 73.6, पाली के मारवाड़ जंक्शन में 73, टोंक के बिसलपुर बांध क्षेत्र में 72, कोटा के सावन भादो में 70 एवं बाड़मेर एवं बाड़मेर ग्रामीण में 65-65 मिलीमीटर बरसात रिकॉर्ड की गई।

विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में गत 28 जून तक सामान्य औसत वर्षा 55.32 मिलीमीटर के मुकाबले 131.7 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है जो सामान्य से 137 प्रतिशत अधिक है जबकि गत वर्ष इस दौरान केवल 47.80 मिलीमीटर बरसात हुई।

प्रदेश में अब तक 17 जिलों अजमेर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, श्रीगंगानगर, जालौर, जोधपुर, नागौर, पाली, सवाईमाधोपुर, सिरोही एवं उदयपुर में असामान्य बरसात हो चुकी है तथा छह जिलों अलवर, चुरू, दौसा, जयपुर, झुंझुनूं एवं करौली में सामान्य से अधिक बारिश हुई वहीं तीन जिलों बांसवाड़ा, झालावाड़ एवं प्रतापगढ़ में हल्की वर्षा हुई जहां अभी बरसात की कमी है। इस बार प्रदेश का जैसलमेर एक मात्र ऐसा जिला है जहां अभी अल्प वर्षा ही हुई और वहां अब तक सामान्य वर्षा 22.50 मिलीमीटर की जगह केवल 3.50 मिलीमीटर बरसात हुई जो सामान्य से 84.4 प्रतिशत कम है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष इस दौरान केवल चार जिलों में ही असामान्य वर्षा हुई और 16 जिलों में वर्षा की कमी थी।

इस बार राज्य में जोधपुर संभाग के जैसलमेर जिले को छोड़कर संभाग के सभी जिलों में भारी वर्षा हो चुकी है।

## गुजरात में फैक्टरी की दीवार ढही, 4 बच्चों की मौत

अहमदाबाद, 29 जून। गुजरात के पंचमहल जिले में बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक बंद पड़ी फैक्ट्री की दीवार गिरने से 4 बच्चों की मौत हो गई है। इस हादसे में पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं।

गुजरात के पंचमहल में भारी बारिश के बाद दीवार गिरने से यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि इस बंद पड़ी फैक्ट्री के पास टेंट लगाकर कुछ लोग रह रहे थे। लेकिन भारी बारिश के बाद

- इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं।

अचानक फैक्ट्री की दीवार भरभराकर गिर पड़ी। हादसे में 4 बच्चों की मौत हो गई और 5 अन्य लोग घायल हो गए।

जिले के एसपी हिमांशु सोलंकी ने बताया कि पीड़ित परिवार मध्य प्रदेश के धार जिले के रहने वाले हैं। यह सभी यहां प्रवासी मजदूर थे। बंद पड़ी कैमिकल फैक्ट्री के पास एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम कर रहे थे। यह साइट हलोल तालुका के चंद्रपुरा गांव में स्थित है। मृतकों बच्चों का परिवार इस फैक्ट्री की दीवार के नीचे तंबू बना कर रहता था।

## राज्यपाल ने जेल भेजे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर रहे हैं और कानून व न्याय की प्रक्रिया में बाधा डाल रहे हैं। इसमें आगे कहा गयाहै कि प्रिवैन्शन ऑफ करप्शन एक्ट तथा इंडियन पीनल कोड के तहत राज्य पुलिस उनके खिलाफ कई अन्य केस भी चल रहे हैं। ऐसी आशंकाएं हैं कि मंत्री परिषद में बने रह कर वे कानून की प्रक्रिया एवं निष्पक्ष जांच पर विपरीत प्रभाव डालेंगे, जिससे राज्य की संवैधानिक मशीनरी टूट सकती है।''

राज्यपाल के एक्शन से एक बहस छिड़ गई है कि क्या राज्यपाल को ऐसे मंत्री को हटाने का अधिकार है जिसे जनता ने चुना हो। सामान्य रूप से राज्यपाल के पास अपने कोई अधिकार नहीं है, उसे ऐसे मुद्दों को सिर्फ मुख्यमंत्री और मंत्रिमण्डल की सलाह पर ही काम करना होता है। मंत्री के चयन, उन्हें पद पर बनाए रखने पर पद से हटाने पर राज्यपाल अनिवार्य रूप से निर्वाचित मुख्यमंत्री की सलाह माननी पड़ती है। क्योंकि मुख्यमंत्री को सदन का विश्वास प्राप्त होता है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने तुरंत प्रतिक्रिया दी कि कानून के तहत राज्यपाल को यह करने का अधिकार नहीं है, ''हम कोर्ट जाएंगे।'' संवैधानिक विशेषज्ञों ने भी मुख्यमंत्री की बात का समर्थन किया और केरल के ऐसे मामले का उदाहरण दिया, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य के वित्त मंत्री के.एन. बाल गोपाल पर से अपनी ''प्रसन्नता'' (प्लैज़र) को हटा लिया था पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने यह कह कर राज्यपाल की बात को खारिज कर दिया कि राज्यपाल को ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है।

द्रमुक (डी.एम.के.) प्रवक्ता पुहाज़ गांधी ने कहा कि ''राज्यपाल की कार्यवाही संघवाद और राज्य की स्वायतता पर हमला है और कुछ नहीं।''

## मुख्य सचिव...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दो वर्ष नई दिल्ली में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय में सचिव पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। वहीं जुलाई 2017 से अगस्त 2020 तक आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की डायरेक्टर भी रह चुकी हैं।

## 'इलाज में खर्च 10 लाख रू. ब्याज सहित लौटाए जाएं'

जयपुर, 29 जून (का.सं.)। जयपुर मेट्रो की स्थाई लोक अदालत ने हेल्थ पॉलिसी होते हुए भी अडेनोकार्सिनोमा कैंसर की बीमारी के इलाज पर खर्च राशि देने से इनकार करने को अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस करार देते हुए एच.डी.एफ.सी. अरगो जनरल इंश्योरेंस कंपनी पर 22 हजार रुपए हर्जाना लगाया है और विपक्षी कंपनी को निर्देश दिए हैं कि, परिवादी को बीमारी के इलाज पर खर्च हुए दस लाख रुपए, क्लेम खारिज करने की तारीख 14 नवंबर 2019 से भुगतान की तारीख तक तक 7 फीसदी वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करे। अदालत के अध्यक्ष हरविन्दर सिंह, सदस्य शंभू दयाल शर्मा व सीमा शार्दुल ने यह आदेश संजय चोपड़ा के परिवाद पर दिए।

स्थाई लोक अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर कहा कि, परिवादी को 1991 से लेकर 1997 तक बीमारियां हुई थीं और इलाज होने पर वह स्वस्थ हो गया था। इसके बाद उसने वर्ष 2011 से अतिरिक्त शुल्क देकर वर्ष 2020 तक लगातार हेल्थ पॉलिसी ली, तब वह बीमार नहीं था। वहीं मौजूदा बीमारी का पुरानी बीमारी से कोई संबंध नहीं है। ऐसे में इंश्योरेंस कंपनी परिवादी को इलाज पर खर्च हुई राशि देने से मना नहीं कर सकती।

- लोक अदालत ने यह आदेश देते हुए एच.डी.एफ.सी. की अरगो जनरल इंश्योरैंस कम्पनी पर 22,000 रू. का जुर्माना लगाया। लोक अदालत ने कहा हैल्थ पॉलिसी होने के बाद भी इलाज खर्च नहीं देना ''अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस'' है।

परिवाद में कहा गया कि, परिवादी ने विपक्षी कंपनी से लगातार रिन्यू कराने के बाद वर्ष 2019 से 2020 की अवधि के लिए हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी। इस दौरान उसे गले में निगलने में परेशानी हुई तो डॉक्टर्स को दिखाया। जांच में पता चला कि उसे अडेनाकार्सिनामा ऑफ ईसोफेगस बीमारी है। उसने मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल सहित जयपुर के दुर्लभजी हॉस्पिटल में इलाज कराया और जब 00कैशलैस सुविधा देने के लिए कहा तो इंश्योरेंस कंपनी ने मना कर दिया। वहीं, जब परिवादी ने इलाज पर खर्च हुई दस लाख रुपए की राशि मांगी तो इंश्योरेंस कंपनी ने यह कहते हुए मना कर दिया कि, उसे बीमारी पहले ही थी। परिवादी ने इसे स्थाई लोक अदालत में चुनौती दी। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बीमा कंपनी पर हर्जाना लगाते हुए इलाज में खर्च राशि लौटाने को कहा है।

## गहलोत के पैर में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चाहते हैं। जिस तरह से छत्तीसगढ़ में टी.एस. सिंहदेव को केन्द्रीय नेतृत्व के निर्णय व निर्देश पर राज्य का उपमुख्यमंत्री बनाया गया और मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसकी घोषणा की, यह भी एकदम अप्रत्याशित घटनाक्रम रहा। मुख्यमंत्री बघेल को कड़वा घूँट पीकर, छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संतुलन बनाने हेतु केन्द्रीय नेतृत्व के इस निर्णय को स्वीकार करना पड़ा।

राजस्थान में भी निकट भविष्य में चुनाव होने वाले हैं और नेतृत्व, पार्टी में सब कुछ व्यवस्थित करना चाहता है, लेकिन, गहलोत पूरी कोशिश कर रहे हैं कि उन्हें दिल्ली ना आना पड़े। राजस्थान के राजनीतिक परिदृश्य पर लंबे समय से नज़र रखे हुए एक वरिष्ठ नेता ने कहा, शायद नेतृत्व को ही जयपुर जाना पड़े, मुख्यमंत्री को झकझोरने और बाहर का रास्ता दिखाने के लिए।

## केन्द्रीय ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संसद के वापस मानसून सत्र से पूर्व मंत्रिमण्डल में फेरबदल को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री सोमवार को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की एक बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। यह बैठक यहां प्रगति मैदान में नव निर्मित कन्वेशन सेंटर में आयोजित होने की संभावना है। यह कन्वेन्शन सेंटर सितम्बर में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा। नड्डा के इस बैठक में भाग लेने के कारण राज्य स्तर सहित भाजपा संगठन और सरकार में बदलावों को लेकर क़यास लगाए जाने लगे, क्योंकि पार्टी इस साल के अंत में होने जा रहे महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिये तैयार हो रही है। गत कुछ दिनों में शाह, नड्डा तथा भाजपा महासचिव की बी.एल. संतोष ने संगठन एवं राजनीति संबंधी मुद्दों पर वार्ता के कई दौर किये हैं। इस साल के अंत में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिज़ोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## सरकार की उपलब्धियों को जनता ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा सूत्रों ने कहा ''कभी-कभी मतदाताओं में तटस्थ लोग ''सिंपैथाइज़र-इन्फ्लुएंसरों'' (किसी दल की ओर झुकाव रखने वाले इन्फेलुएंसर्स) से प्रभावित नहीं होते। अतः हमें ऐसे इन्फ्लुएंसर्स को ज़रूरत है जिनका सामाजिक जुड़ाव हो।'' भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रत्येक जिले में 100 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को तलाश करके मोदी सरकार के कार्यों का प्रचार करने के लिये संतुष्ट करने की प्रक्रिया में लगे हैं।

इन क़दमों के एक हिस्से के रूप में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस माह के शुरु में दिल्ली में 50 से अधिक यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स से मुलाक़ात की। राजस्थान में कन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भजन गायक अनिल नागौरी, मारवाड़ी नर्तकी शांति चौधरी तथा हास्य कलाकार गौतम पारीक से मुलाक़ात की।

इन सभी को विशाल सोशल मीडिया फॉलाइंग है। ऐसी ही संपर्क योजना पर मध्य प्रदेश में भी काम हो रहा है जहां चुनाव होने हैं।

भारत में 120 करोड़ ऐसे लोग शामिल हैं जिनके पास स्मार्टफोन हैं। प्रत्यक्षतः सरकार की सोच है कि जहां 2019 में वाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स ने भाजपा के उद्देश्य में सहायता की थी, 2024 में यू-ट्यूब भाजपा के लक्ष्य पाने में सहायक होगा।

## विपक्ष का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हैं। पूर्व में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषित किया था कि विपक्षी नेताओं को अगली बैठक 10 या 12 जुलाई को हिमाचल प्रदेश में शिमला में होगी। लेकिन अब उन्होंने इसके बजाय 13 और 14 जुलाई को बैंगलुरु में बैठक करने का फैसला किया है।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्कू ने पार्टी नेतृत्व को अवगत कराया था कि भारी वर्षा के कारण खराब मौसम, भूस्खलन के कारण बैठक का आयोजन करना कठिन होगा। इसके अलावा राज्य के लिए नियमित उड़ानें भी बाधित हो सकती हैं जिस कारण सबका समय पर शिमला पहुंचना भी कठिन हो सकता है।

विधानसभा चुनावों में फायदे के लिये कांग्रेस रणनीतिकार बैठक जयपुर में कराना चाहते थे लेकिन अंतिम निर्णय बैंगलुरु पर लिया गया। बैठक को तारीखें बंगाल की मुख्यमंत्री को समायोजित करने के लिये तय की गई हैं जो 14 जुलाई के बाद 10 दिनों के लिये उपलब्ध नहीं हैं। इस बात पर भी ध्यान दिया गया कि संसद का मानसून सत्र जुलाई के तीसरे सप्ताह में होना है जो पार्टी नेताओं का इस सम्मेलन में शामिल होने को मुश्किल बना सकता है।

## ''अजमेर 92'' फिल्म ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को सिर्फ और सिर्फ अजमेर दरगाह और चिश्ती समुदाय के लोगों से जोडक़र दिखाया जा रहा है। ट्रेलर देखने से लगता है कि, घटना अजमेर दरगाह में हुई है और इसके सभी आरोपी चिश्ती समुदाय के ही लोग हैं। जबकि, वास्तव में सच्चाई यह है कि, आरोपियों में से सिर्फ दो लोगों के सरनेम चिश्ती हैं। ऐसे में, 14 जुलाई को रिलीज हो रही इस फिल्म का सिनेमाघरों और ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शन रोका जाए।

याचिका में कहा गया है कि, फिल्म के रिलीज़ होने से पहले हाई कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जाए। जिसमें केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, याचिकाकर्ता और उसके वकील को शामिल किया जाए। यह कमेटी सुनिश्चित करे कि, फिल्म के दृश्यों और संवाद में दरगाह शरीफ को लेकर कोई अपमानजनक व आपत्तिजनक सामग्री नहीं दिखाई गई है। इसके साथ ही यह भी देखा जाए कि, फिल्म या उसके प्रमोशन में दरगाह, दरगाह की रस्मों और चिश्ती सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से संबंधित किसी भी चीज को गलत रूप से नहीं दिखाया गया है व दरगाह की छवि को धूमिल भी नहीं किया गया है। यह कमेटी सात दिन में अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश करे।

## राहुल गांधी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के विरूद्ध ''ट्राइबल सॉलिडेरिटी मार्च'' निकाला गया। हिंसा से पहले कुकी ग्रामीणों को आरक्षित वन भूमि से निकालने को लेकर छोटे-मोटे आंदोलन हुए। भाजपा ने सदा की तरह गांधी को गैर जिम्मेदाराना बताया। भाजपा नेता संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता पर हमला बोलते हुए कहा, ''यह दुखद है कि राहुल गांधी जिद के कारण मणिपुर जा रहे हैं। इस स्थिति में जिद की बजाय संवेदनशीलता अधिक आवश्यक है। पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी का व्यवहार बहुत गैर जिम्मेदाराना ही राहुल का जिम्मेवारी से कोई संबंध नहीं है।







1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid | 360 View Camera | Head Up Display | NEXTre' Rear Combination Lights | In-Built Suzuki Connect | Wireless Charger

VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP OR LOG ON TO WWW.NEXAEXPERIENCE.COM TO BOOK YOUR TEST DRIVE.

**CONTACT YOUR NEAREST NEXA DEALER: JAIPUR: NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908